आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.56
सूर्यास्त 06.27

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया 12:00 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

रविवार, 5 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 224, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 5 रुपये




असली अपराधी बच निकले, निर्दोषों को परेशान कर रही एनआईए : ममता बनर्जी - 12



ईंधन पर्याप्त : 46 हजार टन एलपीजी लेकर होर्मुज के पार आया ग्रीन सानवी - 12



भारत वैश्विक संकट के बीच में मजबूती से उभरा और इसका डटकर मुकाबला किया : जयशंकर - 13



गेंदबाजों के कमाल और रिजवी की पारी से दिल्ली ने मुंबई को हराया - 14

# कानपुर में भीषण तूफान, 3 की मौत

## पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम खराब, 37 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी | सैकड़ों पेड़ व बिजली के खंभे-तार टूटे, कई जगह जलभराव, भीषण जाम में फंसे लोग

- कन्नौज, इटावा, औरैया, चित्रकूट, कानपुर देहात में भी आंधी-बारिश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** कानपुर में शनिवार शाम आए भीषण आंधी-तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। भयंकर आंधी के साथ ओले गिरने से शहर भर में आफत रही। काकादेव में आटो पर पेड़ गिरने से चालक और एक महिला की मौत हो गई। गुजैनी में जलभराव में बाइक फिसलने से एक युवक की जान चली गई। पेड़ गिरने से दो लोग घायल हो गए। तूफान से सैकड़ों पेड़ व होर्डिंग उखड़ गईं और रास्ते बंद हो गए।

दर्जनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। बिजली के सैकड़ों पोल भी उखड़ गए जिससे पूरा शहर देर रात तक अंधेरे में डूबा रहा। कई स्थानों पर सड़कें धंस गईं। पूरे शहर में भीषण जाम लगा। गलियों में भी वाहन फंसे रहे। शाम साढ़े छह बजे आफिसों से निकले लोग रात 9 बजे तक भी घरों को नहीं पहुंच सके। कन्नौज, इटावा और औरैया में भी आंधी के साथ बारिश हुई। औरैया में पेड़ गिरने से यातायात थोड़ी देर के लिए बाधित हुआ। चित्रकूट में आंधी के बाद तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ और फसलों को नुकसान पहुंचा। कानपुर देहात में भी बारिश के साथ ओले गिरे जिससे फसलों को नुकसान हुआ। फर्रूखाबाद में भी बारिश हुई।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम खराब हुआ। शाम 5 बजे 37 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं तेज हवाओं ने होर्डिंग, पोल, पेड़ सहित अन्य को क्षतिग्रस्त कर दिया। जोरदार आंधी के साथ मूसलाधार बारिश और ओले गिरे। करीब दो घंटे में 21 मिमी बारिश दर्ज की गई। काकादेव स्थित कुलवंती हॉस्पिटल के पास भारी भरकम पुराना पेड़ ई-ऑटो पर गिर गया। 30 वर्षीय सोनू निषाद व सवारी 62 वर्षीय जमुना देवी की मौत हो गई। जमुना देवी की बेटी ज्योत्सना भी घायल हो गईं। वहीं गुजैनी हाईवे पर जलभराव में बाइक सवार 40 वर्षीय नरेंद्र फिसल कर गिर गया, जिसे पीछे से आए ट्रक ने रौंद दिया। बारिश की वजह से शहर में कई स्थानों पर जलभराव हुआ। सीसामऊ नाला उफनाने की वजह से ग्वालटोली और वीआईपी रोड जलभराव में डूब गई।

### अंधेरे में डूबा शहर, जनजीवन प्रभावित



कानपुर में काकादेव में कुलवंती अस्पताल के पास तूफान में विशाल पेड़ उखड़कर ऑटो पर गिर गया। जिससे चालक और एक महिला की मौत हो गई। ● अमृत विचार



कार पर गिरा बिजली का पोल।

### यातायात व्यवस्था ध्वस्त

तूफान व जलभराव के चलते पूरे शहर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो गई। पेड़ गिरने से गोविंदपुरी का पुराना पुल बंद हो गया जिससे उत्तर दक्षिण के मध्य यातायात का संपर्क टूट गया। इससे भीषण जाम लगा। उत्तर-दक्षिण को जोड़ने वाले सभी पुल जाम रहे। जरीब चौकी, डिप्टी पड़ाव, कोपरगंज, लाटूश रोड आदि क्षेत्रों से रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग जाम में फंसे रहे जिससे हजारों यात्री रेलवे स्टेशन नहीं पहुंच सके। आजकल मुस्लिम समुदाय में जबरदस्त सहालग चल रही है, घनी आबादी में गेस्ट हाउस ज्यादातर खुले आसमान के नीचे हैं, जहां रात में बारात आनी थी। वहां अफरातफरी मची रही क्योंकि पंडाल धराशाई हो गये।

# ईरान के बुशहर परमाणु संयंत्र के पास हमला, रेडिएशन का खतरा

काहिरा/तेहरान, एजेंसी

पश्चिम एशिया जंग जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे इसका खतरा और दायरा भी बढ़ता जा रहा है। ईरान के बुशहर परमाणु प्लांट पर शनिवार को हमला हुआ। प्लांट के पास एक प्रोजेक्टाइल गिरा, जिसमें एक गार्ड की मौत हो गई और इमारत को भी नुकसान पहुंचा है। परमाणु प्लांट पर हुए इस हमले से रेडिएशन का भी खतरा बढ़ गया है। युद्ध के दौरान इस संयंत्र को चौथी बार निशाना बनाया गया है।

बुशहर परमाणु प्लांट पर हुए हमले के बाद रेडियोएक्टिव रिसाव के खतरे को लेकर ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर रेडियोएक्टिव रिसाव हुआ तो इसका असर केवल तेहरान तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि खाड़ी देशों की राजधानियों पर पड़ेगा। अराघची ने अमेरिकी मीडिया पर शांति वार्ता को लेकर ईरान के रुख को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया।

वहीं, ईरान द्वारा अमेरिकी लड़ाकू विमान को मार गिराए जाने के बाद लापता हुए पायलट की तलाश अमेरिका ने शनिवार को तेज कर दी। ईरान ने भी लोगों से पायलट के बारे में जानकारी देने का आह्वान किया और इनाम का वादा किया। ईरान ने अमेरिका के 'एफ-15ई स्ट्राइक ईगल' नामक लड़ाकू विमान सहित दो विमानों को शुक्रवार को मार गिराने का दावा किया था। इस दौरान एक अमेरिकी सैन्यकर्मी को बचा लिया गया और एक पायलट अब भी लापता है। ईरान द्वारा दो लड़ाकू विमानों को मार गिराने के किए गए दावे पर व्हाइट हाउस व पेंटागन ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

वहीं, विदेश में रहकर ईरान के इस्लामी शासन के खिलाफ मुखर तरीके से आवाज उठाने वाले कई लोगों ने बताया है कि युद्ध के बीच उनके देश की सरकार निर्वासित नेताओं के परिवार के सदस्यों को हिरासत में ले रही है और उनकी संपत्ति जब्त करने की धमकी दे रही है। तेहरान ने संघर्षविराम के बदले परमाणु कार्यक्रम के अधिकार के सम्मान की मांग की।



- ईरानी विदेश मंत्री बोले- रेडिएशन फैला तो खाड़ी देशों में भी जीवन को खतरा
- प्लांट के एक कर्मचारी की मौत, चौथी बार संयंत्र पर हुआ हमला
- ईरान ने दो अमेरिकी विमानों को गिराया चालक दल का एक सदस्य लापता

### ईरान में फंसे मछुआरे आर्मेनिया के रास्ते आ रहे : भारत

नई दिल्ली। ईरान में फंसे भारतीय मछुआरों का एक समूह आर्मेनिया के रास्ते स्वदेश लौट रहा है। केंद्र सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारतीय नागरिकों की वापसी में सहायता के लिए आर्मेनिया के अपने समकक्ष अरारत मिर्जोयान का आभार जताया। पश्चिम एशिया में एक महीने पहले शुरू हुए संघर्ष के बाद से अब तक 1,150 से अधिक भारतीय नागरिकों आर्मेनिया और अजरबैजान के जमीनी रास्ते से ईरान छोड़ा है।



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, अपराध से आदर्श मार्ग पर मुड़ते कारागार के कैदी व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

### ब्रीफ न्यूज

#### दिल्ली में 400 रुपये के लिए युवक की हत्या, तीन नाबालिग पकड़े गए

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर दिल्ली के दयालपुर इलाके में 400 रुपये को लेकर हुए विवाद के बाद 26 वर्षीय एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या किए जाने के मामले में तीन नाबालिगों को पकड़ा गया है। एक अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान 'न्यू मुस्तफाबाद' निवासी कैफ के रूप में हुई है। उस पर उसके परिचित लोगों ने शुक्रवार शाम हमला किया था। उन्होंने बताया कि कैफ को जेपीसी (जग प्रवेश चंद्र) अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है।

# कांग्रेस के भड़काऊ बयानों से खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों की जान को खतरा : मोदी

तिरुवल्ला (केरल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के संबंधों में तनाव पैदा करने के उद्देश्य से भड़काऊ बयान देने का आरोप लगाया, ताकि उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाया जा सके और इस तरह राजनीतिक फायदा प्राप्त किया जा सके। कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि वे केवल चुनाव जीतने के बारे में ही चिंतित हैं।

मोदी ने यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की रैली में कहा, मैं यह बात स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि चुनाव आते-जाते रहेंगे, लेकिन भारतीयों की सुरक्षा, विशेष रूप से पश्चिम एशिया में रहने वाले केरल के लोगों की सुरक्षा, मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है और मैं इसे सुनिश्चित करूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि खाड़ी देशों में काम करने और रहने वाले केरल के लाखों लोगों के अलावा, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण गोवा, तमिलनाडु और अन्य राज्यों के मछुआरे ईरान और पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में फंसे हुए हैं। मोदी ने कहा, हम उन्हें सुरक्षित वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को इसकी कोई परवाह नहीं है। कांग्रेस ऐसे बयान दे रही है, जिनसे पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के संबंधों में तनाव पैदा होने का खतरा है और अनावश्यक दहशत फैलाई जा रही है। यह सब सिर्फ मुझ पर राजनीतिक हमले करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा, उन्हें सिर्फ राजनीति और सत्ता की परवाह है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस को भारत की जनता की कोई परवाह नहीं है।



- प्रधानमंत्री बोले- पश्चिम एशिया को लेकर दिए गए बयानों पर कांग्रेस को जनता और देश से मांगनी चाहिए माफी

### गैरजिम्मेदाराना बयान देने का यह समय नहीं

मोदी ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस नेताओं से कई बार कहा है कि इस तरह के गैरजिम्मेदाराना बयान देने का यह समय नहीं है, क्योंकि खाड़ी क्षेत्र में रहने वाले लाखों भारतीय भाइयों और बहनों की सुरक्षा भारत की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, केरल के लाखों निवासी इस क्षेत्र में काम करते हैं, फिर भी कांग्रेस नेताओं के गैरजिम्मेदाराना बयान उनकी सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं। मैं कांग्रेस नेताओं से आग्रह करता हूं कि वे ऐसे बयान देने से बचें, जिनसे पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की जान को खतरा हो सकता है। हमारी सरकार के खाड़ी देशों के साथ मजबूत संबंध ही इन कठिन समय में हमारे लोगों की रक्षा करने में मददगार साबित हो रहे हैं।

# कार के कुएं में गिरने से एक ही परिवार के 9 लोगों की गई जान

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक कार के कुएं में गिरने से एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। मरने वालों में छह बच्चे भी शामिल हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना शुक्रवार रात करीब 10 बजे डिंडोरी कस्बे के शिवाजी नगर इलाके में हुई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना में बच्चों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्रों में खुले कुओं की तत्काल सुरक्षा जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस के अनुसार, ये सभी लोग इलाके में एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे, तभी उनकी कार कार्यक्रम स्थल के पास ही स्थित एक कुएं में गिर गई। नासिक के जिलाधिकारी को घटना की जांच करने और जांच रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा गया है।

- नासिक में हुआ हादसा, जान गंवाने वालों में छह बच्चे जांच के आदेश

### भारी बर्फबारी



मनाली के रोहतांग स्थित अटल सुरंग के दक्षिणी पोर्टल पर भारी हिमपात के कारण लगभग 1000 वाहन और 5000 से अधिक पर्यटक बर्फ में फंस गए। ● एजेंसी

# वैध पहचान पत्र दिखाकर मिलेगा 5 किलो का सिलेंडर

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने प्रवासी मजदूरों और छात्रों को राहत देते हुए उनकी रसोई गैस की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कहा है कि वे वैध पहचान पत्र दिखाकर एलपीजी वितरक से सिलेंडर ले सकते हैं इसके लिए उनके पास पते का प्रमाण पत्र होना जरूरी नहीं है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के मद्देनर सरकार पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, और लोग पेट्रोल और डीजल की घबराहट में खरीदारी तथा एलपीजी की अनावश्यक बुकिंग से बचें। पीएनजी को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है और पिछले महीने से अब तक 3.5 लाख से अधिक पीएनजी कनेक्शनों में गैस आपूर्ति शुरू की गई है। सोमवार से उर्वरक संयंत्रों को गैस आपूर्ति छह माह की औसत खपत के 90 प्रतिशत तक बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहयोग से एलपीजी जमाखोरी और काला बाजारी पर कार्रवाई जारी है और शुक्रवार को 3700 से अधिक छापे मारे गए। वहीं, समुद्री जहाज ग्रीन सानवी 46,650 टन एलपीजी कार्गो लेकर होर्मुज पार कर चुका है।



- सरकार ने कहा- देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार
- प्रवासी मजदूरों और छात्रों को राहत के लिए उठाया कदम

### एलपीजी वितरकों पर किसी भी प्रकार की कमी की सूचना नहीं

सरकार का कहना है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी आपूर्ति प्रभावित हुई है इसके बावजूद, एलपीजी वितरकों पर किसी भी प्रकार की कमी की सूचना नहीं है। शुक्रवार को लगभग 51 लाख घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए। सरकार ने संकट-पूर्व स्तर के 70 प्रतिशत तक कुल वाणिज्यिक आवंटन करने का निर्णय लिया है, जिसमें 10 प्रतिशत सुधार आधारित आवंटन शामिल है। शुक्रवार को 71,000 से अधिक 5 किलोग्राम एफटीएल सिलेंडर बेचे गए और अब तक 5.7 लाख 5 किग्रा एफटीएल सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। पांच किग्रा सिलेंडर निकटतम एलपीजी वितरकों के पास उपलब्ध हैं और किसी भी वैध पहचान पत्र के जरिये खरीदे जा सकते हैं।

# 'विकसित यूपी@2047' विजन के तहत शहरी क्षेत्रों के विकास का रोडमैप तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप्र. के दीर्घकालिक विकास के लिए 'विकसित यूपी@2047' विजन के अनुरूप शहरी क्षेत्रों के विकास का रोडमैप तैयार किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश के शहरों को आत्मनिर्भर, समावेशी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सक्षम बनाना है।

रोडमैप के तहत शहरों में 'लिवेबल सिटीज मिशन' लागू किया जाएगा, जिसके अंतर्गत नागरिकों को घर से केवल 15 मिनट की दूरी पर स्वास्थ्य, शिक्षा, बाजार जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना लक्ष्य है। इससे जीवन स्तर में सुधार होगा और समय व ऊर्जा की बचत होगी। लखनऊ को राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। इसके साथ ही प्रदेश में क्षेत्रीय आर्थिक केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जो निवेश और रोजगार के प्रमुख हब के रूप में काम करेंगे। मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम विकसित किया जाएगा, जिसमें मेट्रो, रैपिड रेल, इलेक्ट्रिक बसें और स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली शामिल होगी।

- लागू होगा 'लिवेबल सिटीज मिशन' घर से 15 मिनट की दूरी पर सभी आवश्यक सुविधाएं जुटाने का लक्ष्य
- यूपी में होगा आत्मनिर्भर, समावेशी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी शहरों का विकास

### पर्यावरण संरक्षण और 'स्पंज सिटी' पहल

जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए 'स्पंज सिटी' पहल को बढ़ावा दिया जाएगा। इसमें वर्षा जल संचयन, तालाबों का पुनरुद्धार और प्राकृतिक जल निकासी तंत्र का संरक्षण शामिल है। साथ ही अपशिष्ट-से-ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर शून्य-लैंडफिल शहरों का लक्ष्य पूरा किया जाएगा। आर्थिक रूप से कमजोर और निम्न आय वर्ग के लिए आवास योजनाओं को तेज किया जाएगा। मिश्रित भूमि उपयोग और योजनाबद्ध शहरीकरण के माध्यम से सभी वर्गों के लिए बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित किया जाएगा।

जागरूकता | वाराणसी में मुख्यमंत्री ने शुरू किया 'स्कूल चलो अभियान', स्कूली बच्चों से किया संवाद

# भविष्य गढ़ने की जिम्मेदारी ईश्वर ने सिर्फ शिक्षकों को दी : योगी

- वर्ष 2017 के पहले ड्रॉप आउट रेट 19 फीसदी था, अब यह महज तीन फीसदी रह गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को वाराणसी के कंपोजिट विद्यालय, शिवपुर (वरुणापार जोन) से नए शैक्षणिक सत्र के लिए 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ किया। उन्होंने समाज के हर वर्ग-शिक्षकों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से आह्वान किया कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से छूटने न पाए।

योगी ने कहा कि शिक्षा सबसे पवित्र कार्य है और हर बच्चे को शिक्षित करना समाज व राष्ट्र की समृद्धि के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जब एक बच्चा साक्षर होता है, तो समाज सशक्त और राष्ट्र समृद्ध होता है, जबकि निरक्षरता गरीबी और पिछड़ेपन को जन्म देती है। भविष्य गढ़ने की जिम्मेदारी ईश्वर ने केवल शिक्षकों को दी है। शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का आधार है। पिछले नौ वर्षों में बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में लगभग 60 लाख नए बच्चों को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले ड्रॉपआउट दर 19 प्रतिशत थी, जो अब घटकर मात्र तीन प्रतिशत रह गई है। लक्ष्य इसे शून्य तक लाना है।



**वाराणसी :** स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ अवसर पर एक बच्ची को स्कूल बैग, किताब व उपहार देते मुख्यमंत्री योगी।

### 'घर-घर दस्तक' का आह्वान

मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से एक से 15 अप्रैल तक 'स्कूल चलो अभियान' के तहत घर-घर जाकर बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यालय खुलने से पहले गांव-मोहल्लों में जाकर अभिभावकों से संवाद करें और सुनिश्चित करें कि कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। योगी ने कहा कि राज्य सरकार अब स्कूली शिक्षा पर 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर रही है। इस धनराशि का प्रभाव भी दिखाई देना चाहिए। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 1.36 लाख से अधिक विद्यालयों को बुनियादी सुविधाओं से लैस किया गया है, जिसकी सराहना नीति आयोग ने भी की है।

### बदली स्कूलों की तस्वीर

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले विद्यालयों में शौचालय, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव था, जिसके कारण बच्चे स्कूल नहीं जाते थे। अब सभी विद्यालयों में इन सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। साथ ही बच्चों को यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, बैग और किताबें निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। सीएम ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार और चरित्र निर्माण का आधार है। उन्होंने चित्रकूट के जिलाधिकारी की पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने बच्चे का प्रवेश आंगनबाड़ी केंद्र में कराया, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है।



वाराणसी :' स्कूल चलो अभियान' की शुरुआत के मौके पर बच्चों को मिड डे मील परोसते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

# योगी ने परोसा मिड डे मील, बच्चों से बोले- रोज स्कूल आना

## मुख्यमंत्री ने बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य पुस्तकें व उपहार दिए, वाराणसी के पांच निपुण विद्यालय पुरस्कृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार :** योगी आदित्यनाथ ने 'स्कूल चलो अभियान' के शुभारंभ अवसर पर शनिवार को शिवपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में बच्चों के बीच पहुंचकर मिड-डे मील परोसा और उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री के आत्मीय व्यवहार से बच्चे उत्साहित दिखे और मुस्कुराते हुए उनका अभिवादन किया।

मुख्यमंत्री ने बच्चों को अपने हाथों से भोजन परोसते हुए कहा कि वे प्रतिदिन स्कूल आएं और मन लगाकर पढ़ाई करें। बच्चों ने भी सिर हिलाकर उनकी बात का समर्थन किया और मासूमियत से हाथ जोड़कर प्रणाम किया। इस दौरान उनके साथ मौजूद मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों ने भी बच्चों को भोजन परोसने में सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने नए शैक्षणिक सत्र के लिए बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य पुस्तकें, किट, उपहार और चॉकलेट वितरित किए। मंच पर विभिन्न कक्षाओं के चयनित छात्र-छात्राओं को ये सामग्री प्रदान की गई। बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी और उनकी सहज मुस्कान ने कार्यक्रम को भावनात्मक स्पर्श दिया।

सीएम योगी ने जिले के पांच निपुण विद्यालयों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच निपुण विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देना और अन्य विद्यालयों व विद्यार्थियों को प्रेरित करना है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों ने 'शैक्षिक नवाचार एवं उपलब्धियां' पुस्तिका का विमोचन किया। साथ ही 'स्कूल चलो अभियान' पर आधारित एक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया, जिसमें शिक्षा के महत्व और सरकारी प्रयासों को दर्शाया गया।

### काशी कोतवाल और बाबा विश्वनाथ के किए दर्शन

अमृत विचार, लखनऊ/वाराणसी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह 'काशी कोतवाल' के रूप में विख्यात काल भैरव के दरबार में माथा टेका। तत्पश्चात वे श्रीकाशी विश्वनाथ धाम पहुंचे, जहां गर्भगृह में प्रवेश कर उन्होंने लोकमंगल की कामना के साथ षोडशोपचार पूजन-अभिषेक और आरती भी की। दर्शन के बाद मुख्यमंत्री ने आसपास के दुकानदारों और बच्चों से भी संवाद किया और उनका कुशलक्षेम जाना। बच्चों को उन्होंने उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, अनिल राजभर, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल, राज्य मंत्री संदीप सिंह तथा विधायक नीलकंठ तिवारी, सुशील सिंह और अवधेश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी दर्शन-पूजन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### पॉलीटेक्निक संस्थानों में प्रवेश शुरू, आवेदन 30 तक मांगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के पॉलीटेक्निक संस्थानों में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए सत्र 2026-27 में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन www.jeecup.admissions.nic.in पर कर सकते हैं। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उप्र. के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 300 रुपये है, जबकि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए यह शुल्क 200 रुपये निर्धारित किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 है। प्रवेश के लिए केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे, अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी परिषद की वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थियों की सहायता के लिए दूरभाष नंबर 0522-2630106, 2630695, 2630667, 2636589 पर संपर्क किया जा सकता है।

### यूपीईएसएससी की परिचर्चा में मिशन कर्मयोगी पर जोर

**अमृत विचार, प्रयागराज/लखनऊ :** उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज (यूपीईएसएससी) के 'साधना सप्ताह' में परिचर्चा के दौरान अधिकारियों ने संकल्प लिया कि निर्धारित समय-सीमा में अधिक से अधिक पाठ्यक्रम पूरा करेंगे। 2 से 8 अप्रैल तक आयोजित साधना सप्ताह में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को न्यूनतम 4 घंटे के पाठ्यक्रम पूर्ण करना अनिवार्य है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार के नेतृत्व में शनिवार को 'साधना सप्ताह' के दौरान अधिकारी और कर्मचारी परिचर्चा कर रहे थे। साधना सप्ताह में एआई से संबंधित तीन पाठ्यक्रमों को पूरा करने वाले अधिकारी 'एआई दक्षता बैज' और आईजीओटी मार्केटप्लेस के कम से कम एक पाठ्यक्रम पूरा करने पर 'कर्मयोगी उत्कर्ष बैज' प्राप्त करेंगे। परिचर्चा में मिशन कर्मयोगी के माध्यम से डिजिटल दक्षता, कार्य कुशलता और कौशल उन्नयन पर विशेष जोर दिया गया। आयोग ने यह भी घोषणा की कि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी कार्मिकों की दक्षता और क्षमता को मजबूत बनाकर प्रदेश के प्रशासनिक सुधार में योगदान देना है।

### ओडीओपी योजना से आत्मनिर्भर बन रहे युवा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से अग्रसर है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवा उद्यमियों को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रही है। इसके तहत 'एक जनपद-एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना युवाओं के लिए अवसरों का मजबूत आधार बनकर उभरी है। जिला इटावा के रामगंज निवासी जैनुल आबदीन ने इस योजना के माध्यम से अपने फैशन और टेक्सटाइल कारोबार की नींव रखी। जैनुल को वर्ष 2025 में जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 10 लाख रुपये का ऋण मिला । इसके सहारे उन्होंने मैक्सी और कुर्ती जैसे परिधानों का निर्माण शुरू किया। आज उनकी यूनिट से हर महीने लगभग 50 हजार रुपये की शुद्ध आमदनी हो रही है। जैनुल ने खुद के अलावा 4 से 6 अन्य लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराया। ओडीओपी योजना के तहत प्रति जिले की विशिष्ट ओडीओपी इकाइयों को 6.25 लाख से 20 लाख रुपये तक की मार्जिन मनी सहायता दी जाती है।

# आतंकियों की पुलिस रिमांड मंजूर

## साजिश नाकाम करते हुए एटीएस ने चार आरोपियों को लखनऊ से किया था गिरफ्तार



साकित उर्फ डेविल



लोकेश उर्फ पपला



विकास गहलावत उर्फ रौनक



अरबाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** एटीएस ने गुरुवार देर रात को चार आतंकियों को लखनऊ के चारबाग स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आतंकी साकिब उर्फ डेविल, अरबाब, गौतमबुद्धनगर छपरौला स्थित राम विहार का विकाश गहलावत उर्फ रौनक और लोकेश उर्फ पपला पंडित उर्फ बाबू उर्फ संजू मेरठ और गौतमबुद्धनगर के रहने वाले हैं। चारों ने पाकिस्तानी हैंडलर्स के निर्देश पर देश के प्रमुख स्थानों रेलवे स्टेशनों, रेलवे ट्रैक पर लगे सिग्नल बॉक्स व वाहनों को उड़ाने की साजिश रची थी। एटीएस ने चारों से पूछताछ के लिए कोर्ट में पुलिस कस्टडी रिमांड डाली थी। जिस पर सुनवाई करते हुए एटीएस के न्यायाधीश जैनेंद्र कुमार पांडेय ने पांच दिन की रिमांड मंजूर कर दी है। एटीएस आरोपियों को रविवार 5 अप्रैल की सुबह 10 बजे से 9 अप्रैल की शाम छह बजे तक पूछताछ कर सकेगी।

- **देश के प्रमुख स्थानों, रेलवे ट्रैक के सिग्नल बॉक्स और वाहनों को उड़ाने की रच रहे थे साजिश**

एटीएस ने आरोपियों से पूछताछ के लिए कोर्ट में दस दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड की अर्जी डाली थी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए शनिवार की तारीख दी थी। शनिवार को आरोपियों को जेल से कोर्ट में पेश किया। सुनवाई के बाद रिमांड अर्जी स्वीकार कर ली गई। एटीएस के मुताबिक, कुछ भारतीय व्यक्तियों का एक गिरोह है, जो पाकिस्तानी हैंडलरों के लगातार संपर्क में है। पूरा गिरोह सोशल मीडिया पर संचालित हो रहा है। इसी के माध्यम से देश विरोधी गतिविधियों को संचालित की जा रही है। साथ ही प्रमुख भवनों एवं राजनैतिक व्यक्तियों की रेकी कर उनकी डिटेल जुटा रही है। इसके बाद सभी जानकारी पाकिस्तानी हैंडलरों को उपलब्ध कराना है। एटीएस ने कोर्ट के सामने आरोपियों के पास से मिले इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का डाटा परीक्षण कराने, किन स्थानों की रेकी की गई है। इस बारे में जानकारी हासिल करना है। साथ ही आरोपियों के बैंक खातों की जांच की जाएगी। रेकी किये गये स्थानों को चिह्नित किया जाएगा। उनके सुरक्षा के बंदोबस्त किये जाएंगे।

# असमय बारिश पर किसानों को 24 घंटे में मुआवजा देने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में शनिवार को हो रही असमय बारिश से प्रभावित किसानों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे तुरंत प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर फसलों के नुकसान का आकलन करें और किसानों को जल्द राहत दिलाएं।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनहानि, पशुहानि और घायलों को हर हाल में 24 घंटे के भीतर मुआवजा दिया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

- **मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों से मौके पर जाकर नुकसान का आकलन करने को कहा**

सीएम योगी ने कहा कि राजस्व, कृषि विभाग और बीमा कंपनियां मिलकर फसल नुकसान का संयुक्त सर्वे करें, ताकि प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा मिल सके। उन्होंने प्रमुख सचिव (कृषि) और राहत आयुक्त को भी निर्देशित किया कि वे फील्ड अधिकारियों से लगातार समन्वय बनाए रखें और सभी सूचनाएं समय पर शासन तक पहुंचाएं।

**किसान भी उपलब्ध कराएं जानकारी :** मुख्यमंत्री ने किसानों से भी अपील की है कि वे अपनी फसल के नुकसान की जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराएं। जिन किसानों ने फसल बीमा कराया है, वे 72 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर 14447 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। क्योंकि बीमा अंतर्गत यदि फसल कटकर खलिहान में रखी हो और इसका नुकसान हुआ हो तो यह फसल 14 दिन तक बीमा से कवर्ड है। उन्होंने कहा कि सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी अन्नदाता को नुकसान का सामना न करना पड़े।

# भाजपा में कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकतः पंकज चौधरी

राज्य ब्यूरो, महराजगंज/लखनऊ

**अमृत विचार:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति है, जो पार्टी की विचारधारा और सेवा भाव को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाता है।

प्रदेश अध्यक्ष शनिवार को महाराजगंज में अभियान शुरू करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और नेतृत्व विकास का माध्यम है। भाजपा को अन्य दलों से अलग बताते हुए उन्होंने कहा कि यह पार्टी "राष्ट्र प्रथम, संगठन सर्वोपरि और अंत्योदय" के सिद्धांतों पर कार्य करती है।

- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान की शुरुआत**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी।

पंकज चौधरी ने कहा कि पार्टी की वैचारिक नींव डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महापुरुषों ने रखी, जिनके विचार आज भी भाजपा की कार्यशैली का आधार हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने विकास, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने धारा 370 हटाने, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक समाप्ति, आयुष्मान भारत और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं को बड़ी उपलब्धियां बताया।

# इजरायल से सकुशल लौटे अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** युद्धग्रस्त इजरायल में फंसे अंबेडकरनगर के युवक अखिलेश कुमार को सुरक्षित स्वदेश वापस लाया गया है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश और जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की त्वरित पहल से यह संभव हो सका। युवक को जॉर्डन के रास्ते भारत लाया गया, जिसके बाद वह सकुशल अपने घर पहुंच गया।

अकबरपुर निवासी अखिलेश कुमार रोजगार के लिए इजरायल गए थे, लेकिन वहां संघर्षपूर्ण हालात और नियोक्ता के असहयोग के कारण मानसिक रूप से परेशान हो गए। खुद लौट पाने में असमर्थ होने पर उनकी पत्नी किरण देवी ने 25 मार्च को जनता दर्शन में जिलाधिकारी से मिलकर मदद की गुहार लगाई थी।



स्वदेश लौटे अखिलेश कुमार।

अखिलेश कुमार ने बताया कि कठिन समय में सरकार और प्रशासन के प्रयासों से ही उनकी सुरक्षित वापसी संभव हो सकी।

### प्रशासन की सक्रियता से बनी राह

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल शासन को अवगत कराया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उच्च स्तर पर प्रयास शुरू हुए और भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के माध्यम से इजरायल व जॉर्डन स्थित भारतीय दूतावासों से समन्वय स्थापित किया गया। इजरायल के हवाई अड्डे बंद होने के कारण वैकल्पिक योजना के तहत अखिलेश को पहले तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास लाया गया, वहां से स्थल मार्ग से जॉर्डन सीमा तक पहुंचाया गया। जॉर्डन प्रशासन के सहयोग से उन्हें राजधानी अम्मान पहुंचाया गया।

# खेत में ड्रोन गिरने पर सपा ने सरकार को घेरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/इटावा

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि युद्ध के माहौल में अचानक इटावा जिले के सैफई क्षेत्र के नंदपुर गांव में एक बड़ा ड्रोन गिरने से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। ड्रोन गेहूं के खेत में गिरा, जिससे आसपास के लोग घबरा गए।

सपा प्रमुख ने शनिवार को सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर यह किसी सरकारी परीक्षण या प्रयोग का हिस्सा था तो नागरिकों को पहले से सूचना देनी चाहिए थी। चेताया कि यदि यह ड्रोन किसी बस्ती पर गिरता तो जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता था। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस मामले की पूरी जांच की जाए और किसान को खेत में हुई आर्थिक हानि और मानसिक आघात का उचित मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा, भविष्य में ऐसे सभी परीक्षण केवल निर्जन क्षेत्रों में ही किए जाएं।

अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के तहत कोई भी परीक्षण सफल नहीं हो पाता। इस घटना ने स्थानीय किसानों और ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

# बाबू जगजीवन राम के विचार आज भी प्रासंगिकः मीरा कुमार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने कहा कि बाबू जगजीवन राम का जीवन संघर्ष, सामाजिक न्याय और समता की मिसाल है। आज के दौर में जब समाज में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, तब उनके विचार हमें "पहले आप" की संस्कृति और समावेशी सोच की प्रेरणा देते हैं।

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष एवं बाबू जगजीवन राम की पुत्री मीरा कुमार शनिवार को उप्र. कांग्रेस मुख्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह में संबोधित कर रही थीं।

- **पूर्व उप प्रधानमंत्री की जयंती की पूर्व संध्या पर गोष्ठी आयोजित**

उन्होंने छुआछूत और ऊंच-नीच की मानसिकता को समाज के लिए घातक बताते हुए इससे ऊपर उठने का आह्वान किया। गोष्ठी का विषय "समकालीन भारत में बाबू जगजीवन राम की प्रासंगिकताः सामाजिक न्याय और समावेशी विकास" रहा।

मुख्य वक्ता प्रो. रतन लाल, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि बाबू जगजीवन राम के आदर्शों पर चलते हुए कांग्रेस समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने 2027 के चुनाव में बेहतर प्रदर्शन का विश्वास भी जताया।



पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते पीएल पूनिया, अजय राय, अविनाश पांडेय व अन्य।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबू जगजीवन राम के जीवन, सामाजिक योगदान और राजनीतिक विचारों पर प्रकाश डाला। इस दौरान उनके जीवन पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया और दो पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**उपलब्धि** | डेडीकेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के 4 वर्ष पूरे

# नगर निकायों की मॉनिटरिंग में नई मिसाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि डेडीकेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (डीसीसीसी) ने नगरीय सुविधाओं और स्वच्छता व्यवस्था की मॉनिटरिंग में नई मिसाल कायम की है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता रैंकिंग सुधारने में इस केंद्र की अहम भूमिका रही है और इंटीग्रेटेड अप्रोच के जरिए व्यवस्था में व्यापक बदलाव आया है।

डीसीसीसी के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को वर्चुअल बैठक हुई। उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार गठन के बाद 4 अप्रैल 2022 को इस केंद्र की स्थापना की गई थी। तब से यह लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। मंत्री ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि डीसीसीसी ने नगर निकायों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाई है। आने वाले समय में इसे और सशक्त बनाकर नागरिक सुविधाओं को बेहतर किया।

- **इंटीग्रेटेड अप्रोच से बदली नगर निकायों की व्यवस्था: एके शर्मा**



### 1533 हेल्पलाइन और 'संभव' पोर्टल बना सहारा

नगर विकास मंत्री ने बताया कि शुरुआत में हेल्पलाइन की सुविधा नहीं थी, लेकिन बाद में केंद्र सरकार के सहयोग से 1533 टोल फ्री नंबर शुरू किया गया। इसके साथ ही 'संभव' पोर्टल को भी लागू किया गया, जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता और अधिकारी ऑनलाइन जुड़कर समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करते हैं।

### 3.63 लाख में से 3.62 लाख शिकायतों का समाधान

बैठक में दी गई जानकारी के अनुसार, वर्ष 2022 से अब तक कुल 3,63,510 शिकायतों के सापेक्ष 3,62,517 का निस्तारण किया जा चुका है। साथ ही करीब 7000 घंटे की लाइव मॉनिटरिंग भी की गई है, जो इस केंद्र की कार्यक्षमता को दर्शाता है।

### स्वच्छता अभियानों की निगरानी

डीसीसीसी के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों- "स्वच्छता ही सेवा", "क्लीन टॉयलेट अभियान", "स्वच्छ तीर्थ" और "प्लास्टिक उन्मूलन अभियान" आदि की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। मंत्री ने कहा कि जिन निकायों की रैंकिंग अभी भी नीचे है, उनके लिए विशेष रणनीति बनाकर सुधार किया जाए।

# विभागीय कार्यों का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करें : केशव मौर्य

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/प्रयागराज

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डबल इंजन सरकार की सभी योजनाओं का पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मनरेगा के तहत मानव दिवसों का समय से सृजन, स्वयं सहायता समूहों का सक्रिय करना और 'लखपति दीदी' अभियान में प्रयागराज को अग्रणी बनाना आवश्यक बताया।

प्रयागराज में शनिवार को उप मुख्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने विकसित भारत- जी राम जी योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार और ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं की जानकारी सरल ढंग से जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया। केशव प्रसाद मौर्या ने विभागीय कार्यों की छोटी वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर साझा करने के निर्देश भी दिए।

- **प्रदेश में ग्रामीण विकास के कार्यों की उप मुख्यमंत्री ने की समीक्षा**



इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभार्थियों के चयन व तैयारियों को समय पर पूरा करने पर बल दिया।

उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और आय वृद्धि पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई और कहा कि समन्वित प्रयास, मजबूत कार्ययोजना और प्रतिबद्धता के साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन प्रदेश के समग्र विकास को नई गति देगा।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# संदल फैक्ट्री के पानी भरे टैंक में गिर कर युवक की मौत

## पहले दिन दूसरे युवक के स्थान पर काम करने गया था

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** संदल मिल में सिक्योरिटी का काम कर रहे युवक की फैक्ट्री में बने पानी भरे टैंक में गिरने से मौत हो गई।

सदर कोतवाली के मोहल्ला कचहरी टोला निवासी त्रिवेश वैश्य (36) पुत्र लालजी वैश्य मेहनत मजदूरी करता था। दिन में वह वृद्धाश्रम तो रात में कहीं गार्ड का काम करता था। शुक्रवार को वह कन्नौज रोड स्थित अशोक नगर मोहल्ले में सूरज सामवेदी के संदल कारखाने में गार्ड के तौर पर पहले दिन आया था। कारखाने में एक अन्य युवक भी था। सुबह छह बजे वह किसी काम से पानी भरे टैंक के पास गया। इसी दौरान पैर फिसल गया और वह टैंक में जा गिरा। काफी देर तक नजर न आने पर जब दूसरे साथी ने उसे पुकारा तो कोई आवाज न आने पर उसकी खोज की। इस दौरान टैंक के पास पैर की फिसलन उसे दिखाई दी। इस पर उसने यूपी 112 पुलिस को सूचना दी।



त्रिवेश वैश्य।



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार

- काफी देर तक नजर न आने पर दूसरे साथी ने की खोज

पुलिस ने टैंक से उसे निकालकर जिला अस्पताल भेजा गया जहां डाक्टर ने जांच के बाद उस की मौत की पुष्टि की।

जानकारी परिजनों को दी गई तो परिजन संदल कारखाने और फिर जिला अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम कराया। कारखाने में लगे सीसीटीवी कैमरे खगाले तो पाया कि वह टैंक के पास गया इसी दौरान उसका पैर फिसल गया जिससे वह टैंक में गिर गया।



तिर्वा में मनोनीत सभासदों को शपथ दिलाते एसडीएम राजेश कुमार। अमृत विचार

# मनोनीत सभासदों को दिलाई गई शपथ

संवाददाता तिर्वा

- नगर पंचायत अध्यक्ष की उपस्थिति में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- उप जिलाधिकारी राजेश कुमार ने मनोनीत सभासदों को शपथ दिलाई

**अमृत विचार।** नगर पंचायत सभागार में शासन द्वारा मनोनीत तीन सभासदों के शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शनिवार की सुबह नगर पंचायत की चेयरपर्सन मिताली गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में उप जिलाधिकारी राजेश कुमार ने मनोनीत सभासद शिशु पाल सिंह चौहान, नीरज चक्रवर्ती तथा स्नेहलता बाथम को पद की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि विधायक कैलाश राजपूत ने मनोनीत सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि वे लोग नगर के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता ने मनोनीत सभासदों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। समारोह में नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी बबलू कुमार, सभासद राजा अवस्थी, अवनीश पटेल, सतेंद्र कुशवाहा, सद्दाम हुसैन, अंशु गुप्ता, प्रदीप यादव, सौरभ राजपूत, तेजराम, विकास गुप्ता, कृष्ण प्रताप राजपूत, पिंकू कठेरिया, योगेंद्र कुमार, दीपक राजपूत, शिव बालक, आदेश कुमार सहित कस्बा के कई संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दूसरी शादी करने पर पति सहित पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** बिना तलाक दिए दूसरी शादी का विरोध करने पर पत्नी से मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता ने पति सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर निवासी कलीम ने अपनी पुत्री फरीन का निकाह करीब 5 साल पहले गांव के ही नाजिम के साथ किया था। फरीन का आरोप है कि शादी के बाद ससुराल वाले 50 हजार की नगदी और बाइक की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी न होने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। उसने कोतवाली में मामला दर्ज कराया था जो न्यायालय में विचाराधीन है। बताया कि 25 मार्च की शाम वह अपने पति के घर गई थी जहां पति नाजिम, सवाना, साजिम, इशरत और अमीर उसे गाली देने लगे। फरीन ने जब पति से कहा कि उसे तलाक दिए दूसरी शादी क्यों कर ली तो उन्होंने मारपीट की जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मृतकों के परिजनों को अखिलेश ने फोन पर बंधाया ढांढस

**छिबरामऊ।** जनपद मैनपुरी के किशनी क्षेत्र में गुरुवार रात सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव ने शनिवार सुबह जोन प्रभारी राशिद फारूकी के माध्यम से फोन पर बात कर परिजनों को उन्हें ढांढस बंधाया। हादसे में शादी समारोह से लौटते समय मोहल्ला गणेश चौधरी निवासी मोहम्मद वसीम पुत्र मोहम्मद मतीन, सत्तार पुत्र अब्दुल रज्जाक तथा मोहल्ला ग्रेसीगंज निवासी अल्ताफ पुत्र इकबाल की मौत हो गई थी। अखिलेश ने परिवारों से बात कर कहा कि पार्टी उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। तीनों परिवारों को आर्थिक सहायता देने का भरोसा दिलाया गया।

# प्रेमी युगल की मौत के मामले में हत्या के आरोप-प्रत्यारोप

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** प्रेमी युगल की मौत के मामले में दो पक्षों के परिवारों ने एक दूसरे पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने जांच पूरी की।

तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के गांव गहलौतन पुर्वा निवासी रिंकी पत्नी राम निवास की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। इस के बाद बेला थाना क्षेत्र में प्रेमी सुग्रीव कुमार निवासी गढिया सकरहनी थाना तालग्राम ने भी जहर खाकर जान दे दी। उधर सुग्रीव की पत्नी कौशल्या देवी ने पति का शव नहीं उठने दिया था और रिंकी के परिजनों पर हत्या का आरोप लगा रही थी। मृतकों के परिजनों ने एक दूसरे पर हत्या का आरोप लगाया है। मामले की तहरीर कन्नौज पुलिस को दी गई है। कौशल्या ने एएसपी अभिषेक प्रताप अजेय को शिकायती पत्र देकर बताया कि 04 मार्च को पति होली पर घर आया था। उस समय रिंकी व उसका पति राम निवास उसके घर आये थे। उक्त लोगों ने पति से साथमें गुड़गांव ले चलने और वहीं नौकरी लगवाने की बात कही थी। पांच मार्च को रिंकी व उसका पति सुग्रीव को ले कर चले गये। आरोप लगाया कि वह पति से लगातार फोन पर बात करती रही। 31 मार्च को 04 बजे शाम को पति ने फोन कर बताया कि राम निवास व उसके साथ तीन चार लोग आये हैं। कह रहे हैं कि गाड़ी में बैठा कर उसकी हत्या कर देंगे। इस दौरान पति का मोबाइल छीनकर बंद कर दिया। इसके बाद कई बार फोन लगाया पर बात नहीं हुई। 02 अप्रैल को थाना बेला से फोन पर किसी का शव मिलने और पहचान करने की बात कही गई। परिवार के साथ पहुंची तो पाया कि शव सुग्रीव का था। उसने राम प्रकाश पर हत्या का आरोप लगाया। उधर दूसरे पक्ष ने भी सुग्रीव के परिजनों पर इसी तरह के आरोप लगाए।



सदर तहसील में एएसपी अभिषेक प्रताप अजेय से शिकायत करती मृतक सुग्रीव कुमार की बहन व अन्य परिजन। अमृत विचार

- पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं, पुलिस जांच में जुटी

### पुलिस की जांच में दोनों पक्षों के एक दूसरे पर हत्या के आरोप झूठे

**कन्नौज।** तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव गढिया सकरहनी गांव निवासी सुग्रीव की मौत के मामले में तिर्वा पुलिस ने औरैया जनपद के बेला थाना क्षेत्र में घटना स्थल पर पहुंच कर जांच की है। तिर्वा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि रिंकी व सुग्रीव गुड़गांव से एक साथ बस से बेला में उतरे थे। सुग्रीव बेला में रुक गया और रिंकी तिर्वा आ गई। सुग्रीव लगातार रिंकी को फोन कर बुला रहा था। फोन पर दोनों के बीच बात भी हुई। इसके बाद सुग्रीव ने बेला में शराब के नशे में जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे उसकी मौत हो गई। उसकी पत्नी कौशल्या मांग करती रही कि वह पोस्टमार्टम कन्नौज में कराएं। कोतवाली प्रभारी के अनुसार सुग्रीव ने आत्महत्या की है। बताया कि रिंकी के पति राम निवास ने कोतवाली में पहले गुमशुदगी दर्ज कराने के लिये शिकायती पत्र दिया। जब पुलिस ने रिंकी से बात की तो वह बोली कि वह वह सुरक्षित है। गुड़गांव में रह रही है। उसे कोतवाली में बयान लेने के लिये बुलाया गया था। इसके बाद दोनों को वापस गुडगांव जाना था। पर बातचीत में दोनों के बीच क्या हुआ कि दोनों ने आत्म हत्या कर ली।

# कभी स्कूल से अनुपस्थित नहीं रहे अर्पित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के शिवाजीनगर स्थित अशोक कुमार इंटर कॉलेज में पूर्व छात्र अर्पित कटियार का स्वागत किया गया। उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किए। अर्पित ने यूपीपीएससी में 67वीं रैंक पाकर जीएसटी विभाग में असिस्टेंट कमिश्नर के रूप में कामयाबी पाई है।

शनिवार को विद्यालय पहुंचे जीएसटी विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर से मिलकर शिक्षकों और छात्र-छात्राओं में उत्साह बढ़ गया। प्रबंधक अशोक दुबे एवं शिक्षकों ने अर्पित का मुंह मीठा कराकर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अर्पित ने पुरानी यादें साझा करते हुए कहा कि उनके लिए बहुत ही गर्व और भावुक कर देने वाला पल है, क्योंकि जिस विद्यालय में इंटरमीडिएट तक अध्ययन किया, जहां बैठकर परीक्षाएं दी क्लासेज ली और आज उसी जगह असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर चयनित होकर खड़ा हूं। उन्होंने वर्तमान छात्रों को कड़ी मेहनत कर विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधक ने अर्पित की सफलता का श्रेय उनके कठिन परिश्रम और अटूट लगन को दिया। आगे कहा कि अर्पित सर्दियों में भी कभी स्कूल से अनुपस्थित नहीं रहे, उनकी यही नियमितता उन्हें इस मुकाम पर ले आई है। इस अवसर पर कई लोग मौजूद रहे।





असिस्टेंट कमिश्नर अर्पित कटियार का मुंह मीठा करातीं विद्यालय कमेटी की कोषाध्यक्ष विनीता देवी, साथ में प्रबंधक अशोक दुबे व अन्य लोग। अमृत विचार

- अशोक कुमार इंटर कॉलेज पहुंचने पर असिस्टेंट कमिश्नर अर्पित कटियार का स्वागत किया गया

# रिपोर्ट दर्ज न होने से भड़की महिलाएं पहुंचीं थाने

**सौरिख।** दो घरों में आग लगाए जाने की घटना में 11 दिन बीत जाने के बाद रिपोर्ट दर्ज न होने से भड़की महिलाएं थाने पहुंच गईं।

थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी मोहिनी देवी, प्रियंका, नन्ही, सुखदेवी, रेखा, मुन्नी देवी, रुक्मिणी देवी, राधा देवी आदि महिलाओं ने थाने पहुंचकर बताया, 26 मार्च को गांव में गिरेन्द्र पुत्र कालिका प्रसाद, नरवीर पुत्र कालका प्रसाद के घर में आग लगा दी गई थी जिसकी शिकायत पुलिस से लिखित रूप में की गई थी। 11 दिन बीत जाने के बाद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इससे नाराज महिलाओं ने मामला दर्ज करने की मांग की है। उप निरीक्ष ने उनसे कहा कि वे प्रार्थना पत्र दे दें रिपोर्ट दर्ज कर दी जाएगी।

# फिर से बदला मौसम, तेज हवाओं के साथ बारिश

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- तापमान में आई गिरावट, आज भी छाए रह सकते बादल

**अमृत विचार।** पिछले लगभग 15 दिनों से चल रहा मौसम का उतार चढ़ाव निरंतर जारी है। इसी क्रम में एक बार फिर से मौसम ने करवट ले ली। दिन भर कड़ी धूप के बाद शाम करीब चार बजे से बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। इसके कुछ देर बाद तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई।

शनिवार को सुबह से ही कड़ी धूप रहने के बाद शाम होते होते बादलों का डेरा हो गया। लगभग चार बजे से तेजी से मौसम में बदलाव आने के साथ आंधी के आसार बनते नजर आए। इसके बाद छाए घने बादलों ने तेज हवा के साथ बरसना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है यह स्थिति पिछले कुछ दिनों से बन रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्पन्न हुई है। कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि रविवार को भी इसी तरह का मौसम रहने की संभावना बनी हुई है।

जानकारी दी कि तेज हवा और बारिश जायद में होने वाली मक्का, मूंग और मूंगफली की फसलों के लिए फायदेमंद है। हालांकि अगर ओला गिरता है तो नुकसान हो सकता है। अधिकतम तापमान 33 जबकि न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। वहीं हवा की गति 35-40 किलोमीटर प्रति घंटे रही है।

आयोजन | प्राथमिक स्कूल मकरंदनगर व चौकी मुस्तफाबाद में आयोजित हुए कार्यक्रम

# नव प्रवेशी बच्चों का तिलक कर, मिठाई खिलाकर भरा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विकास खंड सदर क्षेत्र के चौकी मुस्तफाबाद स्थित प्राथमिक विद्यालय में नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह हुआ। नगर क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल मकरंदनगर के विद्यार्थियों ने स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली। यहां नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगा व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

शनिवार को प्राथमिक स्कूल चौकी मुस्तफाबाद में मुख्य अतिथि डॉ. प्राची गुप्ता (विभाग महिला समन्वयक, आरएसएस) ने कक्षा 01 की छात्रा प्रिया, सार्थक व स्मृति को क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर आने का पुरस्कार दिया। कक्षा 02 के छात्र अभिनेन्द्र, काव्या व वैष्णवी, कक्षा 03 के युवराज, जानवी व नित्या, कक्षा 04 में काजल, उपासना व सूरज, कक्षा 05 में तान्या, पूर्वी व पल्लवी को स्मृति चिन्ह दिया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को नियमित अध्ययन, अनुशासन, स्वच्छता एवं अच्छे संस्कारों के महत्व पर बात रखी। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि प्रधान गुलाब सिंह व कंपोजिट विद्यालय खजुहा के शिक्षक प्रसेनजीत वैस, एआरपी दिनेश चंद्र, मुकेश राजपूत तथा मंजेश, सम्राट सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापक सुशील वर्मा, शिक्षक गोपाल गुप्ता, पुष्पलता झा (शिक्षामित्र), रीना कुशवाहा एवं शोभा चतुर्वेदी उपस्थित रहीं। दूसरी ओर मकरंदनगर में प्रधानाध्यापक सोना मिश्रा की देखरेख में विद्यार्थियों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तिया लेकर मोहल्ले में जागरुकता रैली निकाली। विद्यालय में बच्चों व उनके अभिभावकों को सम्मानित भी किया गया। मुख्यमंत्री के वाराणसी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा व सुना गया।



नगर क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल मकरंदनगर में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक करतीं प्रधानाध्यापक सोना मिश्रा। अमृत विचार

- कक्षा में पहले से तीसरे स्थान पर आए विद्यार्थियों को मिला मेहनत का पुरस्कार



सदर विकास खंड इलाके के चौकी मुस्तफाबाद स्थित प्राथमिक विद्यालय में पुरस्कार लिए खड़े बच्चे, अतिथि व शिक्षक। अमृत विचार

# जमीन के विवाद में पिता पुत्र को किया घायल

**गुरसहायगंज।** जमीन के विवाद को लेकर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने पिता पुत्र को लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डुडवा बुजुर्ग निवासी शहनूर का गांव के नौशाद से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसको लेकर कुछ दिन पहले लेखपाल ने जमीन की नाप करके दोनों पक्षों को संतुष्ट कर दिया था। इसके बाद शहनूर अपनी जमीन पर नीव भरने के लिए गड्ढे खुदवा रहा था तभी दूसरे पक्ष के नौशाद, कामरान, फरहान, अहमद जमा, सोहरत और कुछ अज्ञात लोग लाठी डंडों से लैस होकर आए और गाली देने को लाठी डंडों से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

सरकारी दरों पर सफल इलाज
आयुष्मान कार्ड धारक एवं अन्य ECHS / CGHS / TPA कार्ड धारकों का निःशुल्क इलाज
आपका स्वास्थ्य... हमारी प्राथमिकता
नारायना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
(इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज)
गंगागंज, पनकी कानपुर
द्वारा आयोजित
फ्री हेल्थ चेकअप कैंप
01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक
स्थानः नारायना हॉस्पिटल परिसर
समयः प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक
फोन करके अपना रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कर लें
सम्पर्क करें: 7800007704, 7800007705, 9918601150
पंजीकरण के समय आधार कार्ड और रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर अवश्य लाएं
सभी विभागों द्वारा निःशुल्क परामर्श
अब हर रोगी की पहुँच में उत्तम सर्जरी, अच्छा इलाज, आधुनिक सुविधाएं युक्त सरकारी एवं किफायती दरों पर
अत्याधुनिक तकनीक और अनुभवी सर्जनों के साथ सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध
24x7 EMERGENCY AND ICU



नेफ्रोलॉजी विभाग
(किडनी रोग विशेषज्ञ)
• किडनी की सभी बीमारियों का उपचार
• डायलिसिस की सुविधा
• किडनी फेल्योर एवं हाई ब्लड प्रेशर का प्रबंधन



यूरोलॉजी विभाग
• पथरी (किडनी/मूत्राशय) का इलाज
• प्रोस्टेट की समस्या का उपचार
• मूत्र संबंधी सभी रोगों की सर्जरी एवं इलाज



न्यूरोलॉजी विभाग
• न्यूरोसर्जरी की सुविधा उपलब्ध
• मस्तिष्क एवं नसों के रोगों का उपचार
• स्ट्रोक, मिर्गी (Epilepsy), माइग्रेन का इलाज
• लकवा (Paralysis) एवं न्यूरोलॉजिकल समस्याओं का इलाज
दवाओं की खरीद पर 10% तक की छूट *T&C Apply
डायलिसिस सिर्फ ₹2000/- में

| | | | SPECIAL RATE | NORMAL RATE |
|---|---|---|---|---|
| एंडोस्कोपी ₹2,500/- | | X-RAY | ₹150/- | ₹400/- |
| कोलोनोस्कोपी ₹5,500/- | | ULTRASOUND | ₹300/- | ₹800/- |
| ब्रोंकोस्कोपी ₹7,000/- | | CT SCAN | ₹1200/- | ₹3500/- |
| | | MRI | ₹2200/- | ₹5500/- |

नोट: कन्ट्रास्ट स्कैन पर ₹1200/- अतिरिक्त देय होगा
24X7 सुविधायें: आई.सी.यू. • एन.आई.सी.यू. • पी.आई.सी.यू. • एम.आर.आई • सी.टी.स्कैन • डिजिटल एक्स-रे • ब्लड बैंक • पैथोलॉजी एवं बायोपसी • डायलेसिस • ऑक्सीजन प्लांट • वेंटिलेटर एम्बुलेंस • एम्बुलेन्स • मेडिकल स्टोर • ई.सी.जी. • एन.सी.वी. • ई.एम.जी. • ई.सी.टी.
24 घंटे इमरजेन्सी सुविधा एवं नारायना अस्पताल से 3 किमी. तक एम्बुलेन्स की सुविधा बिल्कुल मुफ्त
www.narainamedicalcollege.com | Email: nhrc@narainagroup.net

# समाधान दिवस : 75 शिकायतों में महज दो का ही हो सका निस्तारण

## फतेहगढ़ ऑफीसर्स क्लब में डीएम की अध्यक्षता में सुनी गईं समस्याएं

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में ऑफीसर्स क्लब फतेहगढ़ में तहसील सदर के सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व विभाग की 39, पुलिस विभाग की 16, विद्युत विभाग की 05, विकास विभाग की 03, तथा अन्य विभागों की 12 शिकायतें शामिल रहीं। प्राप्त शिकायतों में से 02 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक प्रार्थना पत्र का निस्तारण स्थल पर जाकर निष्पक्ष जांच के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की औपचारिक या मनगढ़ंत आख्या स्वीकार नहीं की जाएगी, बल्कि वास्तविक तथ्यों के आधार पर ही कार्रवाई करते हुए पीडितों को न्याय दिलाया जाए। समाधान दिवस में आई प्रमुख शिकायतों में ग्राम चित्रकूट निवासी फूलमती पत्नी सुरेश चंद्र द्वारा विद्युत विभाग से मुआवजा दिलाने या गाटा संख्या 17 में ट्रांसफॉर्मर स्थापित कराने की मांग, उमाशंकर पुत्र स्वर्गीय नारायण द्वारा घर के सामने दबंग व्यक्ति द्वारा जबरन घूरा डालने की शिकायत, तथा गोपालपुर निवासी वेदवती पत्नी स्वर्गीय आनंद मोहन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग शामिल रही। इस अवसर पर कई अधिकारी रहे।


समस्याएं सुनते जिलाधिकारी ,पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

**संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम ने सुनीं ग्रामीणों की पीड़ाः अमृतपुर**

जनपद की अमृतपुर तहसील सभागार में शनिवार को उप जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कुल 22 शिकायतकर्ता अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें से 2 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर संबंधित शिकायतकर्ताओं को राहत प्रदान की गई।उप जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि

# पैरामेडिकल कॉलेज में मरीजों के लिए विद्यार्थियों ने सजाए 15 खाने के स्टॉल

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के नर्सिंग संकाय अंतर्गत श्री बाबू सिंह दद्दू जी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कॉलेज में शनिवार को आयोजित न्यूट्रिशन कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और पोषण संबंधी समझ का शानदार प्रदर्शन बन गया। एएनएम, जीएनएम प्रथम वर्ष एवं बीएससी नर्सिंग द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने रोगियों के लिए उपयोगी स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन तैयार कर न केवल अपनी पाक-कला का परिचय दिया, बल्कि अतिथियों का मन भी मोह लिया।

कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने अनेकों पौष्टिक व्यंजन, शेक, शर्बत, सलाद, जूस और संतुलित भोजन तैयार किए। हर स्टॉल पर स्वाद के साथ स्वास्थ्य का विशेष ध्यान आकर्षण का केंद्र बना रहा। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनार सिंह, चेयरपर्सन डॉ. अनीता यादव, सलाहकार डॉ. रंगनाथ मिश्र, कुलपति डॉ. अनिल कुमार


स्टालों का निरीक्षण करते कुलाधिपति डॉ अनार सिंह व चेयरपर्सन डॉ अनीता यादव ।

चैहान, कुलसचिव रणजीत यादव, नर्सिंग फैकल्टी की डीन प्रो. शेरीन पी. एलेक्स, विधि संकाय के डीन डॉ. राजपाल सिंह, फार्मेसी की डीन डॉ. बिंदु राठौर तथा आयुर्वेद संकाय के डीन डॉ. अम्बरीष कुमार बाथम ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर सभी स्टॉलों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों से तैयार व्यंजनों की पोषण उपयोगिता, रोग विशेष में उनकी भूमिका और स्वास्थ्य लाभों को लेकर विस्तार से प्रश्न किए। विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ प्रत्येक व्यंजन की विशेषताओं और चिकित्सीय महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे अतिथि काफी प्रभावित नजर आए।

कार्यक्रम में तीनों कक्षाओं की ओर से पांच-पांच स्टॉल, कुल 15 आकर्षक स्टॉल सजाए गए थे। विभिन्न प्रकार के पौष्टिक खाद्य पदार्थ स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली का संदेश दे रहे थे।

विद्यार्थियों की पाक-कौशल, रचनात्मक सोच और पोषण विज्ञान की समझ से प्रभावित अतिथियों ने उनकी भरपूर सराहना करते हुए नकद पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। प्रशंसा और सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

## न्यूज ब्रीफ

### मजदूरी के पैसों को लेकर कहासुनी में राजमिस्त्री घायल

**कायमगंज।** कंपिल थाना क्षेत्र में मजदूरी के पैसों के लेन-देन से जुड़ी कहासुनी के दौरान एक राजमिस्त्री को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल व्यक्ति को पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिसैया नगला निवासी मनोज पुत्र मेवाराम राजमिस्त्री का काम करता है। वह अर्जुन नगला गांव में निर्माण कार्य से जुड़े मजदूरों के साथ कार्य कर रहा था। मजदूरी के रूप में दिए गए पैसों के लेन-देन को लेकर मनोज और उसके साथ काम करने वाले एक युवक के बीच बातचीत चल रही थी। बताया गया कि इसी विषय पर चर्चा करने के लिए मनोज ने युवक को अपने घर बुलाया था। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ गई, जिसके चलते मनोज को चोटें आ गईं। घटना के समय मनोज घर पर अकेला था, जबकि परिजन खेत पर थे। सूचना मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत कराया। इसके बाद मनोज को कंपिल पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसका परीक्षण किया।

### कानून-व्यवस्था मजबूत करने के लिए पुलिस ने किया गश्त

**अमृतपुर।** कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अमृतपुर पुलिस ने शुक्रवार रात्रि पैदल गश्त अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह अभियान जनपद के प्रमुख बाजारों, मुख्य मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर चलाया गया।गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों ने दुकानदारों, व्यापारियों और आम नागरिकों से बातचीत की। उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए पुलिस ने लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी गई और उनसे पूछताछ भी की गई। पुलिस ने लोगों को अनावश्यक भीड़ न लगाने, यातायात नियमों का पालन करने और आपसी सौहार्द बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया, जबकि आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई। अधिकारियों ने बताया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे गश्त अभियान लगातार जारी रहेंगे। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की।

### गुरसहायगंज में बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल

**गुरसहायगंज।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला लोहिया नगर निवासी असलम की तबीयत ठीक न होने पर उन्हें कस्बा के निकट एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शनिवार की शाम उनका पुत्र मोहम्मद कैफ (18) पिता को देखकर अस्पताल से घर जा रहा था। जैसे ही उसने बाइक को मोडा कि कस्बा समधन की ओर से मोहल्ला अशफ़ाक उल्ला नगर निवासी अरसलान की बाइक टकरा गई जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मोहम्मद कैफ को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बालिका से अश्लीलता करने में आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने नाबालिग पुत्री से अश्लीलता किये जाने का आरोप लगाया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। दर्ज कराये गये मुकदमे में पीड़िता की मां नें आरोप लगाया की बीती एक की शाम लगभग चार बजे के आस-पास मेरी सात वर्षीय पुत्री पड़ोस मे रहने वाले राकेश के यहां उसका बच्चा खिलाने जा रही थी, जैसे ही उसके घर के पास पहुंची थी कि गांव के ही तुकमान पुत्र रघुवीर ने बच्ची को पकड़कर उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। मोहल्ले के कुछ लोगो ने देखा तो वह व्यक्ति मेरी बच्ची को छोडकर भाग गया था। मेरी बच्ची ने डर की वजह से मुझको नहीं बताया। शुक्रवार की शाम को समय लगभग चार वजे उसने मुझे घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल प्रमोद शुक्ला ने बताया की जांच की जा रही है।

फर्रुखाबाद की खबरें पेज 6 पर भी देखें।

# आंधी के कारण आशियाने पर गिरा पेड़, परिवार दबकर घायल

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शुक्रवार रात्रि आई आँधी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। आंधी का सबसे ज्यादा असर नवाबगंज विकास खण्ड में हुआ, जहाँ के गाँव सलेमपुर में एक पीपल का पुराना दरख्त ग्रामीण के आशियाने पर गिरा और राजकुमार, उनकी पत्नी काजल और पुत्री सृष्टि दब कर घायल हो गये। ग्रामीणों ने घायलों को नवाबगंज सीएचसी ले जाया गया।

शुक्रवार रात करीब 11.30 बजे तेज आंधी आई। आंधी के कारण राज कुमार के घर के पास खड़ा एक पुराना पीपल का पेड़ उनके घर पर गिर गया, जिससे परिवार के लोग दब गये। स्थानीय लोगों ने तुरंत सभासद ललित कुमार श्रीवास्तव को बुलाया। ग्रामीणों ने मिलकर


पेड़ गिरने से घर पर पड़ीं ईंटें।

मलबे में दबे परिवार के तीनों सदस्यों को बाहर निकाला। राज कुमार और उनकी पुत्री सृष्टि को चोटें आईं, जबकि पत्नी काजल के सामान्य चोटें थीं। सभासद ललित श्रीवास्तव ने बताया कि राज कुमार टीन शेड डालकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। पेड़ गिरने से उनका पूरा घर का सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया है।

# वेदांता हॉस्पिटल में न्यूरो एवं कार्डियो परामर्श सेवा का हुआ शुभारंभ

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उनके नजदीक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ द्वारा वेदांता हॉस्पिटल में न्यूरो एवं कार्डियो परामर्श सेवा का शुभारंभ किया गया है।

इस पहल के तहत अब मरीजों को प्रत्येक माह के पहले शुक्रवार को सुबह 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। इस सेवा का विशेष लाभ गरीब एवं असहाय मरीजों को मिलेगा, जिनके लिए परामर्श निःशुल्क रहेगा। साथ ही जरूरतमंद मरीजों के उपचार की व्यवस्था सरकारी योजनाओं के अंतर्गत कराई जाएगी।


जानकारी देते हुए मेदांता हॉस्पिटल के डॉ . विपुल अग्रवाल एवं अन्य डाक्टर ।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. आशुतोष यादव (कार्डियोलॉजिस्ट) , डॉ.विपिन साहू (न्यूरो विशेषज्ञ) एवं डॉ.विपुल अग्रवाल (डायरेक्टर, वेदांता हॉस्पिटल)उपस्थित रहे। इस अवसर पर आनंद सिंह चौहान, सीनियर मैनेजर, मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ भी मौजूद रहे। मेदांता हॉस्पिटल, लखनऊ की इस पहल को क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे स्थानीय मरीजों को बेहतर और विशेषज्ञ उपचार की सुविधा अपने ही जिले में मिल सकेगी।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव को शुरू होगा टीकाकरण

संवाददाता अमृतपुर

- टीमें गांव-गांव जाकर पात्र बच्चों का टीकाकरण करेंगी

**अमृत विचार।** राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एक विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर पात्र बच्चों का टीकाकरण करेंगी, ताकि इस गंभीर बीमारी से समय रहते बचाव किया जा सके।

सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रमित राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों, विशेष रूप से बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके लिए क्षेत्र की सभी एएनएम और सीएचओ (कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर) को जिम्मेदारी दी गई है, जो घर-घर जाकर टीकाकरण सुनिश्चित करेंगी।

चिकित्सक के अनुसार कम उम्र में लगाया गया यह टीका अधिक प्रभावी होता है, इसलिए 9 से 14 वर्ष की आयु में टीकाकरण विशेष रूप से जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक बच्चों, खासकर बालिकाओं को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित करना है और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाकर भविष्य में कैंसर के मामलों को कम करना है।

अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को समय पर टीका लगवाएं और स्वास्थ्य टीम का सहयोग करें, ताकि सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव हो सके।

# निर्माणाधीन स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे असीम अरुण

**छिबरामऊ।** विकासखंड क्षेत्र के मिघौली में 46 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे आश्रम पद्धति विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे समाज कल्याण राज्य मंत्री ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि इस विद्यालय से ग्रामीण बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ आवासीय सुविधा मिलेगी। यहां अनुसूचित जाति/ जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य वर्ग के कुल 490 छात्र-छात्राओं को निशुल्क आवासीय सुविधा के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। विद्यालय कक्षा 6 से इंटरमीडिएट तक सीबीएसई पैटर्न पर आधारित होगा। विद्यालय परिसर में मुख्य भवन के अलावा छात्रावास, कैंटीन, प्रधानाध्यापक कक्ष, शिक्षकों के आवास आदि सुविधाएं होंगी।

# बुनियादी शिक्षा के मूल आधार हैं शिक्षक : अवध



जागरूकता रैली निकालते शिक्षक व छात्र, छात्राएं। अमृत विचार

**जलालाबाद, कन्नौज।** नवीन शैक्षिक सत्र के लिए 06 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों का विद्यालय में नामांकन किए जाने को लेकर रैली का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान व एसएमसी अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया।

शनिवार को पीएस अलीनगर में ग्राम प्रधान उर्मिला बाथम व एसएमसी अध्यक्ष सुमन देवी, कोटेदार राम देवी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर स्कूल चलो रैली को रवाना किया। रैली में स्लोगन लिखी तख्तियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने आम जनमानस व अभिभावकों को विद्यालय में बच्चों का नामांकन कराने के लिए जागरूक किया। प्रधानाध्यापक अवध नारायण ने अभिभावकों से कहा कि बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। शिक्षक बुनियादी शिक्षा के मूल आधार हैं। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

# तिर्वा में भाजपा कार्यकर्ताओं को दिए दिशा निर्देश

**तिर्वा।** किनौरा के पास गेस्ट हाउस में शनिवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान की बैठक हुई।

भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम स्वरूप चतुर्वेदी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग से आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। पार्टी में अनुशासन को सबसे ज्यादा महत्व दिया जाता है। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी तथा प्रदेश में योगी के नेतृत्व में देश व समाज की तरक्की के लिए कार्य किए जा रहे हैं। उन जनकल्याणकारी योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी पार्टी के कार्यकर्ताओं की है। कार्यक्रम को ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा, हरिबख्श सिंह, सौरभ गुप्ता, श्यामू राजपूत, यशवंत राजपूत, योगेंद्र सिंह, मिथलेश बाथम ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर कई लोग रहे।

# छिबरामऊ में जिलाधिकारी का दौरा बेअसर, सीएमएस ही मिले गैरहाजिर

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी का निरीक्षण बेअसर रहा क्योंकि उनके निरीक्षण के दूसरे ही दिन सौ शैया अस्पताल के सीएमएस ही अपने कार्यालय 11 बजे तक नहीं पहुंचे थे। इसी तरह से कुछ डॉक्टर भी अपने कक्षों में मौजूद नहीं मिले। यह स्थिति तब सामने आई जब उप जिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार हिमांशु प्रभाकर निरीक्षण करने पहुंचे थे। उपजिलाधिकारी ने अनियमितताओं को लेकर रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजने की बात कही है।

बताते चलें कि शुक्रवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने सौ शैया संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया था। पूर्व सूचना के बाद भी निरीक्षण के दौरान तमाम खामियां पाई गईं


अस्पताल का निरीक्षण करते नायब तहसीलदार। अमृत विचार

थीं जिन पर सुधार की हिदायत दी गई थी। इसके बाद भी हिदायत का असर शनिवार को नहीं दिखाई दिया। जब नायब तहसीलदार अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे तो 11 बजे तक सीएमएस सुनील कुमार अपने कार्यालय में नहीं पहुंचे थे। उन्हों पूरे अस्पताल का निरीक्षण कर स्थिति का आकलन किया। इसमें कुछ डॉक्टर भी अपने कक्षों में समय पर नहीं थे। इसके अलावा दवा काउंटर पर दवा भी नहीं बांटी जा रही थी। यह स्थिति तब थी जब जिलाधिकारी ने डॉक्टरों को नियमित रूप से समय पर ड्यूटी पर आने के सख्त निर्देश दिए थे। इस संबंध में उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सीएमएस भी मौजूद नहीं मिले हैं।

**समाधान दिवस** | डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुए संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 155 में 97 मामले राजस्व के जुड़े आए

# शिकायतों में राजस्व विभाग के पीड़ितों की संख्या 60 फीसदी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद में राजस्व विभाग के पीड़ितों की संख्या अधिक है। सदर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 155 मामले आए जिसमें 97 राजस्व से जुड़े निकले। इसमें 14 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।

शनिवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं संतोषजनक निस्तारण हर हाल में किया जाए। इस मौके पर 8 व्यक्तियों के नाम संशोधित कराकर उनको तत्काल


शिकायतें सुनते डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व एसपी विनोद कुमार।

खतौनी उपलब्ध कराई गई। डीएम ने कहा कि चकमार्ग, विद्युत आपूर्ति, नाली-खड़ंजा निर्माण सहित किसी भी जनसमस्या के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण करें और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह सुबह 10:00 से दोपहर 12 बजे तक अनिवार्य रूप से अपने कार्यालय में मौजूद रहें। इस अवसर पर एसपी विनोद कुमार, सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता, डीएफओ डॉ. हेमंत सेठ, एसडीएम वैशाली व तहसीलदार भरत मौर्या उपस्थित रहे।

समाधान दिवस में पुलिस विभाग के 27, विकास, बिजली व चकबंदी के 07-07, डीएसओ के 03, नगर पालिका व डूडा के 02-02, स्वास्थ्य, एलडीएम व डीपीआरओ का 01-01 प्रकरण आया।

**162 शिकायतों में 22 का निस्तारणः छिबरामऊ।** संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 162 शिकायतें प्राप्त हुईं। निस्तारण के लिए पुलिस और लेखपालों की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर भेजा गया, जिसमें राजस्व विभाग के 22 मामलों का समाधान कराया गया।

साथ ही सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों को तुरंत संबंधित रजिस्टर में अंकित कर आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजने को कहा गया। अध्यक्षता सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने की। इस मौके पर एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता सेनानी की 22वीं पुण्य तिथि पर दी श्रद्धांजलि


स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि देते लोग । अमृत विचार

**गुरसहायगंज।** स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले मोहल्ला रामगंज निवासी पंडित रामसेवक मिश्रा की 22वीं पुण्यतिथि पर लोगों ने उनकी प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाई और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव और विद्यालय के प्रबंधक विजय मिश्रा ने कहा कि रामसेवक मिश्रा ने गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज की स्थापना की। नगर अध्यक्ष संजीव दुबे मुन्ना ने भी संबोधित किया। इस दौरान गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रबल प्रताप सिंह, डॉक्टर आर पी सैनी, दिलीप गुप्ता, सीमा मिश्रा, आरिफ, शिवकुमार वर्मा आदि लोग मौजूद थे।

# अधिकारी मौके पर जाकर दोनों पक्षों को सुनते हुए करें निस्तारण

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 28 शिकायतें आईं, तीन का हुआ निस्तारण

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार** । जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया।


समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम व एसएसपी। अमृत विचार

- डीएम ने निर्धारित समय में शिकायतों के निस्तारण करने के दिये निर्देश

डीएम ने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जब भी अधिकारी गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील सदर में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 28 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 3 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक विद्युत विभाग व स्वच्छ पेयजल से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जाए। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सदर राजुकमार सिंह सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पानी साफ करने को कहा तो पीटा

**लवेदी** । ग्राम असदपुर में शनिवार दोपहर गाय नहलाने को लेकर उपजे विवाद में युवक को चार नामजद आरोपित ने मारपीट कर घायल कर दिया। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम असदपुर निवासी घायल सुभीत कुमार ने बताया कि उसके दरवाजे के बाहर पड़ोसी युवक गाय को नहला रहा था। उसने पानी को साफ करने को कहा तो वह गाली-गलौज करने लगा। युवक ने गाली-गलौज करने से रोका तो नामजदों ने लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमलावर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिये 50 शैया अस्पताल बकेवर भिजवाया। वहीं, थानाध्यक्ष लवेदी प्रीती सेंगर ने बताया कि घायल को डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया गया।

# सीडीओ ने पचनद सेनेटरी शॉप का किया उद्घाटन

संवाददताता भरथना इटावा

**अमृत विचार** । क्षेत्र के उपसंभागीय कृषि प्रसार भवन परिसर में मिशन प्रेरणा के अंतर्गत "पचनद सेनेटरी शॉप" का उद्घाटन सीडीओ अजय कुमार गौतम ने किया। इस पहल का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनके आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।


पचनद सेनेटरी शॉप का उद्घाटन करते सीडीओ साथ में अन्य लोग। अमृत विचार

बताया गया है कि इस दुकान का निर्माण क्षेत्र पंचायत निधि से कराया गया है। दुकान का आवंटन स्वयं सहायता समूह की सदस्य रीता देवी को किया गया है, जो सेनेटरी उत्पादों का निर्माण और उनकी बिक्री करेंगी। इससे न केवल उनकी आय बढ़ेगी, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे और महिलायें सशक्त होंगी।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी काव्या सी., ब्लॉक प्रमुख विनोद दोहरे, खंड विकास अधिकारी विजय शंकर प्रसाद, उपायुक्त (स्वरोजगार) विनय कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। इस पहल को ग्रामीण क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे स्वच्छता के प्रति जागरूकता के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।







## न्यूज ब्रीफ

### दूसरी ट्रेन की चपेट में आने से यात्री की मौत

**भरथना।** 15635 ओखा गुवाहाटी एक्सप्रेस इटावा से कानपुर की ओर डाउन लाइन पर जा रही थी। यात्रा के दौरान ट्रेन की तेरहवीं बोगी (पैंट्री कार के पास) के पहियों से अचानक धुआं निकलने लगा। सूचना मिलते ही रेलवे कर्मियों ने सतर्कता बरतते हुए ट्रेन को साम्हो रेलवे स्टेशन की पश्चिमी केबिन के पास नगला मुछारियन गांव के सामने रोक दिया। ट्रेन रुकने के बाद तकनीकी टीम को बुलाया गया, जांच में तकनीकी खराबी सामने आई, जिसे मौके पर ही ठीक कर दिया गया। इस दौरान करीब 10 मिनट तक ट्रेन खड़ी रही। इस बीच कई यात्री ट्रेन से नीचे उतरकर इधर-उधर टहलने लगे और कुछ लोग समस्या को देखने के लिए ट्रैक के आसपास पहुंच गए। जब तकनीकी खराबी दूर होने के बाद ट्रेन को पुनः रवाना करने की तैयारी हो रही थी, तभी नीचे उतरे यात्रियों में अचानक ट्रेन में चढ़ने की होड़ मच गई। इसी अफरा-तफरी के बीच एक यात्री गलती से दूसरी लाइन की ओर चला गया। उसी समय अप लाइन पर कानपुर से इटावा की ओर आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। करीब पांच मिनट तक रोकने के बाद ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**इटावा।** कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत करमगंज पंजाबी कालोनी में एक महिला ने किसी बात से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत करम गंज पंजाबी कालोनी निवासी मंजू लता पोरवाल 23 वर्ष पत्नी अविनाश ने परिवार में किसी बात से क्षुब्ध होकर गले मे फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने महिला को फांसी पर लटका देखा तो कोहराम मच गया। महिला को उसके चाचा मयंक कुमार तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

### मन्दिर से चोरी मुकुट के साथ गिरफ्तार

**इटावा।** थाना पछायगांव पुलिस ने सिकन्दरपुर स्थित शान्ति आश्रम मंदिर से चोरी हुए चांदी के मुकुट को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया। गांव बसबारा निवासी गोविन्द पुत्र हरदयाल ने मामला दर्ज कराया था कि लगभग दो वर्षों से ग्राम सिकन्दरपुर स्थित शान्ति आश्रम में रहकर मंदिर में पूजा-पाठ करता है। तभी मौका पाकर मंदिर में स्थापित शान्ति बाबा का चांदी का मुकुट किसी ने चोरी कर लिया। प्रभारी निरीक्षक थाना पछायगांव सुधीर कुमार सिंह ने टीम के साथ आसपास के गांवों में छानवीन की। छानबीन के बाद आरोपी संजय शर्मा पुत्र नाथूराम शर्मा निवासी मीरानगर गली नंबर 3 थाना कोतवाली जनपद भिंड मध्य प्रदेश को पकड़ लिया। पुलिस ने पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी गया चांदी का मुकुट बरामद किया।

### बाबू जगजीवन राम की जयंती पर संगोष्ठी आज

**इटावा।** आशुतोष दीक्षित ज़िला अध्यक्ष कांग्रेस मोहम्मद राशिद शहर अध्यक्ष ने जनपद के समस्त कांग्रेस जनों को अवगत कराया है कि आज 5 मार्च को आधुनिक भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष एवं भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयन्ती पर कांग्रेस कार्यालय नगर पालिका पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। सभी कांग्रेसियों से अपील है कि बाबू जगजीवन राम जयंती के अवसर पर संगोष्ठी में उपस्थित होकर उनके कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करें।

### बिजली आपूर्ति आज रहेगी बाधित

**इटावा।** अवर अभियंता विद्युत उपकेंद्र सुंदरपुर ने उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि आज 5 मार्च दिन रविवार को विद्युत उपकेंद्र सुंदरपुर से पोषित 11केवी फीडर नंबर 8 पर जर्जर तार बदलने एवं नया फीडर का निर्माण कार्य किए जाने के कारण उक्त फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक पूर्णतः/आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

### दवा लेने गई युवती लापता

**भरथना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मेढ़ी दुधी गांव की एक 19 वर्षीय युवती के लापता होने पर परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है। उक्त गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री 3 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे दवा लेने के लिए भरथना बाजार गई थी, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की, मगर युवती का कोई सुराग नहीं मिल सका।

# अवैध परिवहन में प्रयुक्त 8 डंपर व 2 ट्रैक्टर सीज

## थाना बढ़पुरा पुलिस ने की कार्रवाई, नहीं दिखा सके प्रपत्र

कार्यालय संवाददाता इटावा



सीज किये गये खड़े डंपर ओर ट्रैक्टर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एसएसपी के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बढ़पुरा पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध परिवहन में प्रयुक्त 8 डंपर व 2 ट्रैक्टर को सीज किया।

थाना बढ़पुरा पुलिस चंबल ब्रिज पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग कर रही थी चेकिंग के दौरान आने-जाने वाले वाहनों को क्रमवार रोककर उनकी गहन तलाशी एवं आवश्यक अभिलेखों की जांच कर रही थी। इसी दौरान 8 डंपर एवं 2 ट्रैक्टर भट्टे की ईंटों का परिवहन करते हुए संदिग्ध अवस्था में पाए गए। उक्त वाहनों को रोककर जब उनके प्रपत्रों की जांच की गई तो संबंधित चालकों द्वारा वैध जीएसटी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके तथा परिवहन में अनियमितता व अवैधता पाई गई। उक्त स्थिति को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सभी वाहनों को मौके पर ही रोककर कब्जे में लिया तथा प्रकरण की सूचना तत्काल संबंधित जीएसटी अधिकारी एवं पीटीओ को दी गई। संयुक्त जांच के उपरांत 8 डंपर एवं 2 ट्रैक्टरों द्वारा बिना वैध जीएसटी प्रपत्रों के भट्टे की ईंटों का अवैध परिवहन किया जाना प्रमाणित पाये जाने पर सभी वाहनों की सीज करने की कार्यवाही की गयी।


## पुलिस की जीप पर बैठकर रील बनाना पड़ा मंहगा, गिरफ्तार

**बकेवर।** सोशल मीडिया पर लाइक और फॉलोअर्स बढ़ाने के चक्कर में एक युवक को पुलिस वाहन में बैठकर रील बनाना भारी पड़ गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी विपिन कुमार मलिक ने बताया कि सोशल मीडिया सेल की निगरानी के दौरान एक वीडियो सामने आया, जिसमें एक युवक थाना बकेवर क्षेत्र में खड़े पुलिस के सरकारी वाहन में अनधिकृत रूप से बैठकर रील बनाता दिखाई दे रहा था। वीडियो में पुलिस की छवि धूमिल करने वाले आपत्तिजनक शब्दों का भी प्रयोग किया गया था। पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक की पहचान ऋषभ प्रताप पुत्र संतेंद्र सिंह, निवासी महावीर पुरम, कल्याणपुर, थाना कल्याणपुर, जनपद कानपुर नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

# औद्योगिक विकास को लेकर निकाली रैली, सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददताता इटावा



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते नवीन दुबे साथ में अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इटावा विकास मंच के बैनर तले मंच के संस्थापक नवीन दुबे एडवोकेट ने सैकड़ों साथियों के साथ वाहन रैली निकालकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, प्रधानमंत्री भारत सरकार व राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट राजेंद्र बहादुर को दिया। बाजार में जगह जगह श्री दुबे का माला पहनाकर व्यापारियों व आम जनमानस ने स्वागत किया।

ज्ञापन के उपरांत श्री दुबे ने मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार इटावा, कन्नौज, मैनपुरी, एटा, औरैय्या, बाँदा, हमीरपुर को विशेष औद्योगिक जोन घोषित करते हुए इंफ्रास्ट्रक्चर दे तो वह खुद बीस हज़ार करोड़ के उद्योग यहाँ ला सकते हैं और यहाँ के लोगों को रोजगार आसानी से मिल सकता है। आलू किसानों कि स्थिति पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि हमारे जिले में किसानों की स्थिति दयनीय है किसानों को उनकी लागत तक नहीं मिल पर रही है और किसान आलू को खेतों में जोतने का मजबूर है। बिजली के स्मार्ट मीटरों से जनता से जो लूट की जा रही है वह तत्काल बंद हो। जिले के नौजवानों को रोजगार के लिए बाहर जाना पडता है। उन्होने कहा कि वह भी रोजगार की तलाश वर्ष 1988 में नोयडा गए थे वहां गन्ने के रस के साथ ब्रेड खाकर गुजर करनी पडी थी। इस लिए सरकार को क्षेत्र में उद्योग लगाना चाहिए। लोगों ने उनके बीस सूत्रीय ज्ञापन का पुरजोर समर्थन किया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## पॉक्सो एक्ट के दोषी को बीस साल की सजा

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट राखी चौहान ने डेढ़ साल पुराने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के एक मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के आधार पर एक युवक को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे बीस साल की सजा सुनाई इसके अलावा उस पर 55 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

सहसों थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसके पड़ोस के गांव का रहने वाला युवक उसकी 16 साल की पुत्री का आठ फरवरी 2024 को बहला फुसलाकर भगा ले गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने ममाला दर्ज कर किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी। बाद में पुलिस ने किशोरी की बरामद कर लिया। पुलिस ने किशोरी के ब्यान दर्ज कराया तो उसने दुष्कर्म करने की बात भी बताई। बाद में पुलिस ने आरोपी छोटे उर्फ संजय पुत्र हाकिम सिंह निवासी पुरा खेडा बिठौली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने छानबीन के बाद किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धाराओ में आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र तिवारी ने सरकार की ओर से पैरवी की। उनके द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने संजय उर्फ छोटे को दोषी पाया और उसे बीस साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर 55 हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

# वक्ताओं ने भाजपाइयों को बताई सरकार की उपलब्धियां

कार्यालय संवाददताता इटावा



फीता काटकर शुभारम्भ करते जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाजपा के भरथना विधानसभा के सभी 6 मंडलों में दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान शुरु हुआ। यहां नारायणा कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण में कुल सात सत्र होंगे। इनमें केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों, संगठन को मजबूत बनाने के पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

भरथना विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलो में एक साथ उद्घाटन सत्र आयोजित हुए। भरथना प्रथम मंडल की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा ने उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने किया। भरथना द्वितीय मंडल की अध्यक्षता पूर्व जिला महामंत्री रामकुमार त्रिपाठी व उद्घाटन पूर्व

**• भरथना विधान सभा के भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण**

जिलाध्यक्ष कन्नौज नरेंद्र राजपूत, महेवा मंडल की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उदय कुशवाहा व उद्घाटन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवमहेश दुबे ने किया। प्रशिक्षण शिविर में भारतीय जनता पार्टी की सम्पूर्ण यात्रा को प्रदर्शित व उपलब्धियों को दर्शाती हुई प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया गया।

पूर्व सांसद रघुराज शाक्य व प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक केके राज, सिद्धार्थ शंकर दोहरे, सावित्री कठेरिया, वर्ग प्रभारी डॉ रमाकांत शर्मा, वर्ग प्रमुख कृपा नारायण तिवारी, विमल भदौरिया, जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़, सतेंद्र राजपूत, हरनाथ कुशवाह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा विनीता गुप्ता मौजूद रहीं।

## नरेंद्र जाटव को मिली बसपा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददताता इटावा

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश मायावती द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से जनपद में महत्वपूर्ण संगठनात्मक नियुक्ति की गई है। नरेंद्र जाटव को बसपा इटावा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

यह नियुक्ति मुख्य जोन प्रभारी कानपुर मंडल गयाचरण दिनकर पूर्व विधायक, भीमराव आंबेडकर पूर्व विधायक, पूर्व एमएलसी, संजय गौतम एवं बौद्ध प्रिय गौतम की सहमति से की गई है। नवनियुक्त नरेंद्र जाटव ने संगठन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है, जिनमें बूथ अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष तथा नगर कोषाध्यक्ष जैसे दायित्व शामिल हैं। उनके



नरेंद्र जाटव।

संगठनात्मक अनुभव एवं निरंतर सक्रियता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष नियुक्त होने के पश्चात नरेंद्र जाटव ने अम्बेडकर चौराहा स्थित बुद्ध विहार पहुंचकर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जितेंद्र बौद्ध, इमरान अहमद, अजीत सिंह सरदारनी, अमित अंबेडकर, डॉ. सुरजन सिंह, शीलू दोहरे, संजय शाक्य, गुड्डू मिश्रा, स्नातक वाल्मीकि जी, राघवेंद्र अवस्थी, रंजीत सिंह, चंद्रभान दोहरे, अमर पाल शोला नागेंद्र सिंह जाटव, रविंद्र सिंह, विवेक शाक्य मौजूद रहे।

## शाम को गरज के साथ बरसा पानी

**इटावा।** शनिवार की दोपहर बाद मौसम अचानक बदल गया। दोपहर 3 बजे से बादल छा गए और हवा भी चलने लगी और शाम को 7 बजे बादलों के गरजने और बिजली चमकने के साथ ही बारिश भी हो गई। शहर में देर शाम को बिजली चमकने के बाद ओले भी गिरे। हालांकि ओले ज्यादा देर तक नहीं गिरे। जसवंतनगर में भी देर शाम को काफी तेज बारिश हो गई। बारिश होने से किसान परेशान नजर आए।

इससे पूर्व दोपहर में भी देहाती इलाकों में बारिश हो गई। शहरी क्षेत्र में हुई इस बारिश ने गर्मी से निजात दिला दी। बारिश के दौरान तेज हवा भी चलती रही। इससे सड़कों पर सन्नाटा छा गया। जो लोग बाहर निकले भी थे वे बारिश से बचने के लिए सड़क के किनारे दुकानो आदि पर खड़े हो गए ताकि बारिश से बच सकें। शहर में सुकून मिला लेकिन गांवों में किसानों को बारिश ने परेशान कर दिया। शुक्रवार की सुबह भी बिजली चमकने के साथ ही बारिश भी हो गई थी।

# दिवंगत सिटी मजिस्ट्रेट को दी गयी श्रद्धांजलि



सिटी मजिट्रेट को श्रद्धांजलि देते अधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** दो दिन पूर्व तक जिलाधिकारी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर प्रशासनिक कार्य निपटाने में नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल सक्रिय रहे थे। शुक्रवार शाम पांच बजे अचानक उनके निधन की खबर प्रशासनिक अमले को मिली तो अधिकारी विश्वास नहीं कर सके।

शनिवार सुबह से ही प्रशासनिक अमले में शोक का माहौल रहा। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में फतेहगढ़ के ऑफीसर्स क्लब में दिवंगत सिटी मजिस्ट्रेट को श्रद्धांजलि दी गयी तथा उनकी स्मृतियों को ताजा किया गया। इस दौरान हर आंख नम थी और अधिकारियों को अपने आंसुओं पर नियंत्रण पाना असंभव सा लग रहा था। शनिवार को संपूर्ण समाधान से पूर्व डीएम सहित अन्य अधिकारियों ने दिवंगत नगर मजिस्ट्रेट को श्रद्धांजलि दी। लोगों की समस्याओं को वे गम्भीरता से सुनते थे और अपने स्तर से हर संभव उसे निपटाने का प्रयास भी करते थे।

## पुलिस ने गुमशुदा पोस्टमैन को मथुरा से किया बरामद

**इटावा।** थाना चकरनगर पुलिस ने गुमशुदा पोस्ट ऑफिस चकरनगर में तैनात पोस्टमैन को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

दीपेन्द्र सिंह निवासी ग्राम विडौरी थाना बिठौली ने थाना चकरनगर पर सूचना दी गई कि उनके भाई धर्मेन्द्र सिंह 30 वर्ष जो पोस्ट ऑफिस चकरनगर में पोस्टमैन के पद पर कार्यरत हैं। 10 मार्च को प्रातः लगभग 8:30 बजे ड्यूटी हेतु घर से निकले थे, परंतु वापस नहीं लौटे। सूचना के आधार पर थाना चकरनगर पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने वृन्दावन जनपद मथुरा में बांके बिहारी मंदिर के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में देखा गया, जिसकी पहचान एवं तस्दीक करने पर उसने अपना नाम धर्मेन्द्र सिंह बताया। उक्त युवक को सकुशल थाना लाया गया और परिजनों को सौंप दियागया।

# ओमवीर हत्याकांड का मास्टर माइंड देवेन्द्र यादव भी पहुंचा सलाखों के पीछे

संवाददाता अमृतपुर फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** क्षेत्र के बहुचर्चित ओमवीर हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के सख्त निर्देश पर थाना अध्यक्ष रक्षा सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस जघन्य वारदात के मुख्य साजिशकर्ता (मास्टरमाइंड) देवेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

परिजनों के अनुसार, ओमवीर का पहले अपहरण किया गया, जिसके बाद आरोपियों ने उसके हाथ-पैर बांधकर उसे जिंदा जमीन में दफन कर दिया। घटना के बाद लंबे समय तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

**• पुलिस कप्तान की सख्ती ने दिखाया असर**



आरोपी मास्टर माइंड देवेन्द्र यादव।

करीब आठ माह बाद पुलिस जांच के दौरान ओमवीर का शव आरोपियों के ही खेत में दबा हुआ बरामद हुआ, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और घटना ने पुलिस टीमों ने सर्विलांस की मदद से लगातार दबिश देकर आरोपी देवेंद्र यादव को गिरफ्तार किया।

आरोपी देवेंद्र यादव पर एक दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, वहीं जिले के आसपास के विभिन्न थानों में भी उसके खिलाफ हत्या, मारपीट, धमकी व अन्य गंभीर धाराओं में कई मामले दर्ज बताए जाते हैं। वहीं, पीड़ित परिवार ने आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि उसे कड़ी से कड़ी सजा मिल सके और भविष्य में ऐसे अपराधों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। फिलहाल पुलिस अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।


## कार्यालय कलेक्टर/लाइसेंस प्राधिकारी, जनपद कानपुर नगर

संख्याः- 21/ जि0आ0अधि0 / का0न0 / दैनिक व्यवस्थापन/ 2026-27/ दिनांक 04 अप्रैल 2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ई-लाटरी के प्रथम चरण के पश्चात अव्यवस्थित देशी शराब की 58 फुटकर दुकानों, कम्पोजिट शॉप की 08 दुकानों, मॉडल शाप की 02 दुकानों एवं भांग की 08 फुटकर दुकानों का दिनांक 05.04.2026 से 14 दिवस या नियमित व्यवस्थापन, जो पहले हो, तक के लिये दैनिक आधार पर संचालन कराया जाना है।

इच्छुक आवदेकों द्वारा द्वितीय चरण हेतु निर्धारित बेसिक लाइसेंस फीस / लाइसेंस फीस को आधार मानकर दैनिक आधार पर बेसिक लाइसेंस फीस / लाइसेंस फीस के सापेक्ष आफर प्रस्तुत किये जा सकेगें। दिनांक 05.04.2026 को समय दोपहर 12: 00 बजे अपरान्ह तक आफर बन्द लिफाफे में कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी कानपुर नगर में जमा किये जायेगें तथा प्राप्त आफर आवेदकों के समक्ष दिनांक 05.04.2026 को समय दोपहर 12:30 बजे जिला आबकारी अधिकारी कानपुर नगर द्वारा कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी कानपुर नगर में खोले जायेंगे। सर्वोच्च आफर दाता के पक्ष में दैनिक लाइसेंस फीस के भुगतान एवं 14 दिन के निर्धारित एम0जी0क्यू0 पर दुकान उक्त अवधि के लिये दैनिक आधार पर व्यवस्थित की जायेगी। विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी / सम्बन्धित क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक से प्राप्त की जा सकेगी।

नोट :- ऑफर के साथ दुकान की आवेदित बेसिक लाइसेंस फीस का 10 प्रतिशत धनराशि के बराबर धरोहर धनराशि का बैंक ड्राफ्ट एवं ऑफर चयन की स्थिति में नियमानुसार आगणित बेसिक लाइसेंस फीस/लाइसेंस फीस का नियमानुसार प्रतिभूति धनराशि (न्यूनतम रू0 5000/-) जमा करना अनिवार्य होगा। इस सम्बन्ध में अन्य विवरण / सूचना कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, कानपुर नगर से प्राप्त की जा सकती है।

**जिला आबकारी अधिकारी, कानपुर नगर** **मुख्य विकास अधिकारी /प्रभारी जिलाधिकारी, कानपुर नगर**


सम्मान | काठमाण्डू में संपंन हुआ इण्डो नेपाल एजूकेशनल समिट-2026

# कृषि शिक्षा व शोध सहयोग पर दिया जोर

संवाददाता बकेवर इटावा



समिट में प्रमाणपत्र प्राप्त करते डॉ. मनोज कुमार यादव।

**अमृत विचार।** जनता कॉलेज बकेवर के पादप रोग विज्ञान विभाग के संयोजक डॉ. मनोज कुमार यादव ने इण्डो-नेपाल एजूकेशनल समिट 2026 में प्रतिभाग करते हुए भारत-नेपाल के बीच उच्च शिक्षा और कृषि अनुसंधान में सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया। यह दो दिवसीय समिट छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, त्रिभुवन विश्वविद्यालय, लिंकन एकेडमी मैक्सवे इंटरनेशनल तथा संवृद्धि एजुकेशनल कंसल्टेंसी प्रा.लि. नेपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ।

डॉ. यादव ने अपने व्याख्यान में कृषि शिक्षा के उन्नयन, साझा शोध नीति और दोनों देशों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में बेहतर अवसर उपलब्ध कराने पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारत-नेपाल के संयुक्त प्रयास से रोग प्रतिरोधी, उन्नत एवं कीट प्रतिरोधी फसल किस्मों का विकास संभव होगा। साथ ही प्राकृतिक खेती, एकीकृत रोग प्रबंधन और मशरूम शोध जैसे विषयों पर भी विशेष चर्चा की गई। समिट में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के निदेशक महाविद्यालय विकास परिषद प्रो. राजेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में 23 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। इस दौरान दोनों देशों के विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और तकनीकी सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी, जिससे छात्रों को भविष्य में विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों और शोध कार्यों का लाभ मिलेगा।

समिट में विभिन्न महाविद्यालयों के प्रोफेसरों एवं शिक्षाविदों ने अर्थशास्त्र, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बौद्ध दर्शन और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए, जिससे दोनों देशों के बीच ज्ञान और अनुसंधान का आदान-प्रदान और मजबूत होने की उम्मीद जताई गई।

## न्यूज ब्रीफ

### मालगाड़ी के नीचे फंसा युवक, गंभीर हालत में रेफर

**दिबियापुर।** फफूंद रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर पर डीएफसी लाइन के पास शुक्रवार की शाम 8 बजे एक युवक अचानक मालगाड़ी के सामने आ गया। स्थिति को भांपते हुए चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी, लेकिन तब तक युवक इंजन के नीचे आ गया और कई डिब्बे उसके ऊपर से गुजर गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक को घायल अवस्था में मालगाड़ी के नीचे से बाहर निकाला। एंबुलेंस की मदद से उसे नगर स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे चिचौली अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बा इंचार्ज अरविंद अग्रवाल कांस्टेबल अर्जुन सिंह, प्रवीण कुमार, योगेन्द्र सिंह ने बताया कि घायल युवक की पहचान थाना क्षेत्र के फकीरे पुरवा गांव निवासी 30 वर्षीय राजपाल के रूप में हुई है। परिजन भी अस्पताल पहुंच गए हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### श्रद्धांजलि सभा आज

**अछल्दा।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम मुनागंज में रविवार को अपराह्न 3 बजे से स्व. देवी दयाल (आईएएस), पूर्व सचिव, भारत सरकार का श्रद्धांजलि कार्यक्रम उनके पैतृक गांव में आयोजित होगा। इस संबंध में उनके पुत्र हर्षवर्धन दयाल ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### सड़क किनारे नाला की सफाई न होने से परेशानी

**ऐरवाकटरा।** बीएसएनएल टेलिफोन एक्सचेंज से बाथम तौला ट्रांसफार्मर तक नाला की सफाई न होने से घरों का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। नाले में जलभराव और गंदगी के चलते ग्रामीणों का जीना दुश्वार हो रहा है। जबकि सड़क से निकलना भी बहुत मुश्किल हो रहा है। गंदगी और जलभराव के चलते संक्रामक रोगों के फैलने की भी आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने इस समस्या की ओर जिम्मेदार लोगों से कई बार गुहार लगाई लेकिन अनसुना कर दिया गया। ऐरवाकटरा टीकुर निवासी मिजाजी लाल राजपूत ने कहा कि नगर के जिम्मेदार लोग जानबूझकर समस्या से अनजान बने हुए हैं। खंड विकास अधिकारी ऐरवाकटरा ने कहा कि वह अतिशीघ्र समस्या के निराकरण का प्रयास करेंगे।

### ई-क्रॉप सर्वे किसानों के लिए बनी समस्या

**कालपी-जालौन।** ई-क्रॉप सर्वे फिर किसानों के लिए समस्या बन गया है। शनिवार को किसानों ने गल्ला मण्डी स्थित गेहूं क्रय केन्द्र का निरीक्षण करने आये जिलाधिकारी से इसकी शिकायत की। इस पर उन्होंने लेखपालों से सत्यापन कराए जाने का आश्वासन दिया है। शासन ने बिगत कई वर्षों से सामान्य खसरे की व्यवस्था बन्द कर दी है। इसे भी खतौनी की तरह ऑन लाइन करने की प्रक्रिया के लिए ई-क्राप सर्वे शुरू किया है जो बिगत कई वर्षों से चल रहा है लेकिन खामियों के चलते निकल नहीं रहा है। शायद इसी के चलते सरकारी ज्वार खरीद के दौरान भी आनलाईन खसरे की व्यवस्था ज्वार बिक्री में बाधा बनी थी जिसके चलते प्रशासन ने लेखपालों को सत्यापन के अधिकार दिए थे लेकिन अब आनलाईन खसरे की खामी गेहूं बिक्री में भी सामने आ गयी है। शनिवार को गल्ला मण्डी स्थित एफसीआई द्वारा संचालित क्रय केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय से किसानों ने शिकायत की है। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्या को देखते हुए मौके पर मौजूद जिला विपणन अधिकारी गोविन्द उपाध्याय तथा एसडीएम मनोज कुमार सिंह को लेखपालों से खसरे का सत्यापन कराए जाने का निर्देश दिए हैं। क्रय केन्द्र प्रभारी रुचिता प्रजापति को नियमानुसार खरीद करने की नसीहत देकर कहा कि केन्द्र पर बिचौलिये दिखाई दिए तो कडी कार्रवाई होगी। इस मौके पर सीडीओ केके सिंह सहित प्रशासनिक टीम मौजूद रही।

### तीसरे दिन भी हटाया गया अतिक्रमण

**कालपी।** एनएचएआई शनिवार को तीसरे दिन भी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला। शनिवार को टीम ने दुर्गा मन्दिर के सामने सीमा से अतिक्रमण हटाया है। नगर से गुजरे एनएच 27 के सिक्सलेन होने की चर्चाओं के बीच प्राधिकरण ने यह कार्रवाई शुरू की है।

# शादी के कर्ज से परेशान युवक ने फांसी लगाकर दे दी जान

## फफूंद थाना क्षेत्र के भौनकपुर का मामला, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव भौनकपुर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के देखने पर कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि युवक के ऊपर शादी का कर्ज था, जिसकी वजह से परेशान रहता था।

शुक्रवार की रात क्षेत्र के गांव भौनकपुर निवासी 25 वर्षीय कुलदीप पुत्र लाखन सिंह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था, शुक्रवार की रात घर आया और पत्नी नीशू के साथ में खाना खाने के बाद सो गया। रात्रि में किसी समय उठ कर अपने घर की छत पर पिलर में लगे सरिया से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। बताया वह अपनी पत्नी के साथ अलग घर में रहता था। उसकी शादी लगभग 11 महीने पहले 29 अप्रैल 2025 को नीशू पुत्री राजकुमार निवासी नगला जोर थाना चकरनगर (इटावा) के साथ हुई थी। उसकी कोई संतान नहीं थी। शादी में रिश्तेदारों से कर्ज लिया था, जो दे नहीं पा रहा था जिसकी वजह से टेंशन में रहता था। शनिवार तड़के गांव के कुछ लोग गेहूं की कटाई के लिए खेतों की ओर जा रहे थे, तभी उन्होंने खुले छत पर पिलर से लटका हुआ शव देखा। इस पर उन्होंने घर के अंदर सो रही पत्नी नीशू को जानकारी दी। सूचना मिलते ही दूसरे घर में रह रहे पिता लाखन सिंह व अन्य परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के बड़े भाई दीपचंद सहित बहनें कुशमा व प्रियंका का रो-रोकर बुरा हाल था। जबकि उसकी मां का पहले ही निधन हो चुका है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि युवक के ऊपर शादी का कर्ज था, जिसकी वजह से वह परेशान रहता था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर नहीं मिली है।



युवक के घर के बाहर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

### फांसी के फंदे से लटका मिला नवविवाहिता का शव

**अजीतमल।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम काजीपुर (हजरतपुर) में शनिवार को एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। उसका शव घर की छत पर बने कमरे में गमछे के सहारे फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी, वहीं फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। मृतका अनुप्रिया पुत्री सतीश राजपूत, निवासी धूमनपुरा, इटावा, का विवाह 24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र निवासी हजरतपुर के साथ हुआ था। शादी के महज पांच माह बाद ही उसकी मौत हो गई। घटना के समय घर के अधिकांश सदस्य मौके से गायब थे, जबकि सास घर पर मौजूद मिली। मृतका की मां आरती ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे।



अनुप्रिया।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बच्चा गंभीर घायल

**बेला (औरैया)।** थाना क्षेत्र के बेला-कानपुर मार्ग पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से सड़क किनारे जा रहा छह वर्षीय बच्चा घायल हो गया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

नेमा देवी पत्नी रामबाबू शर्मा निवासी दया का नगला थाना मोहम्मदाबाद जिला फर्रुखाबाद अपने रिश्तेदार के यहां बेला आई थीं। रविवार सुबह उसका बेटा कार्तिक (6) कानपुर रोड से बेला चौराहे की ओर आ रही कार की चपेट में आकर घायल हो गया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घायल बच्चे को एक निजी अस्पताल ले गये जहां उसका प्राथमिक उपचार के बाद चिचोली स्थित मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे कानपुर स्थित हैलट रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस ने याकूबपुर चौकी पुलिस से नाकाबंदी कराकर कार को पकड़ लिया। पुलिस ने चालक को निजी मुचलके पर थाने से छोड़ दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि कार चालक शोभित शुक्ला निवासी जवाहर नगर भदौरिया चौराहा, थाना कानपुर नगर ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दुर्घटना की।



आग से जली झोपड़ी। अमृत विचार

## झाड़ियों में लगी आग से झोपड़ी जलकर हुई राख

संवाददाता, अछल्दा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव पूर्वा थाना में शनिवार दोपहर करीब 2:30 बजे अज्ञात कारणों से सड़क किनारे बनी झाड़ियों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पास में रखी झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया।

आग की चपेट में आने से शिवराज सिंह यादव पुत्र वीर नारायण की झोपड़ी जलकर राख हो गई। झोपड़ी में रखा गृहस्थी का सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। इसके अलावा पास में रखा करीब 2 कुंतल भूसा भी जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी गांव निवासी नीतू ने अन्य ग्रामीणों को दी, जिसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। ग्रामीणों की तत्परता से आग को फैलने से रोका जा सका। सूचना पर सोनू यादव द्वारा फायर ब्रिगेड और 112 पुलिस को भी अवगत कराया गया। पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। करीब एक घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर पूरी तरह काबू पाया, जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## तेज आंधी से विद्युत पोल और पेड़ गिरे

- किसानों की फसलों में नुकसान घंटों गुल रही बिजली

संवाददाता, रुरुगंज (औरैया)

**अमृत विचार।** क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात लगभग 11 बजे अचानक आई तेज आंधी और बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया।

रुरुगंज क्षेत्र के गांव सोहनी में एक आम का पेड़ गिर गया, जिसकी चपेट में आकर बिजली के दो पोल टूटकर धराशायी हो गए। घटना सोहनी गांव स्थित कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय के पास की है, जहां पेड़ गिरने से बिजली लाइन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसके चलते सोहनी और बराहार गांव की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई और दोनों गांव अंधेरे में डूब गए। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि आंधी इतनी तेज थी कि पेड़ सीधे बिजली के पोल पर गिर गया। घटना के समय क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को रात भर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शनिवार सुबह सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त पोल व तारों का निरीक्षण किया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही मरम्मत कार्य कर बिजली आपूर्ति बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए ताकि सामान्य जनजीवन को राहत मिले।

### दुकान से हजारों रुपये का सामान पार किया

**बिधूना, औरैया।** शुक्रवार की रात कस्बे के लोहा मंडी बाज़ार निवासी रीतेश सविता पुत्र स्वर्गीय बाबूराम की होम्योपैथिक की दुकान में घुसकर अज्ञात चोरों ने टेबल की रैक में रखे 15 हजार रुपये पार कर दिए। सुबह जब रीतेश दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान में रखी दवाओं के गत्ते आदि सामान अस्त-व्यस्त देखकर होश उड़ गए। पीड़ित ने घटना की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है।

## दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

संवाददाता, कुदरकोट

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम रठा निवासी एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता पूजा पुत्री दलवीर सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि शादी के बाद से ही उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है और अब उसकी जान को भी खतरा बना हुआ है। पीड़िता के अनुसार उसकी शादी 12 मई 2020 को इटावा जनपद के ऊसराहार थाना क्षेत्र के ग्राम सिओरा निवासी गौरव पुत्र दलेल सिंह के साथ हुई थी। विवाह के समय परिजनों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था, लेकिन कुछ ही समय बाद ससुराल पक्ष के लोगों का व्यवहार बदल गया। आरोप है कि पति व अन्य परिजन मोटरसाइकिल, सोने की जंजीर और नकदी की मांग करने लगे और इसके लिए उस पर दबाव बनाया जाने लगा। पिता दहेज देने में असमर्थ हैं। इसके बावजूद ससुराल पक्ष द्वारा उसे आए दिन ताने दिए जाते हैं। पीड़िता ने बताया कि 5 जनवरी 2026 को जब वह ससुराल पहुंची तो पति गौरव, सास विमला देवी, ससुर दलेल सिंह, ननद प्रीति व सीमा (पत्नी रामनरेश) ने मिलकर उससे दहेज की मांग की। जब उसने असमर्थता जताई तो सभी ने उसके साथ गाली-गलौज की। चेतावनी दी कि जब तक वह दहेज लेकर नहीं आएगी, उसे घर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। कुदरकोट थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

## भंडारे का प्रसाद पाने उमड़ी भीड़



भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**फफूंद, औरैया।** नगर के मोहल्ला कटरा मनेपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर शनिवार को विधि-विधान के साथ हवन-पूजन एवं विशाल भंडारा हुआ। दोपहर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

कार्यक्रम की शुरुआत कथा वाचक पंडित हृदेश शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-पूजन से हुई। इसमें यजमान परीक्षित कैलाश चंद्र पाल व उनकी पत्नी सुनीता देवी ने आहुति देकर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। हवन के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी आस्था के साथ भाग लिया। हवन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। पूरे परिसर में अनुशासन और सेवा भाव का अद्भुत दृश्य नजर आया। इस अवसर पर आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा और आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश फैलता है।

## 134 में से 5 शिकायतें निस्तारित

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायती आवेदन पत्रों को विभागीय अधिकारी स्वयं संज्ञान लेकर स्थलीय निरीक्षण के उपरांत निष्पक्षता के साथ दोनों पक्षों को संतुष्ट करते हुए समाधान सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस में संबंधित 134 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें से 5 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।

डीएम डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने तहसील अजीतमल में आयोजित संपूर्ण समाधान में क्षेत्र से आये फरियादियों के समस्या संबंधी आवेदन लेकर उनकी समस्याओं को सुनते हुए संबंधितों को दिए। कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई समस्या ग्रस्त आमजन अपनी समस्या के लिए बार-बार न भटकें और उसे सही समाधान मिले इसलिए हम सभी की जिम्मेदारी है कि अपनी ड्यूटी का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए समस्याओं का निराकरण करें। प्रार्थी दिनेश बाबू पुत्र गजराज सिंह निवासी अजुआपुर ने विद्युत समस्या के बारे में अवगत कराया। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि शिकायत का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।



फरियादियों की शिकायतें सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार

- अजीतमल तहसील में आयोजित हुआ जिलास्तरीय कार्यक्रम

सरला देवी पत्नी स्व. अरविन्द निवासी ग्राम बल्लापुर ने शिकायत की। बताया कि उसने पूर्व में प्रार्थना पत्र देकर प्रधानमंत्री आवास की मांग की थी। विधवा महिला होने के कारण तत्काल जांच हुई। जांच में प्रार्थिनी पात्र पायी गयी थी। इसके बावजूद भी विभाग द्वारा आज तक प्रार्थिनी को आवास नहीं दिया गया। प्रार्थिनी एक विधवा वृद्ध महिला है जिसके पास कोई पक्का मकान नहीं है। ऐसे में प्रार्थिनी को वर्षा के दिनों में कच्चे मकान में पन्नी डालकर गुजारा करने को मजबूर है। जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक डीआरडीए को निर्देश दिए कि मामले की जांच कर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। लक्ष्मी देवी पत्नी रंजीत निवासी पटेल नगर बाबरपुर ने जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनने की समस्या बताई। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बाबरपुर अजीतमल को निर्देषित किया कि जांच कराकर आज ही निस्तारण करें।

## पंकज मिश्रा को विदाई सुरेश चन्द्र का स्वागत

संवाददाता, अछल्दा

**अमृत विचार।** थाना परिसर में आयोजित विदाई समारोह में पुलिसकर्मियों ने थाना प्रभारी पंकज मिश्रा के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि उनके कार्यकाल में क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रही और आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा। इस दौरान पंकज मिश्रा ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अछल्दा में उन्हें जो सहयोग और सम्मान मिला, उसे वह हमेशा याद रखेंगे। वहीं, उनके स्थानांतरण के बाद वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुरेश चन्द्र को अछल्दा थाने का नया प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। समारोह में उपनिरीक्षक हेमलता यादव, राशिद हुसैन, रामबहादुर, राजेन्द्र प्रसाद तथा सिपाही मनोज सहित अन्य पुलिसकर्मी रहे।



विदाई और स्वागत समारोह में मौजूद लोग। अमृत विचार

## विधायक ने सड़क निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन, मिलेगी राहत

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** कालपी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई दिशा देते हुए विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कदौरा विकास खण्ड की दो महत्वपूर्ण सड़कों के चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।

विधायक ने बताया कि ग्राम पंचायत परासन में स्थित प्राचीन एवं पौराणिक ऋषि पाराशर मंदिर से हरिशंकरी तक की सड़क का निर्माण एवं चौड़ीकरण लगभग 8.25 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा। ग्राम इटौरा में बेतवा नदी के पुल से काशीखेरा तक लगभग 22 किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण का कार्य भी शुरू किया गया, जिसकी लागत करीब 76.49 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। विधायक ने कहा कि सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर लगभग 10 मीटर किए जाने से यातायात सुगम होगा और दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और विधायक द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। इस मौके पर विभागीय अधिकारी अंचल शर्मा (एई) एवं जितेंद्र कुमार (सहायक अभियंता, खंड-3, पीडब्ल्यूडी जालौन) सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राहुल पांडे, राधे पाठक, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष राजू पाठक, पवनदीप निषाद मनोज पांडे, अनुराग द्विवेदी, करण सिंह, शिव प्रसाद सिंह, धरणीधर यादव, कारण तिवारी, शीलू चतुर्वेदी, घनश्याम यादव, निखिल पांडे रहे।



सड़क निर्माण कार्य का पूजन करते विधायक विनोद चतुर्वेदी। अमृत विचार

समाधान दिवस | जिलाधिकारी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

## विभाग गंभीरता से लें लोगों की शिकायतें

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के तेवर तल्ख रहे। उन्होंने ज्यादा शिकायते मिलने पर ईओ नगरपालिका और विद्युत विभाग को जनसमस्याओं को गम्भीरता से लेने की नसीहत दी।

शनिवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस के दौरान 69 शिकायते दर्ज हुईं। इसमें 17 को मौके पर ही निस्तारित किया गया जबकि सभासद अतुल सिंह ने कहा कि पालिका परिषद द्वारा बड़ी संख्या में सोलर वाटर कूलर खरीदे गए हैं लेकिन अभी तक उन्हें स्थापित नहीं किया गया। भाजपा नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी ने प्रधानमंत्री आवास में गड़बड़ी की आशंका पर जांच कराए जाने की मांग की। रामचबूतरा निवासी शान्ती ने विद्युत विभाग पर घर के अन्दर लगे बिजली के सपोर्ट तार को न हटाए जाने की शिकायत दर्ज कराई है तो लालाराम निवासी लमसर ने गांव स्थित ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जा की शिकायत की। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, एसडीएम मनोज कुमार सिंह, सीओ अवधेश कुमार सिंह, तहसीलदार अभिनव तिवारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत महेन्द्र नाथ, खण्ड विकास अधिकारी कदौरा संदीप मिश्रा, महेवा अरूण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



जन सुनवाई करते एसडीएम हेमंत पटेल। अमृत विचार

### जालौन में एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

**जालौन।** एसडीएम हेमंत पटेल की अध्यक्षता में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई कर उनका निस्तारण किया गया। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, नगर विकास, कृषि, खाद्य सुरक्षा, विद्युत सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और फरियादियों की समस्याएं सुनीं। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 22 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराईं। जिनमें से पांच मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

न्यूज ब्रीफ

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हुई मौत

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के खंरौज गांव में शुक्रवार को गांव निवासी विकास (35) पुत्र तेज प्रसाद ने परिजनों से नाराज होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने से परिजन जिला अस्पताल ले गए। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार मृतक नशे का आदी था और अविवाहित था। वहीं क्षेत्र के सरसई गांव निवासी कामिनी (18) पुत्री लेखपाल ने शुक्रवार की रात करीब 9 बजे परिजनों से नाराज होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### बिजली गिरने से भैंस की चली गई जान

**मौदहा।** क्षेत्र के छिमौली गांव में हीराकली शुक्रवार रात रोज की तरह अपने मवेशियों को चराने के बाद घर के बाहर भैंस बांध दी। रात्रि 2 बजे आसमान में काले बादल छा गए और तेज गर्जना के साथ अचानक बिजली गिर पड़ी। देखते ही देखते भैंस जमीन पर गिर पड़ी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। किसान रामधनेश पुत्र कामता की पत्नी हीरा कली का रो-रोकर बुरा हाल है, क्योंकि यह भैंस ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन थी। सूचना मिलने पर हल्का लेखपाल अभिषेक तिवारी मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। नुकसान का आकलन करते हुए रिपोर्ट तैयार की है, जिसे उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद ने नुकसान का जायजा लिया। पीड़ित हीराकली ने सरकार से आर्थिक सहायता की मांग की है।

### विधवा ने तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में विधवा महिला से शारीरिक शोषण का दबाव बनाने व घर में घुसकर गंदी हरकत करने, गाली गलौज करने तथा कान के बाले छीनकर ले जाने पर पीड़िता ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा महिला ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी तीन बेटियां हैं। जिनकी शादी वह करना चाहती है। वही गांव का शिवकुमार पुत्र गेंदा आए दिन परेशान करता है और शारीरिक शोषण का दबाव बनाता है। जबकि गांव के राजेंद्र व सतेंद्र मेरी लड़कियों की शादी रोकने का प्रयास करते है और विरोध करने पर मारपीट कर जान माल की धमकी देते हैं। बीते 31 मार्च को शिवकुमार घर में घुसकर गंदी हरकत करते हुए गाली गलौज की और कान के बाला छीनकर भाग गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट

**मौदहा।** पांच दिन से सोशल साइट्स पर कस्बे के जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध आपत्तिजनक पोस्ट कर बदनाम करने की साजिश की जा रही है। कोतवाली प्रभारी ने मामले की जांच कराने की बात कही है। फेसबुक पर अलीना खान लखनऊ के नाम से बनी आईडी से कस्बे के युवाओं के विरुद्ध आपत्ति जनक पोस्ट कर उन्हें न सिर्फ बदनाम किया जा रहा है बल्कि लड़कों के साथ लड़कियों की फोटो लगाकर शारीरिक शोषण करने की दास्तान लिखकर बदनाम करने या धन ऐंठने की साजिश की जा रही है। इसको लेकर शनिवार दोपहर बाद एक पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### पिता-पुत्र के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी

**बिवांर।** थानाक्षेत्र के निवादा गांव निवासी रामानंद पुत्र सीताराम कुशवाहा ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर के बाहर गेहूं की सफाई, छनाई का कार्य कर रहा था। तभी पड़ोसी बृजकिशोर पुत्र सुखनंदन मना करने लगा। न मानने पर अभद्रता कर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर अपने पुत्र मनोज के साथ मिलकर मारपीट कर दी। साथ ही पिता पुत्र ने उसके घर के खपरैल की तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित ने पिता पुत्र के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसआई विजय बहादुर ने बताया कि उसकी तहरीर मिली है, जांच कर पिता पुत्र के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पॉक्सो एक्ट व दलित उत्पीड़न में दोषी को तीन साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- कुरारा थाना क्षेत्र में 23 फरवरी 2016 को हुई थी घटना
- कूड़ा फेंकने गई किशोरी को खींचने का किया था प्रयास

**अमृत विचार।** थाना कुरारा के एक गांव में करीब 10 साल पूर्व अनुसूचित जाति की किशोरी को दबोचकर खेतों की ओर ले जाने व जान से मारने की धमकी देने के मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कीर्तिमाला सिंह की अदालत में हुई। अदालत ने अभियुक्त को तीन साल के कठोर कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

कुरारा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अनुसूचित जाति की किशोरी के साथ गांव के ही अभियुक्त जोगेन्द्र पुत्र कप्तान यादव ने 23 फरवरी 2016 को शाम करीब 6 बजे प्राइमरी स्कूल के पीछे कूड़ा फेंकने के दौरान पीछे से उसे दबोच लिया और खेतों की ओर खींचकर ले जाने लगा। अश्लील हरकते करते हुए गाल पर किस करने लगा। पीड़िता ने विरोध किया तो उसे थप्पड़ घूसों से मारने लगा। वादिनी के रोने चिल्लाने व बचाव-बचाव की आवाज करने पर उसके पिता व चाचा सहित अन्य कई लोग दौड़कर आए व उसे ललकारा तब जोगेन्द्र यादव जान से मार देने की धमकी देता हुआ खेतों की ओर भाग गया। इस मामले को सत्र न्यायालय में 27 जुलाई 2017 को सुपुर्द किया गया। वादिनी घटना के बाद अपने पिता को साथ थाने पहुंची परंतु पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। इसको लेकर पीड़िता ने जोगेन्द्र पर अप्रिय घटना करने को लेकर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया। तब पुलिस ने धारा-8 पॉक्सो एक्ट एवं धारा-3 (1) (11) एससी/एसटी एक्ट में मुकदमा अभियुक्त जोगेन्द्र के खिलाफ पंजीकृत किया। इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश /विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कीर्ति माला सिंह ने आरोपी जोगेन्द्र को तीन वर्ष के कठोर कारावास एवं पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड की धनराशि अदा न किये जाने की दशा में दो माह के अतिरिक्त साधारण कारावास के दण्ड से दण्डित किया जाता है।

## एसडीएम और वकीलों का विवाद गहराया

लेटर वार

- बार एसोसिएशन ने समझौता वार्ता के लिए रखी बड़ी शर्त
- उच्चाधिकारियों की मध्यस्थता में वार्ता करने की उठाई आवाज

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** तहसील में बार एसोसिएशन और उपजिलाधिकारी के बीच चल रही खींचतान का फिलहाल कोई हल नहीं निकला है। शुक्रवार को उप जिलाधिकारी की ओर से बार एसोसिएशन को भेजे गए पत्र में अधिवक्ता को ही दोषी ठहराए जाने और अपना पक्ष रखने के बाद शनिवार को बार एसोसिएशन ने भी एक पत्र जारी कर उप जिलाधिकारी के साथ चल रहे गतिरोध पर अपना रुख स्पष्ट किया है। बार एसोसिएशन का कहना है कि उच्चाधिकारी की मध्यस्थता पर ही समझौता वार्ता की जाएगी।


शनिवार को अधिवक्ताओं ने बैठक कर आगे की रणनीति बनाई। अमृत विचार

बार एसोसिएशन अध्यक्ष शिवलाल पाल ने शनिवार को जारी पत्र में उपजिलाधिकारी करणवीर सिंह की ओर से प्रेषित किए गए पत्रांक के जवाब में अपनी असहमति जताई है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष का कहना है कि उपजिलाधिकारी का व्यवहार अधिवक्ताओं के प्रति उचित नहीं रहा है, जिसको लेकर पहले भी विवाद हो चुके हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि पूर्व में अपर जिलाधिकारी की मध्यस्थता में सभी बिंदुओं पर सहमति बनी थी, लेकिन वह समझौता फिलहाल निष्प्रभावी हो गया है।

बार एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि वे बार और बेंच के बीच सामंजस्य बनाए रखने के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके लिए एक ठोस शर्त रखी गई है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष का कहना है कि अब किसी भी तरह की वार्ता केवल जिलाधिकारी या उनके समकक्ष किसी उच्चाधिकारी की मध्यस्थता में ही संभव होगी। जब तक उच्चाधिकारी की ओर से वार्ता के लिए पहल नहीं की जाती, तब तक बार एसोसिएशन अपने फैसले पर अडिग रहेगा।

## हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से 30 बीघा गेहूं की फसल जली

### गुस्साए किसानों ने पॉवर हाउस में प्रदर्शन करते हुए मुआवजा की मांग उठाई

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- लाइन में फाल्ट ठीक करने के बाद टेस्टिंट करते समय हुआ हादसा
- आग से फसल बचाने के प्रयास में चार किसान भी झुलस गए

**अमृत विचार।** क्षेत्र के पचखुरा खुर्द गांव में हाईटेंशन लाइन का फाल्ट ठीक करने के बाद टेस्टिंग के दौरान निकली चिंगारी से खेतों में खड़ी गेहूं की पकी फसल में आग लग गई। इसमें चार किसानों की 30 बीघा फसल जलकर खाक हो गई और छह किसान आग बुझाने में झुलस गए। घटना की सूचना पाकर पहुंची पीआरवी टीम ने फायर दस्ते के साथ मिलकर आग पर काबू पाया। आक्रोशित किसानों ने पावर हाउस में प्रदर्शन करके लाइनमैन पर कार्रवाई करने तथा मुआवजा दिलाने की मांग की है।


खेतों पर आग से जली गेहूं की फसल और एकत्र किसान। अमृत विचार

शनिवार को दोपहर करीब 12 बजे पारा पावर हाउस का लाइनमैन अपने दो साथियों के साथ हाईटेंशन लाइन में आए फाल्ट को ठीक करने गया था। फाल्ट ठीक करने के बाद जैसे ही उसने शटडाउन वापस लिया और लाइन चालू की गई तो उससे निकली चिंगारी गेहूं की फसल में आ गिरी और आग लग गई। आग लगते ही लाइनमैन साथियों संग भाग निकला। आग से पचखुरा खुर्द के किसान उमेश सिंह की 15 बीघा,जितेंद्र सिंह,योगेंद्र सिंह एवं लाखन सिंह की पांच-पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गयी। इस घटना में आग बुझाते समय सर्वेश सिंह, अमित सिंह, प्रदीप सिंह, छोटू यादव आदि किसान मामूली रूप से झुलस गए। खेतों में आग लगने की सूचना ग्राम प्रधान अनिल यादव ने पुलिस और फायर दस्ते को दी। सूचना पाकर पीआरवी की दो एवं दो फायर दस्ते के साथ मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घटना से आक्रोशित किसानों ने अपराह्न तीन बजे कस्बे के एसडीओ कार्यालय में किसान बब्बू सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए उन्हें शिकायत सौंपकर लाइनमैन पर कार्रवाई करने तथा किसानों को क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग की है। उपखंड अधिकारी एमपी सिंह ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। किसानों के अनुसार आग से करीब साढ़े छह लाख की फसल जलकर खाक हो गई।

### गश खाकर गिरने से किसान की मौत

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के धमना गांव में एक किसान की खेत में गश खाकर गिरने से मौत होने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराया है।

कोतवाली क्षेत्र के धमना गांव का निवासी किसान मुरलीधर (58) पुत्र जुग्गा प्रसाद अपने खेत में फसल की कटाई करने के लिए गया था। तभी अचानक संदिग्ध परिस्थितियों के चलते वह खेत में ही गश खाकर गिर गया। जिसके बाद परिजन उसे आनन फानन में कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक मुरलीधर अपनी 18 बीघा कृषि भूमि में खेती किसानी के अलावा पशु पालन आदि कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। जो कि अपने पीछे पत्नी झनक रानी के अलावा पुत्र रविंद्र और धीरेंद्र सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।


## तेज रफ्तार कार खाई में पलटी, अधेड़ की मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- भतीजी के वलीमा में शामिल होने के बाद महोबा लौट रहे थे
- गोहांड के पास हादसा, मोबाइल पर बात कर रहा था चालक

**अमृत विचार।** गोहांड के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाईं में पलटने से 55 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि पांच लोग घायल हो गए। सभी लोग वलीमा में शामिल होकर महोबा लौट रहे थे। बताते हैं कि हादसे के समय कार चालक मोबाइल फोन पर बात कर रहा था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।

महोबा जनपद के भीतर कोट निवासी पप्पू ने बताया कि उसकी पुत्री अप्पी की शादी एक अप्रैल को उरई में हुई थी। शुक्रवार को उसकी पुत्री की चौथी और वलीमा था। उनके साथ में अनवर अंसारी (55) पुत्र अब्दुल रहमान भी वलीमा में उरई गए थे। रात में लौटते समय गोहांड के पास चालक मोबाइल फोन पर बात कर रहा था, तभी अचानक गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और कार सड़क के किनारे खाई में जाकर पलट गई। हादसे में अनवर की मौत हो गई,


अनवर अंसारी।

जबकि पत्नी तरन्नुम, पुत्र अरहान, गुफरान, भतीजा सैफ और अजरा परवीन भी घायल हो गई। अनवर सफाई कर्मी था। पांच साल पहले रोडवेज में तैनात भाई नौशाद की दीवार गिरने से मौत हो गई थी। पति की मौत पर पत्नी सहित अन्य सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाली इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## समाधान दिवस में आईं तीन दर्जन शिकायतें, सिर्फ एक का निस्तारण

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** तहसील में जिला स्तरीय समाधान दिवस में तीन दर्जन शिकायतें आईं, जिनमें से मात्र एक मामले का निस्तारण हो सका। कई कई बार समस्याएं रखने के बाद भी निस्तारण नहीं होने से धीरे-धीरे यहां आने वाले फरियादियों का विश्वास समाधान दिवस से उठता जा रहा है।

तहसील सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार ने की। इस मौके पर 36 फरियादी आए, जिसमें केवल एक ही मामले का निस्तारण मौके पर हो सका। सबसे अधिक मामले राजस्व व पुलिस से संबंधित रहे। नगर के पूर्वी तरौस निवासी कुसुम कली पत्नी ओमप्रकाश ने अंत्योदय राशन कार्ड बनवाने, सबलू पुत्र सिद्दीक ने मोहल्ले के सिम्मू ड्राइवर पर गुंडा टैक्स मांगने की शिकायत की। ग्राम बसवारी के हल्कू व चिकसोना निवासी किशना ने दबंगों पर चकरोड पर अवैध कब्जा करने की शिकायत की। अरतरा निवासी विधवा सदाकली पत्नी लक्ष्मी नारायण ने विधवा पेंशन बनवाने की मांग की। तहसील दिवस में समाधान दिवस में आने वाले फरियादी मामलों का समय रहते उचित निस्तारण न होने से यहां न्याय के लिए आने वाले फरियादियों का विश्वास समाधान दिवस से उठता जा रहा है। इस मौके अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार, सीडीओ अरुण कुमार सिंह, उप जिला अधिकारी करणवीर सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय व तहसीलदार शिखर मिश्रा समेत अधिकारी मौजूद रहे।



समाधान दिवस में शिकायतें सुनते अधिकारी। अमृत विचार

### ई रिक्शा पलटने से तीन लोग घायल

**कुरारा।** कस्बे में ब्लॉक कार्यालय के पास बाइक को बचाने के चक्कर में ई रिक्शा पलटने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

थानाक्षेत्र के डामर गांव निवासी नीरज (34), सत्यनारायण (32) व शंकरपुर गांव निवासी राजेश (31) कस्बे से एक ई रिक्शा में बैठकर डामर गांव जा रहे थे। तभी ब्लॉक कार्यालय के पास कालपी हमीरपुर हाईवे में बाइक सवार को बचाने के चक्कर में ई रिक्शा नियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें परिजन उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर गए। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद नीरज व राजेश की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## मौदहा कोतवाली पहुंचे पुलिस कप्तान

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** नए पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर ने शुक्रवार को मौदहा कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय अभिलेख, मालखाना, हवालात एवं शस्त्रागार का बारीकी से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखे जाएं तथा लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने फरियादियों के साथ शालीन व्यवहार बनाए रखने और उनकी शिकायतों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने साफ-सफाई व्यवस्था, ड्यूटी रजिस्टर, सीसीटीएनएस कार्य एवं अपराध नियंत्रण संबंधी तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने मौजूद पुलिसकर्मियों को अनुशासन में रहकर बेहतर पुलिसिंग करने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।


मौदहा कोतवाली का निरीक्षण करते एसपी मृगांक शेखर। अमृत विचार

### दबंगों से परेशान महिला ने एसपी से लगाई गुहार

**हमीरपुर।** दबंग युवकों की अश्लीलता और मारपीट से परेशान महिला ने शनिवार को एसपी मृगांक शेखर पाठक को शिकायती पत्र सौंप कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। सुमेरपुर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने बताया कि बीते एक अप्रैल को वह अपने घर के दरवाज़े के पास झाड़ू लगा रही थी। तभी पड़ोसी कृष्ण गोपाल, राघवेन्द्र सिंह व रावेन्द्र सिंह उसके पास आए और उसे उठाकर पटक दिया। जैसे ही उसने आवाज लगाई वैसे ही उसकी बहन बचाव करने को दौड़ी, तो उक्त दबंग लोग दोनों को मारपीट कर भाग निकले। उक्त दबंगों द्वारा पूर्व में भी अश्लीलता की थी। जिसकी उन्होंने सुमेरपुर थाने में शिकायत की। लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिससे आहत होकर उसने एसपी को शिकायती पत्र सौंप उक्त के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है।

धोखाधड़ी

शातिरों ने रेलवे अफसर बनकर दिया झांसा, 48 घंटे बाद चालकों के वापस आने पर हुआ खुलासा

## किराए में दो रोड रोलर लेकर कबाड़ी को बेच डाला

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** एक व्यक्ति ने रेलवे का अधिकारी बनकर बांदा के दो अलग-अलग व्यक्तियों के रोड रोलर किराए पर लिया और फिर कस्बे में आकर खुद को ठेकेदार बताकर दोनों रोड रोलर कबाड़ी को बेचकर फरार हो गया। चालकों के वापस लौटने पर इस धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। पुलिस ने कस्बे की उद्योग नगरी में बंद पड़ी एक फैक्टरी से दोनों रोड रोलर बरामद करके पुलिस चौकी में खड़ा कराया है।


सुमेरपुर कस्बे में कबाड़ी के यहां पकड़े गए रोड रोलर। अमृत विचार

बांदा के कालू कुआं निवासी उमेश गुप्ता ने बताया कि उसके पास मोहन मिश्रा पुत्र कृष्ण कुमार मिश्रा निवासी अंबाला 30 मार्च को आकर बताया कि वह रेलवे का अफसर है। सुमेरपुर के चंदपुरवा गांव के समीप रेलवे का कार्य चल रहा है। किराए पर रोड रोलर की जरूरत है। आधार कार्ड आदि देकर 20 हजार एडवांस दिए और रोड रोलर लेकर चला आया। यहां आने पर चालक से कहा कि दो दिन बाद कार्य शुरू होगा तब आना। इस पर चालक वापस लौट गया। इसी तरह बांदा की इसी मोहाल के निवासी रामबली विश्वकर्मा ने बताया कि यही व्यक्ति उसके पास 31 मार्च को आया और खुद को लोक निर्माण विभाग का ठेकेदार बताकर किराए पर रोड रोलर मांगा और कहा कि चंदपुरवा बुजुर्ग की सड़क बनाने का कार्य मिला और 10 हजार रुपये एडवांस देकर रोड रोलर साथ ले गया और चालक को दो दिन बाद आने की बात कह कर वापस बांदा भेज दिया। दो दिन बाद जब दोनों चालक मौके पर आए तो रोड रोलर के साथ मोहन मिश्रा भी गायब मिला। चालकों ने आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई। तब पता चला कि दोनों रोड रोलर खराब बता कर क्रेन से घसीट कर ले जाए गए हैं और कस्बे में कहीं बेंच दिए हैं। चालकों ने इसकी सूचना अपने मालिकानों को दी। सूचना पर दोनों मालिक मौके पर आए और गायब रोड रोलर की सुरागकशी की। शुक्रवार को देर रात पता चला कि दोनों रोड रोलर फैक्टरी एरिया के वैष्णवी धर्म कांटा में तौले गए। धर्म कांटा संचालक ने कबाड़ी राजेश सिंह उर्फ मामा द्वारा तौल कराने की बात बताई। उसके बाद दोनों मालिक चालकों के साथ थाने पहुंचे और घटना से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उद्योग नगरी में बंद पड़ी एक फैक्टरी से रोड रोलर बरामद करके चौकी पर खड़ा कराया है।

कबाड़ी राजेश सिंह उर्फ मामा ने बताया कि मोहन मिश्रा ने खुद को एमएस कंस्ट्रक्शन का मालिक बताकर 30 मार्च एवं एक अप्रैल को रोड रोलर बेचे हैं। इसकी रसीद भी अपनी फर्म के लेटर पैड में बना कर दी है। दोनों रोड रोलर चार लाख 29 हजार के खरीदे हैं। दोनों को क्रेन की सहायता से धर्मकांटे तक लाकर तौल कराई गई थी। दोनों को निष्प्रयोज बताया था। थानाध्यक्ष अनूप सिंह रोलर मालिकों को बांदा का मामला बताकर वहीं रिपोर्ट दर्ज करने को कहा है।

## यात्री कर अधिकारी ने स्कूलों के वाहन पकड़े

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- बिना फिटनेस स्कूल के बच्चों को ढोते पकड़ी गईं तीन वैन
- दो ओवरलोड वाहनों से 1.80 लाख रुपये जुर्माना वसूला

**अमृत विचार।** परिवहन विभाग के स्कूली वाहनों की चेकिंग से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। शनिवार को परिवहन विभाग के यात्रीकर अधिकारी चंदन पांडेय ने अपनी टीम के साथ राठ-उरई मार्ग पर रिहुंटा क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। यात्रीकर अधिकारी चंदन पांडेय ने बताया कि रेनबो पब्लिक स्कूल और एक अन्य स्कूल की तीन फिटनेस फेल स्कूली बच्चें परिवहन करते हुए पकड़े गए।


वैन की जांच करते यात्री कर अधिकारी।

उन्होंने बताया कि फिटनेस फेल वाहनों को रिहुंटा चौकी में सीज कर दिया गया। एक अन्य फिटनेस फेल मैजिक जिसमें स्कूली बच्चें भरे हुए थे ऐसे वाहन को मुस्करा कोतवाली में सीज कर दिया गया। बताया कि चार वाहन सीज किए गए हैं। इसी तरह से परिवहन टीम ने चंडौत क्षेत्र में दो ओवरलोड़ वाहनों से 1 लाख 80 हजार का जुर्माना वसूला। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से स्कूल संचालकों में हड़कंप रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### बघौरा में महायज्ञ के समापन पर भंडारा

**बेलाताल।** भाग कवि ईसुरी के गांव बघौरा में महायज्ञ की वर्षगांठ पर भंडारा हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम तक भीड़ जमा रही। जैतपुर ब्लाक के बघौरा गांव में यज्ञ की वर्षगांठ मनाई गई। गांव के तालाब वाले हनुमान मंदिर में रामस्वरुप विश्वकर्मा, मातादीन विश्वकर्मा ने भंडारे का भव्य आयोजन किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भंवरराजा ने बताया कि भंडारे से पूर्व ग्रामीणों के सहयोग से नौ कुंडी यज्ञ कराया गया, जिसमें छतरपुर से धर्माचार्यों ने यज्ञ को रीति रिवाज के साथ संपन्न कराया। एक सप्ताह तक चले यज्ञ के समापन पर भंडारे का आयोजन कराया गया, जहां पर भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक आयोजन पर आयोजनकर्ताओं ने बताया कि वर्ष 2016 में यज्ञ का आयोजन किया गया, उसी समय से निरंतर हर साल यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष के यज्ञ आयोजन में विद्वान यज्ञाचार्यों न शोधन कराया, जिसमें आगामी 23 अप्रैल से 1 मई तक यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। सभी ग्रामीणों के सहयोग से यह आयोजन संपन्न होगा।

### रैली से छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**हमीरपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति 5 .0 फेज 2 के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज कुरारा में साइक्लोथॉन थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को जनसंख्या अनुपात, स्कूल ड्रॉप आउट, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, संस्थागत प्रसव के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में जेंडर स्पेशलिस्ट (सिद्धार्थ दीक्षित एवं आकिफ अहमद) द्वारा बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया गया बालिकाओं को बताया गया कि उनके लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे वह आत्मनिर्भर होकर अपने निर्णय स्वयं ले सकती है। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, 181 बाल सेवा योजना, पॉक्सो एक्ट एवं हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया।

## काकुन मंदिर पहुंचीं डीएम



महोबा जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने शनिवार को तहसील चरखारी के प्राचीन काकुन हनुमान मंदिर का भ्रमण किया। जिलाधिकारी ने मंदिर में मौजूद प्राचीन मूर्ति देखने के बाद मंदिर का भ्रमण किया। इस दौरान मंदिर के पर्यटन विकास के लिए प्रस्ताव तैयार करने के पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए। मंदिर के पुजारी और ग्रामीणों के बताने पर डीएम ने विभिन्न विकास बिन्दुओं पर विस्तार से प्रस्ताव तैयार कर पर्यटन निदेशाल लखनऊ भेजे जाने की बात कही। इसके अलावा तालाब की साफ सफाई और मंदिर में समुचित सफाई की व्यवस्था के लिए भी उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को काकुन की तरफ पहुंचने वाली सड़कों को दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए साथ ही मंदिर में मौजूद प्राचीन मूर्तियों के संरक्षण के लिए प्रयास करने पर जोर दिया। काकुन मंदिर भ्रमण दौरान उपजिलाधिकारी धीरेंद्र कुमार, पर्यटन अधिकारी डॉ. चित्रगुप्त श्रीवास्तव और लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता मौजूद रहे। ● अमृत विचार

# 24 घंटे बाद बांध में बरामद हुआ युवक का शव

अमृत विचार Follow UP

- नाव के जरिए कांटे डालकर चलाया गया सर्च ऑपरेशन
- बांध के किनारे ही डेरा जमाए परिवार के लोग बिलख पड़े

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के कमालपुरा बांध में सैर-सपाटा करते समय अचानक असंतुलित होकर नाव के पलट जाने से शुक्रवार को डूबे युवक का शव 24 घंटे बाद गोताखोरों ने बरामद कर लिया। युवक का शव मिलते ही बांध के किनारे डेरा जमाए परिवार के लोगों के बीच चीख-पुकार मच गई। घटनास्थल पर सुबह से ही भारी भीड़ जमा थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के लाडपुर निवासी बंटी अहिरवार, आकश अहिरवार और मोनू अहिरवार कमालपुरा बांध मे नहाने के बाद नाव से सैर कर रहे थे, तभी अचानक बांध की लहरों से नाव असंतुलित हो गई और पलट गई। जिससे तीनों युवकों बांध में छलांग लगा दी। आकश और मोनू तैरकर बाहर आ गए और साथी बंटी बांध में डूब गया। घंटों गोताखोरो के तालश करने के बाद भी घंटों तलाश करने के बाद शव न मिलने पर ग्रामीणों ने बांध के अंदर नाव कई स्थानों पर कांटे डालकर तलाश की शनिवार को दिन में करीब बारह बजे कांटों में मृतक के कपड़े फंस जाने के बाद खीचने पर शव बाहर आ गया।



सर्च ऑपरेशन के दौरान बांध के किनारे खड़े ग्रामीण और पुलिस। अमृत विचार

बंटी के परिजन दो दिन से उसके जीवित होने की प्रार्थना कर रहे, लेकिन अचानक शनिवार को शव मिलने के बाद घर में रोना पीटना मच गया, युवक की मौत से गांव में गमगीन माहौल बना हुआ है। तहसीलदार प्रतिम सचान भी मौके पर पहुंच गए। शनिवार को गोताखोरो को सफलता मिलती न देख अधिकारियों के निर्देश पर बांध में जगह-जगह कांटे डालकर खींचने पर युवक के कपड़े फंस गए। इसके बाद शव को बाहर निकाला गया। शव बरामद होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। तैर कर किसी तरह बच निकले साथी अभी भी सहमे हुए हैं।

# ट्रक से सीधी भिड़ंत में रोडवेज बस चालक की मौत, 15 घायल

## महोबा-मुस्करा रोड पर करहरा गांव के पास रोडवेज बस और ट्रक में हुई टक्कर

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- हादसे के बाद रोडवेज बस यात्रियों में मची चीख-पुकार
- हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचीं एएसपी वंदना सिंह
- घायल बस यात्रियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया

**अमृत विचार।** महोबा-मुस्करा मार्ग पर करहरा गांव के पास रोडवेज बस और ट्रक में आमने-सामने भिड़ंत होने से बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रोडवेज बस में सवार 15 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से बस यात्रियों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे के समय बस में यात्रा कर रहे यात्री बुरी तरह सहम गए और अपने करीबी लोगों को फोन करते रहे।

शनिवार को रोडवेज बस मुस्करा से यात्रियों को लेकर महोबा आ रही थी। जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर करहरा कला गांव के पास महोबा की तरफ से जा रहे ट्रक से आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादमे में बस चालक मोहम्मद आजाद की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और बस में फंसे घायलों को बाहर निकाला।



अपनों को फोन करतीं सहमी महिलाएं। अमृत विचार



जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए घायल यात्री। अमृत विचार

सड़क हादसे की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गईं। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंच गए और लोगों की मदद से बस में सवार करीब 15 घायल यात्रियों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडेय ने भी मौके पर पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



दुर्घटनाग्रस्त रोडवेज बस।

### सहमे यात्री 'अपनों' को करते रहे फोन

- बस में सफर कर रहे कुछ यात्री सकुशल बच गए, लेकिन सहमे नजर आए। बस से उतरने के बाद सड़क किनारे खड़े होकर अपने रिश्तेदारों को मदद के लिए फोन कर बुलाते दिखाई दिए। कुछ महिलाओं के साथ पुरुष न होने के साथ वह बच्चों के साथ परेशान दिखाई दीं।

### क्रेन से बस-ट्रक को सड़क से हटाया

- बस और ट्रक के बीच टक्कर इतनी तेज हुई कि काफी दूर तक धमाके की आवाज सुनाई दी। धमाका सुनते ही लोग दौड़ पड़े। ट्रक और बस सड़क पर ही फंस गए, जिससे यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से बस- ट्रक को हटाकर यातायात बहाल कराया। एएसपी ने हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं।

# साास की हत्या करने वाला दामाद गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के बिलबई गांव में खेत में विधवा महिला का शव मिलने के मामले में नया मोड़ आ गया है। सर्प दंश से मौत बताई गई था, मगर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सीने और पेट के ऊपरी हिस्से में गोली के कई छर्रे मिलने से स्पष्ट हुआ कि गोली लगने से मौत हुई है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर फरार दामाद को गिरफ्तार किया है और उसके पास से तमंचा पकड़ा है।

बिलबई की श्यामवती रैकवार (50) 23 मार्च को खेत में चने की फसल काटने गई थी। देर शाम खेत पर वह गंभीर अवस्था में पड़ी मिली थी और आसपास खून फैला था। परिजन जिला अस्पताल लाए थे, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। उस समय परिजनों को कुछ समझ में नहीं आया और सर्प दंश से मौत मान लिया, लेकिन जब पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो उसके शरीर में गोली लगने से मौत की पुष्टि हुई। पुत्र नीरज और बहू रोशनी ने श्यामवती के दामाद गोलू उर्फ भूपेंद्र रैकवार के खिलाफ हत्या किए जाने की तहरीर पुलिस को दी। एसपी शशांक सिंह के निर्देश पर सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष पांडेय ने सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को शहर के करिया पठवा के पास छिपे गोलू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में उसने गोली मारकर हत्या का जुर्म कुबूला। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने तमंचा भी बरामद कर लिया। पुलिस ने हत्यारोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया है। पुत्र और बहू का कहना है कि गोलू की पत्नी मीरा अपने बेटे के साथ मायके आई थी और बाद में लापता हो गई थी। इसी रंजिश ससुराल पक्ष को खत्म करने की धमकी दी थी।



पुलिस हिरासत में हत्यारोपी दामाद।

# अवेंजर्स ने पैंथर्स टीम को हराया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड क्षेत्र में क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से वीरभूमि अंडर 14 क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी 2026 का शनिवार को शहर के बीएसएनएल टावर के पास स्थित एमसीए ग्राउंड पर भव्य शुभारंभ हुआ। पहला मैच पराशर पैथर्स और आरपीएस अवेंजर्स के मध्य खेला गया, जिसमें आरपीएस अवेंजर्स ने जीत दर्ज की प्रतियोगिता में जिले सहित कानपुर, बांदा, झांसी, चित्रकूट, लखनऊ, बरेली और ललितपुर जनपदों से आए खिलाड़ियों ने सहभागिता की।

वीरभूमि अंडर 14 क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी के शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य महोबा व बुंदेलखंड के उभरते खिलाड़ियों को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है, जिससे वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और अन्य जिलों के खिलाड़ियों के साथ समन्वय स्थापित कर सकें। यह प्रतियोगिता 4 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रतिदिन दो मुकाबले सुबह 8 बजे और शाम 3 बजे खेले जाएंगे।



टूर्नामेंट का फीता काटकर शुभारंभ करते अतिथि। अमृत विचार

टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में पाराशर पैंथर्स ने 19.3 ओवर में 136 रन बनाए। जवाब में आरपीएस अवेंजर्स ने 15.4 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 137 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। आरपीएस अवेंजर्स के खिलाड़ी दिव्यांश मिश्रा को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 59 गेंदों पर नाबाद 64 रन बनाए, जिसमें 11 चौके शामिल रहे। इस मौके पर वरिष्ठ अतिथि भाजपा नेता भागीरथ नागयच, राम दत्त तिवारी, संजय मिश्रा, राजेश चतुर्वेदी, प्रकाश सक्सेना, अधिवक्ता नीरज रावत, डॉ. ज्ञानेश अवस्थी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजपूत, विनोद कुशवाहा सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### 80 में 2 शिकायतों का हुआ निस्तारण

**महोबा।** चरखारी तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम गजल भारद्वाज ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर कुल 80 शिकायतें आईं, जिनमें से मौके पर 2 शिकायतों का निस्तारण हुआ।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निस्तारण संतुष्टि के आधार पर किया जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जाएगा। आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की जंच की जाएगी, यदि गड़बड़ी मिली तो कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार तहसील कुलपहाड़ में एडीएम वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज एवं एसडीएम डॉ. प्रदीप कुमार के सामने 90 और सदर तहसील में एडीएम नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम के सामने 65 शिकायतें आईं।

# शिक्षक नेता की हत्या का शक एसपी ने सीओ को सौंपी जांच

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** दूध लेकर गांव से वापस महोबा आ रहे एक शिक्षक की रास्ते में संदिग्ध हालात में मौत होने पर शनिवार को भाई के साथ अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कराकर घटना का खुलासा कराए जाने की मांग की है। एसपी ने अधिवक्ताओं से प्रार्थना पत्र लेने के बाद घटना की जांच सीओ सदर अरुण सिंह को सौंप दी है।

प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष भगत सिंह राजपूत बिलबई चुंगी के समीप नहर के किनारे मकान बनाकर रहते थे। वह अपने गांव बारात पहाड़ी रोज शाम बाइक से दूध लेने जाते थे। 31 मार्च को वह बुलेट से बारात पहाड़ी से दूध लेकर रात में लौट रहे थे। सुबह बाइक सहित खाई में शव मिला। परिवार के लोग रात में तलाश करते रहे, लेकिन गहरी खाई में शव पड़ा होने के कारण पता नहीं चल सका। एक अप्रैल को राहगीरों ने बाइक समेत शिक्षक नेता को पड़ा देखकर परिजनों को जानकारी दी। पुलिस ने प्रथम दृष्टया दुर्घटना मानकर शव का पंचनामा भरा, लेकिन सिर पर ऊपरी हिस्से में चोट आने पर भाई संजीव कुमार ने बार एसोसिएशन चरखारी के अध्यक्ष कालीचरन दीक्षित, अधिवक्ता वीरपाल राजपूत, महेंद्र सिंह यादव, दशरथ सिंह राजपूत आदि अधिवक्ताओं के साथ शनिवार को पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर रंजिश के चलते हत्या कर शव को खाई में फेके जाने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराई जाने की मांग की है।



पुलिस अधीक्षक से मिलने पहुंचे भाई और अधिवक्ता। अमृत विचार

### पत्नी और सास के साथ की मारपीट

**बिवांर (हमीरपुर)।** पुत्र को छीन कर भाग रहे पति ने पत्नी के साथ मारपीट करते हुए सास का गला दबाने की कोशिश की। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर थाने ले आई।

क्षेत्र के सायर गांव निवासी राधा प्रजापति की शादी 3 साल पहले जरिया क्षेत्र के तुन्ना गांव के कोमल सिंह के साथ हुई थी। उसके एक साल का पुत्र है। 10 दिन पहले उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया था। भाई सोनू मायके ले गया था। शनिवार सुबह 9 बजे उसका पति गांव आया और पत्नी से पुत्र को छीनकर ले जाने की कोशिश करने लगा। नाकाम होने पर मारपीट शुरू कर दी। मां गोमती बीचबचाव करने पहुंची तो उसका गला दबाते हुए मारपीट की। यूपी 112 में फोन करने पर पुलिस उसे हिरासत में थाने ले आई। एसआई विजय बहादुर ने बताया कि जांच कर पति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

स्कूल चलो अभियान | विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने दिए निर्देश

# डीबीटी की धनराशि से खरीदें यूनीफार्म और स्टेशनरी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** स्कूल चलो अभियान के तहत बेसिक शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से विकास भवन सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस मौके पर 06 से 14 आयु वर्ग के बच्चों का विद्यालयों में शत प्रतिशत प्रवेश कराने के उद्देश्य से वाराणसी के शिवपुर कंपोजिट विद्यालय में आयोजित मुख्यमंत्री के स्कूल चलो अभियान का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने शिक्षकों के जनसम्पर्क और विद्यालय में आयोजित होने वाली शिक्षक-अभिभावक बैठक में शासन से डीबीटी के रूप प्रेषित की जाने वाली धनराशि से यूनीफार्म, जूते-मोजे, स्वेटर, स्कूल बैग व स्टेशनरी अनिवार्य रूप से क्रय करने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि बैठकों में यह सुनिश्चित किया जाए कि डीबीटी धनराशि से साग्रमी क्रय कर ली गयी है। बच्चे यूनीफार्म किट में विद्यालय आएं। इस अवसर पर परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सभी शिक्षकों को अपने विद्यालय के आसपास अभिभावकों से सम्पर्क करते हुए सभी 6 वर्ष से ऊपर आयु के बच्चों को कक्षा एक व तीन तथा 06 वर्ष आयु तक के बच्चों को प्री-प्राइमरी, बालवाटिका में प्रवेश कराये जाने के लिए निर्देशित किया।



कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पाठय पुस्तकें वितरित करतीं डीएम। अमृत विचार

कार्यक्रम में बीएसए राहुल मिश्रा ने बताया कि स्कूल चलो अभियान का प्रथम चरण 1 अप्रैल से 15 अप्रैल और द्वितीय चरण 1 जुलाई से 15 जुलाई तक प्रस्तावित है। अभियान के अन्तर्गत अपवंचित वर्ग की बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका में निःशुल्क आवासीय सुविधा के साथ प्रवेश दिलाना और ऐसे बच्चे जिनके माता पिता रोजगार की तलाश में शहरों में जाते है, उनका चिन्हीकरण कर विद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित कराया जाएगा। इस मौके पर एमएलसी प्रतिनिधि रणविजय सेंगर, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचन्द्र यादव, डीसी मनरेगा अशोक कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारी व परिषदीय विद्यालयों के बच्चे व शिक्षक मौजूद रहे।

# एकाग्रता से बढ़ती सकारात्मक ऊर्जा

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

**अमृत विचार।** कथा व्यास आचार्य कृष्णदत्त शास्त्री महाराज ने कहा कि एकाग्र मन और शुद्ध चित्त से किए गए कार्यों में विद्या, बुद्धि, तेज और बल का स्वतः प्रवाह होता है। जब मनुष्य पूर्ण श्रद्धा एकाग्रता के साथ ईश्वर का स्मरण करता है तो उसके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा के साथ साथ कई आध्यात्मिक और मानसिक परिवर्तन होते हैं।

कथा व्यास विकासखंड जैतपुर के सगुनिया माफ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा दौरान कही। उन्होंने कहा कि कथा आयोजन स्थल में प्रवेश करने से पहले सांसारिक जीवन के दुख दिक्कतों को भूलकर उस परम परमेश्वर ईश्वर का चिंतन मनन करना जरूरी है और घर से जिस उद्देश्य को लेकर कथा सुनने आते हैं, उसे पूरा जरूर करना चाहिए। कथा व्यास ने कहा कि कलयुग में केवल प्रभु का स्मरण ही भव से पार किए जाने का एकमात्र आधार है। यदि आपके पास एक स्थान पर बैठकर प्रभु का नाम लेने का समय नहीं है, तो आप चलते फिरते भी अपने मन मंदिर में परम परमेश्वर का स्मरण कर सकते हैं। ऐसा करने पर भी आपको भागवत कथा श्रवण का पुण्य फल प्राप्त होगा।



कथा सुनाते कृष्णदत्त शास्त्री।

कथा व्यास ने भक्तों को कथा का रसपान कराते हुए कहा कि राजा परीक्षित का जन्म महाभारत युद्ध के बाद उत्तरा के गर्भ से हुआ था। अश्वत्थामा द्वारा छोड़े गए ब्रह्मास्त्र से श्री कृष्ण ने गर्भ में ही बालक की रक्षा की थी। चूंकि कुरुवंश के विनाश के बाद उनका जन्म हुआ और श्रीकृष्ण ने उनकी परीक्षा ली थी, इसलिए उनका नाम 'परीक्षित' रखा गया। कथा के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालु भजनों व कथा रस में डूबे रहे। इस अवसर पर मुख्य यजमान मालती महेश तिवारी, रामनारायण, राजेन्द्र, प्रेमनारायण, अखिलेश तिवारी, सतीश, सहित सैकडो श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा के समापन पर आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।



साधु ऐसा चाहिए, जैसा सूप सुभाय
सार-सार को गहि रहै, थोथा देई उड़ाय

कबीर दास जी कहते हैं, इस संसार में ऐसे सज्जनों की जरूरत है, जैसे अनाज साफ करने वाला सूप होता है, जो सार्थक को बचा लेता है और निरर्थक को उड़ा देता है।



# मानव व्यक्तित्व का आधार है दिनचर्या

अनुशासनविहीन जीवन में स्वस्ति और लोकमंगल नहीं होते। प्रकृति स्वयं अनुशासन में गतिशील है। मनुष्य के लिए इसी अनुशासन का पालन उपयोगी दिनचर्या है। इसका संबंध स्वस्थ मन से है। स्वस्थ बुद्धि से है और निर्मल आत्मा से भी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मस्त व्यक्तित्व के धनी हैं। उच्च कोटि के संसद विज्ञ, 5 बार के सांसद व दूसरी बार मुख्यमंत्री हैं। व्यवहार में अनुशासित अखिल भारतीय स्तर पर चर्चित जनप्रिय राजनेता हैं। योगी हैं। सो अनुशासन में रहते हैं और अपने परिचितों से भी अनुशासित रहने की अपेक्षा करते हैं। वे हमारे प्रति शुभेक्षु हैं। हम लोग भिन्न-भिन्न विषयों पर चर्चा करते रहे हैं। वे योग विज्ञानी भी हैं। योग का हमारा ज्ञान किताबी है, लेकिन उनका ज्ञान अनुभव अनुभूति और व्यावहारिक जीवन से भरा पूरा है।

चार दिन पहले आकाशवाणी का 89 वां स्थापना वर्ष मनाया गया था। उसमें पद्म पुरस्कार प्राप्त लोगों को सम्मानित किया गया था। आकाशवाणी के वरिष्ठ महानुभाव भी सम्मानित किए गए थे। पद्मश्री में मेरा भी नाम था। योगी जी ने उस कार्यक्रम में मेरी दिनचर्या पर चर्चा की। उन्होंने कुछ पुरानी बातें खोलीं और याद कराया कि हमारी दिनचर्या अनुशासित नहीं थी। उन्होंने मुझे याद कराया की देर रात तक जागना स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं होता। मैंने उनसे बताया के दिन भर राजनीतिक कारणों से व्यस्तता रहती है और रात में लिखने-पढ़ने का समय मिलता है। उन्होंने हंसते हुए कहा था कि यही दिनचर्या उलट दी जाए और सुबह जल्दी उठा जाए और रात्रि में जल्दी सोया जाए। इन्हीं पुरानी बातों को उन्होंने आकाशवाणी के कार्यक्रम में फिर से दोहराया।

दिनचर्या व्यक्तित्व का आधार है। दिनचर्या का अनुशासन प्रायः हमारा निर्णय होता है। इसमें थोड़ी सी चूक भी क्षतिकारी होती है। दिनचर्या पर देशकाल का भी प्रभाव पड़ता है। ठंडी जलवायु वाले देशों में शरीर के ताप को विशेष स्तर पर बनाए रखने की आवश्यकता होती है। ऐसे देशों में अधिक ऊष्मा देने वाली दिनचर्या चलती है। आदर्श दिनचर्या पर प्राचीन भारत में अच्छा और परिश्रम हुआ है। अच्छी दिनचर्या में अच्छी नींद, अच्छा जागरण और अच्छे आहार की आवश्यकता होती है। उसे कालखंड में अन्न की विशेष महत्ता पर जोर दिया गया है। अन्य भौतिक पदार्थ है। प्राचीन अनुभूति में वह दिव्य है। तैत्तरीय

> इस समय आधी दुनिया युद्ध में है। समाचार माध्यमों में धुआं ही धुआं है। बारूदी वातावरण है। यह निराश करता है। गंध भी आहार है। किसी बाग या उपवन में गंधमादन हवा आती है। चित्त गंधमादन हो जाता है। ज्ञानवर्धन सुना या रुचिपूर्ण सुनना, गीत सुनना काव्य सुनना, नदी के पास खड़े होकर नाद सुनना आनंददायक है। दुनिया का सारा ज्ञान देखने और सुनने से प्रकट हुआ है। वैदिक साहित्य सुना हुआ है। स्पर्श भी आहार है। किसी प्रियजन का स्पर्श आनंददाई है।

उपनिषद के एक सुंदर मंत्र में कहते हैं, "कि यह व्रत संकल्प है कि अन्न की निंदा न करें। अन्न ही प्राण है। प्राण ही अन्न है। शरीर भी अन्न है। शरीर और प्राण का अंतरसंबंध है। अन्न ही अन्न में प्रतिष्ठित है, जो यह जान लेता है उसकी दिनचर्या आदर्श हो जाती है।" उपनिषद में कहते हैं कि "आहार का अर्थ अन्न है।" आहार साधारण खाद्य वस्तु नहीं है। आहार का संबंध अनुशासित दिनचर्या से भी है। व्यापक अर्थों में अनुशासित दिनचर्या के पांच द्वार हैं। देखना भी एक आहार है। देखे गए दृश्य चित्र को प्रसन्न या अप्रसन्न करते हैं। सुंदर दर्शन में मन प्रसन्न होता है। अभद्र दर्शन में मन अप्रसन्न होता है। इसलिए देखने में भी संयम की आवश्यकता है। पढ़ना भी एक आहार है। अनुशासित दिनचर्या वाला ज्ञानवर्धक अध्ययन मन स्वस्थ रखता है। निराश करने वाली सूचनाएं कष्ट पहुंचाती हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

इस समय आधी दुनिया युद्ध में है। समाचार माध्यमों में धुआं ही धुआं है। बारूदी वातावरण है। यह निराश करता है। गंध भी आहार है। किसी बाग या उपवन में गंधमादन हवा आती है। चित्त गंधमादन हो जाता है। ज्ञानवर्धन सुना या रुचिपूर्ण सुनना, गीत सुनना काव्य सुनना, नदी के पास खड़े होकर नाद सुनना आनंददायक है। दुनिया का सारा ज्ञान देखने और सुनने से प्रकट हुआ है। वैदिक साहित्य सुना हुआ है। स्पर्श भी आहार है। किसी प्रियजन का स्पर्श आनंददाई है। दृश्य, श्रव्य, नाक, स्पर्श और रसना पांच द्वार हैं। इनसे हम कुछ न कुछ लिया करते हैं। जीवनचर्या के अनुशासन में इन पांचों द्वारों की भूमिका है।

भारतीय ज्ञान परंपरा में 10 दिशाएं हैं। काल गणना भी है। वासना भी जन्म और जीवन के साथ आई है। वासना का अनुशासन प्रार्थना है। जीवन ऊर्जा का अधोगामी प्रवाह वासना है। वासना भी एक दिशा है, लेकिन इसका कार्यव्यवहार दुखदायी है। लोकमंगल के विपरीत भी है। जीवन ऊर्जा की दूसरी दिशा प्रार्थना है। वासना और प्रार्थना दोनों में ही हमारी चेतन ऊर्जा ही मुख्य कारक है। दोनों में स्वयं के प्रति आस्तिकता है, लेकिन प्रार्थना में प्रार्थना के प्रति गजब का विश्वास है। ऋग्वेद में प्रार्थना है-हे देवो! हमारा मन शुभ करो। यजुर्वेद में प्रार्थना है-तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु-हमारे मन को कल्याणकारी संकल्प से भरो। विरोधाभास ध्यान देने योग्य है। मन हमारा है, इसे शुभ या शिव बनाने की प्रार्थना हम दूसरे से क्यों करते हैं? प्रार्थना का अंतर्भूत तत्व ऐसा नहीं है। कोई देवता प्रार्थना सुनकर हमारा मन ठीक करे या न करे? लेकिन चित्त से उगी प्रार्थना हमारे चित्त के अणु-परमाणु को शिव तत्व से भर देती है। मैंने हजारों निबंध लिखे हैं। कोई पूछे कि इन सबका आधारभूत तत्व क्या है? मैं उत्तर देता हूं कि हमारा लेखन, भाषण और समूचा राजनैतिक कार्य-व्यवहार प्रार्थना ही है। सिर्फ प्रार्थना ही। प्रार्थना है कि हिंसा से भरे स्वजन संवेदनशील हों। पतंजलि का योग 'चित्तवृत्ति निरोध' है। श्रीकृष्ण का योग 'मनोनिग्रह' है। दोनों का मंतव्य एक है। श्रीकृष्ण 'अभ्यास और वैराग्य' का मंत्र देते हैं। पतंजलि की भाषा भी वही है "अभ्यास वैराग्याभ्यां तन्निरोधः- अभ्यास और वैराग्य से इन वृत्तियों का नियंत्रण संभव है।" (पतंजलियोगसूत्र 1.12) वे आगे अभ्यास की परिभाषा बताते हैं "इन दो (अभ्यास, वैराग्य) में अभ्यास स्वयं में दृढ़ता से प्रतिष्ठित होने का प्रयास है-तत्रस्थितौ यत्नो अभ्यासः।" (वही 13) अभ्यास का संकल्प महत्वपूर्ण है। अभ्यास स्वयं के प्रति सजग चेष्टा है, वैराग्य इच्छा शून्यता है। अभ्यास और वैराग्य चित्त को संयत करते हैं। योगासन और ध्यान इसी के उपकरण हैं। व्यक्तित्व की पूरी ऊर्जा को एकाग्र करने का नाम अभ्यास है। फिर वैराग्य बताते हैं, "ऐन्द्रिक सुखों की तृष्णा में सजग प्रयास से भोग आसक्ति के प्रति वितृष्णा वैराग्य की प्रथम अवस्था है, पुरुष के अंतरतम का बोध होने पर सभी इच्छाओं का विलीनीकरण वैराग्य की पूर्णता है।" (वही 15 व 16) श्रीकृष्ण ने कहा, "असंयत के लिए योग कठिन है, लेकिन संयत व्यक्ति संकल्पबद्ध होकर योगलब्ध हो जाता है।" (गीता 6.36)

पतंजलि योग सूत्रं में दर्शन के आत्मिक अनुभव में मन की चंचलता बाधा है। बाधाएं और भी हैं। पतंजलि ने योग सूत्र (30) में बताया है कि "रोग, प्राणहीनता, संशय, प्रमाद, आलस्य, आसक्ति, भ्रांति और अस्थिरता बाधाएं हैं। दुख, निराशा, कपकपी और अनियमित श्वसन लक्षण हैं।" यहां 'रोग' ध्यान देने योग्य हैं। पतंजलि वैद्य या चिकित्सक नहीं थे। चरक संहिता आयुर्विज्ञान का प्रख्यात ग्रंथ है। बताते हैं-"बिना रोग का होना सुख है और रोग दुख है।" आगे स्वास्थ्य के बारे कहते हैं "जब मन और बुद्धि का समान योग रहता है, तब मनुष्य स्वस्थ रहता है, जब इनका अतियोग, अयोग और मिथ्या योग होता है तब रोग।" रोग मन और बुद्धि के अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग के परिणामी है। योग परम स्वास्थ्य है। प्राण और शरीर का योग जीवन है। प्राण का कम होना जीवनी शक्ति का घटना है। आलस्य प्राण शक्ति घटाता है, आसक्ति बढ़ाता है।

पतंजलि ने मनुष्य का रहस्यपूर्ण विवेचन किया है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्म से स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। आनंदित व्यक्ति सृजन करता है और तनावग्रस्त व्यक्ति ध्वंस। योग तनावग्रस्त विश्वमानवता को भारत का प्रशांत उपहार है, लेकिन योग का विज्ञान पढ़ने से ही समझ में नहीं आता। यह पठनीय कम करणीय ज्यादा है। लेकिन हमारी लत है कि पठन-पाठन ही ज्यादा है, करणीय कम।

# पहाड़ों की धुंधली होती आवाजें

कुमाऊंनी भाषा ने उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान में लंबे समय से एक केंद्रीय स्थान बनाए रखा है। यह केवल संवाद का माध्यम ही नहीं, बल्कि सामाजिक स्मृतियों, लोक ज्ञान और सांस्कृतिक निरंतरता की एक महत्वपूर्ण वाहक भी है। हालांकि वर्तमान समय में यह भाषा एक गंभीर अस्तित्वगत संकट का सामना कर रही है। दैनिक जीवन में इसका उपयोग लगातार कम हो रहा है और युवा पीढ़ी के बीच इससे जुड़ाव या इसकी जानकारी भी तेजी से सीमित होती जा रही है।

दरअसल, भाषा किसी भी समुदाय की ज्ञान प्रणाली की नींव होती है। कुमाऊंनी भाषा में रची-बसी लोक कथाएं, गीत, कहावतें और पारंपरिक अभिव्यक्तियां इस क्षेत्र के पारिस्थितिक और सामाजिक अनुभवों का एक समृद्ध संग्रह प्रस्तुत करती हैं, इसलिए किसी भाषा का विलुप्त होना केवल शब्दों का खोना ही नहीं, बल्कि एक विशिष्ट ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक विश्व दृष्टिकोण का विघटन भी है। कुमाऊंनी भाषा के पतन के लिए कई सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक कारक जिम्मेदार हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण कारक है पलायन। ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी केंद्रों की ओर लोगों के पलायन से उनके भाषाई व्यवहार में बदलाव आता है। शहरों में, हिंदी और अंग्रेजी जैसी प्रमुख भाषाएं सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रतीक और आजीविका के साधन के रूप में कार्य करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप कुमाऊंनी जैसी क्षेत्रीय भाषाएं हाशिए पर चली जाती हैं। शिक्षा प्रणाली इस असंतुलन को और भी गहरा कर देती है। औपचारिक स्कूली शिक्षा में क्षेत्रीय भाषाओं को शायद ही कभी कोई स्थान दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप बच्चे मुख्य रूप से हिंदी और अंग्रेजी में ही भाषाई दक्षता हासिल कर पाते हैं। नतीजतन, कुमाऊंनी भाषा केवल घरेलू और अनौपचारिक परिवेश तक ही सीमित होकर रह जाती है और एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक इसका हस्तांतरण धीरे-धीरे बाधित हो जाता है।



अपूर्वा लोहुमी
असिस्टेंट प्रोफेसर

> सर्वप्रथम, कुमाऊंनी भाषा को प्राथमिक शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जाना चाहिए, जिससे बच्चों में अपनी मातृभाषा के प्रति जुड़ाव और गर्व की भावना विकसित हो सके।

इसके अतिरिक्त बदलती सामाजिक आकांक्षाएं भी इस समस्या को बढ़ाने में योगदान देती हैं। विशेष रूप से, अंग्रेजी भाषा को अक्सर आधुनिकता और प्रगति से जोड़कर देखा जाता है, जिसके चलते माता-पिता अपने बच्चों को इस भाषा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इससे भाषाओं के बीच एक प्रकार का पदानुक्रम निर्मित हो जाता है, जिसमें क्षेत्रीय भाषाओं को कम महत्व का समझा जाता है और परिणामस्वरूप वे धीरे-धीरे उपेक्षित होती चली जाती हैं। इन चुनौतियों के बावजूद, कुमाऊंनी भाषा के पुनरुद्धार की संभावनाएं अभी भी मौजूद हैं। इसके लिए कई स्तरों पर प्रयासों की आवश्यकता है। सर्वप्रथम, कुमाऊंनी भाषा को प्राथमिक शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जाना चाहिए, जिससे बच्चों में अपनी मातृभाषा के प्रति जुड़ाव और गर्व की भावना विकसित हो सके। दूसरे, जनसंचार माध्यमों और डिजिटल मंचों का उपयोग करके कुमाऊंनी भाषा को समकालीन संदर्भों में जीवंत बनाए रखने में मदद मिल सकती है। सोशल मीडिया पर कुमाऊंनी भाषा में सामग्री तैयार करने और उसे साझा करने से यह भाषा युवा पीढ़ी के लिए अधिक प्रासंगिक और आकर्षक बन सकेगी।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# मन से मंजिल तक विचारों का सफर

विचार मानव मन की वह शक्ति हैं, जो हमारे व्यक्तित्व, व्यवहार और जीवन की दिशा तय करते हैं। यह किसी विषय पर गहराई से सोचने, सही-गलत में भेद करने या मानसिक रूप से किसी कार्य की योजना बनाने की प्रक्रिया है। विचार हमारे अपने नहीं, बल्कि मेहमान की तरह होते हैं, जो आते हैं और चले जाते हैं। उनका कोई घर नहीं है। वे बादलों की तरह भटकते हैं। विचार तरंगों की भांति हैं। वह मनुष्य के चित्त पर अपना प्रभाव शुभ या अशुभ के लिए छोड़ते हैं। बिना विचारों के न तो नवाचार संभव है, न ही आगे बढ़ना। जितने अधिक विचार उत्पन्न होंगे, उतनी ही नई संभावनाएं खुलेंगी। हर बड़ी खोज की शुरुआत एक छोटी-सी चिंगारी से होती है, पर वह चिंगारी अकेले नहीं, बल्कि अनगिनत छोटे-छोटे विचारों की भीड़ से जलती है। रचनात्मक लोग इसलिए हमेशा विचारों के दरवाजे खुले रखते हैं। वे डरते नहीं, बल्कि उन्हें न्योता देते हैं। ज्यादातर विचार अधूरे, कमजोर या बेकार लग सकते हैं, पर यही असफल प्रयास ही इतिहास की बड़ी सफलताओं की नींव बनते हैं। हर विचार, चाहे छोटा हो या बड़ा, एक संभावित बीज है। असफलता को डरने की बजाय सीखने का मौका समझें। अपने जूनियर या साथियों के विचारों को भी सम्मान दें। कभी-कभी वही अगला बड़ा कदम बन जाता है। विचार को शब्दों से आगे ले जाने से ही आपके विकास की नींव मजबूत बनती है। जब आप एक विचार को लिखते हैं, फिर उसे योजना में बदलते हैं और अंत में उसे लागू करते हैं, तभी वह प्रगति की धड़कन बनता है।



डॉ. नंदकिशोर शाह
लखनऊ

छोटे- छोटे कदम से बड़ी जीत हो सकती है। हर बात को ध्यान से सुनें, चाहे वह किसी भी स्तर का हो। विचार को कागज या नोट-ऐप पर लिखें। लिखने से वह स्पष्ट होता है। छोटा-सा प्रयोग करें, परिणाम देखें। टीम के साथ चर्चा करें, बहुमत से बेहतर समाधान निकलता है। विचार केवल मन में रहने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्हें पोषित करें, उन्हें परखें और सबसे जरूरी है कि उन पर अमल करें। तभी वह एक धड़कन, एक स्थायी ताल बन जाएगी, जो हर कदम को आगे बढ़ाएगी। मनुष्य के दिमाग में हर दिन लगभग 50 हज़ार विचार आते है। ये विचार अक्सर छोटे-छोटे, स्वचालित और अक्सर अनजाने होते हैं, जैसे सांस लेना या यादों का धुंधलापन। इसलिए, हर दिन आपके सिर में एक निरंतर विचार-धारा चलती रहती है, चाहे आप उसे महसूस करें या न करें। उनमें से सिर्फ 1-2 फीसदी स्मृति में टिकते हैं, जो भावनात्मक या महत्वपूर्ण होते है। बाकी बहुत से विचार क्षणिक फ्लैश की तरह गायब हो जाते हैं, जो भी विचार आते हैं, उन्हें कागज या नोट-ऐप में लिख दें। लिखते-लिखते अक्सर वो खुद ही साफ हो जाते हैं और दिमाग को बांध देते हैं। जिस विचार को हम अपनाते नहीं है, वह विचार बेकार ही है। व्यक्ति अपनी सोच का गुलाम होता है। आप जैसा सोचते हैं, वैसा ही बनते है। दुःख पर ध्यान देंगे, तो हमेशा दुःखी ही रहेंगे, सुख पर ध्यान देना शुरू करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# किन्नर पहचान और नया कानून

एक उभरता संवैधानिक द्वंद भारतीय समाज में किन्नर समुदाय सदियों से अपनी एक अनोखी और विशिष्ट जगह रखता है। शादी-व्याहा में मंगल गीत गाना हो, नवजात शिशु के जन्म पर नाच-गाकर बधाइयां देना या आशीर्वाद देना हो। यह इनका पारंपरिक पेशा रहा है। ज्योतिष गण भी बुध ग्रह की शांति के लिए इन हिजड़ों को दान-पुण्य करने, भोजन कराने और इनका आशीर्वाद लेने की सलाह देते हैं, लेकिन इसी समुदाय के साथ भेदभाव, अपमान, शिक्षा और नौकरी में बाधाएं तथा स्वास्थ्य सेवाओं में दिक्कतें भी कम नहीं हैं।

समाज की इन पारंपरिक रस्मों के साथ-साथ एक बहुत बड़ी और गंभीर समस्या भी उभरकर सामने आई है और वह है इनकी पहचान का प्रश्न। समाज में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जहां कुछ व्यक्तियों ने किन्नर होने का दावा कर आम लोगों से जबरन धन वसूला, अराजकता फैलाई और कानून-व्यवस्था को चुनौती दी। वहीं कुछ मामलों में बच्चों और किशोरों के अपहरण कर, उन्हें जबरन किन्नर बनाने जैसे गंभीर आरोप भी सामने आए हैं।

वहीं दूसरी तरफ, हमारे जो वास्तविक किन्नर समुदाय के भाई-बहन हैं, वे आज भी सामाजिक भेदभाव, सामाजिक बहिष्कार और बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इन्हें संघर्ष करना पड़ता है और उनकी पहुंच सीमित है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए केंद्र सरकार ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026 लेकर आई है। यह विधेयक 13 मार्च 2026 को लोकसभा में पेश हुआ, दोनों सदनों से पारित हुआ और 30 मार्च 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सहमति के साथ राजपत्र में प्रकाशित भी हो गया है।



आलोक तिवारी
वरिष्ठ पत्रकार

सरकार का दावा है कि यह कानून समाज में किन्नरों के नाम पर हो रहे दुरुपयोग को रोकने और वास्तविक किन्नर समुदाय को बेहतर सुरक्षा देने के लिए लाया गया है। इस कानून में प्रावधान है कि यदि किसी वयस्क या बच्चे को जबरन अंग-भंग, हार्मोनल प्रक्रिया या किसी अन्य तरीके से किन्नर बनाने की कोशिश की जाती है, तो 10 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान है। बच्चों के मामलों में सजा और भी कड़ी होगी। 2019 के मूल कानून में इस प्रकार के गंभीर अपराधों के लिए ऐसा विशिष्ट और कठोर प्रावधान नहीं था। किसी को जबरन किन्नर के रूप में प्रस्तुत कर भीख मंगवाने या श्रम कराने पर भी 5 से 10 वर्ष तक की सजा का प्रावधान किया गया है। इस नए कानून का सबसे बड़ा और सबसे विवादित बदलाव ही पूरे मामले का केंद्र है, जिसने एक बड़ी बहस को

> यह विधेयक 13 मार्च 2026 को लोकसभा में पेश हुआ, दोनों सदनों से पारित हुआ और 30 मार्च 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सहमति के साथ राजपत्र में प्रकाशित भी हो गया है। यह कानून भारत में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और राज्य के नियंत्रण के बीच चल रही बहस का नया अध्याय है।

जन्म दिया है। पहले 2019 के कानून में व्यवस्था यह थी कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं को ट्रांसजेंडर या किन्नर मानता था, तो वह जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) के पास आवेदन देकर अपनी स्वयं की घोषणा के आधार पर पहचान प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकता था। अर्थात यदि किसी ने कहा- स्वीकार किया कि वह किन्नर है, तो उसे मान लिया जाता था। सुप्रीम कोर्ट ने भी 2014 में NALSA (नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी) मामले में यही कहा था कि gender identity व्यक्ति की अपनी स्वीकृति और समझ पर आधारित होनी चाहिए।


NALSA मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि व्यक्ति की लिंग पहचान उसकी गरिमा, स्वायत्तता और वैयक्तिक स्वतंत्रता का हिस्सा है अर्थात व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने, अपनी पहचान तय करने और अपने जीवन के बारे में स्वयं निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार है। उसके यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 के तहत संरक्षित है। अब बदलाव यह है कि डीएम अकेले निर्णय नहीं करेगा। उसे मेडिकल बोर्ड (मुख्य चिकित्सा अधिकारी या उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता वाली टीम) की सिफारिश और जांच के बाद ही प्रमाण पत्र जारी करना होगा कि व्यक्ति किन्नर/ट्रांसजेंडर है या नहीं। आवश्यकता पड़ने पर अन्य चिकित्सा विशेषज्ञों को भी शामिल किया जा सकता है। इस प्रकार स्व-घोषणा का प्रावधान समाप्त कर दिया गया है। एक तरफ समाज में हो रहे कानूनों और नियमों के दुरुपयोग को रोकना जरूरी है, दूसरी तरफ किसी नागरिक की गरिमा, निजता और स्वतंत्रता पर अनावश्यक नियंत्रण भी सरकार के अधिकार में नहीं होना चाहिए। यह कानून भारत में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और राज्य के नियंत्रण के बीच चल रही बहस का नया अध्याय है और समाज को अब इस पर गंभीर चिंतन और विमर्श करना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# समुद्र के समान है शरीर

मित्रों एवं परिचितों की लंबी सूची है। इन लोगों से मिलते-जुलते समय व्यतीत हो जाता है। हर तरह की बात होती है। हंसी-ठहाका भी होता है। इसके अलावा लंबा-चौड़ा परिवार है। परिवार में भी आपस में बातचीत होती है। समय कैसे बीत जाता है, पता नहीं चलता है।

वर्तमान युग में तो स्मार्ट फोन पर ढेरों मित्र हैं। आपस में संदेशों का आना-जाना होता है। पैसों की कमी नहीं। सारे भौतिक उपकरण घर में मौजूद है। घर के हर सदस्य के पास मोबाइल फोन है। कोई बात होती है, तो वह टेलीफोन से हो जाती है। दिन कैसे बीत गया यह पता नहीं चलता है। यह तो रहा बाहरी दुनिया का हालचाल। कभी खुद से मुलाकात करने की कोशिश करनी चाहिए। अंतर्मन से बात करनी चाहिए कि क्या भौतिक सुख-सुविधा के लिए ही जीवन मिला है? भौतिक पदार्थों का अत्यधिक उपयोग व्यक्ति को पंगु बनाता है। दोस्तों एवं ढेरों परिचितों का साथ तभी तक रहेगा, जब तक भौतिक संपन्नता रहेगी। दुर्भाग्यवश कोई ऐसी घटना घट गई, जो कष्टदायी है, तो मित्रों एवं परिचितों तथा मोबाइल पर बने फ्रेंड काम नहीं आएंगे। उस समय सब किनारा कस लेंगे। कहा भी गया है कि सुख के सब साथी होते हैं, दुःख में कोई नहीं होता है। ऐसी स्थिति में पता चलता है कि व्यक्ति बिल्कुल अकेला है। ढाढस देने वाला कोई नहीं है। अतः व्यक्ति को चाहिए कि वह अति भौतिकता के पीछे न भागे।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

भौतिक आवश्यकताओं को तो पूरा करना चाहिए, लेकिन इसके लिए नैतिक तरीका भी अपनाना चाहिए। नैतिक तरीके से जब धन अर्जित होता है, तो उसका दुरुपयोग नहीं होता, जबकि अनैतिक तरीके से धनार्जन में विलासिता की आदत पड़ जाती है। बुरी लतें भी घेर सकती हैं। ऐसे माहौल में बाहरी मित्र बहुत जुट जाएंगे, लेकिन जब नैतिक दृष्टि से धनार्जन होगा, तो उससे परिवार में आत्मनिर्भरता तो आएगी ही, साथ ही मन को संतोष मिलेगा कि किसी दूसरे का हिस्सा नहीं लिया गया है। फिजूलखर्ची की आदत नहीं बनेगी। एकांत में बैठकर जब अंतरात्मा में झाकेंगे, तो सुख-शांति मिलेगी। केवल पैसा कमाने के लिए जीवन नहीं मिला है। मन को संतोष देने के लिए खुद आत्मा में झांकना चाहिए। हो सके तो ध्यान मन पर लगाना चाहिए।


संभव है कि बाहरी लोगों के साथ हंसी-मजाक से जो आनंद मिलता है, उससे कहीं अधिक अंतर्मन पर ध्यान लगाने से मिलने लगेगा। ऐसा महसूस होगा कि जैसे शरीर में अमृत की बरसात हो रही है। ऐसी स्थिति में भौतिक उपकरणों से जो सुख मिलता है, उससे कहीं अधिक अंतर्मन से साक्षात्कार करने से मिलने लगेगा। शरीर एक समुद्र के समान है। इसके मंथन से विष भी निकलता है और अमृत भी निकलता है। विष रूपी नकारात्मकता को त्याग कर अमृत रूपी आनंद का पान करना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# चाइनीज मांझे के प्रयोग पर प्रतिबंध की जरूरत

चाकू के प्रहार से तो कोई एक बार बच जाएगा, लेकिन चाइनीज मांझे की रगड़ से नहीं? खून का प्यासा ये मांझा लगातार निर्दोष राहगीरों का खून पी रहा है। ऐसी घटनाओं पर एकाध दिन तो खूब शोर मचता है, लेकिन थोड़े दिन बाद मुद्दा आया-गया हो जाता है। फिलहाल इस मसले को लेकर सरकार के एक धड़े ने अच्छी पहल आरंभ की है। चाइनीज मांझे से जुड़ी घटनाओं पर उत्तर प्रदेश सरकार ने कड़ा निर्णय लिया है। आरोपियों पर तुरंत एफआईआई दर्ज करने का आदेश पारित हुआ है। गौरतलब बीते दो सालों में पूरे देशभर में करीब 1590 घटनाएं विभिन्न प्रदेशों के पुलिस थानों में रिपोर्ट हुईं। इसमें मरने वालों की संख्या 65 फीसदी है और बाकी गंभीर रूप से घायलों की। मौत के मामलों में 90 फीसदी दोपहिया वाहन चालक हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक 2021 की तुलना में 2022-2023 में 18 फीसदी केसों में वृद्धि हुई। मांझे की घटनाओं पर उत्तर प्रदेश शासन का कड़ा रूख अख्तियार करना निश्चित रूप से स्वागत योग्य कहा जाएगा। बिलावजह बेकसूर लोगों की जान गंवाने की दिशा ये सुधारक कदम भी होगा। ऐसी पहल सभी राज्य हुकमतों को और केंद्र सरकार को बिना देर किए करनी चाहिए।

दशक भर पहले तक चाइनीज मांझे का रिवाज नहीं था। पहले कच्चे सूत के धागे वाले मांझे का इस्तेमाल होता था, लेकिन पर जब से चाइनीज मांझे का प्रचलन आया, लोगों ने अपना लिया। अपनाने का कारण एक ये भी है कि चाइनीज मांझा, अन्य मांझों के मुकाबले मजबूत बहुत है। इसमें मेटल, नाइनॉल और कॉरबोनाइट का प्रयोग होता है, जिसकी रगड़ मात्र से हड्डी तक कट जाती है, जबकि पंतगबाजी के दौरान देशी मांझा टूट जाता है, लेकिन चाइनीज मांझे का कुछ नहीं बिगड़ता? लेकिन लोग इसके दुष्परिणामों को भूल जाते हैं। कुल मिलाकर चाइनीज मांझे से घटती खूनी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए इस मांझे की ब्रिकी और इस्तेमाल पर सख्ती और कड़े प्रावधान की अब दरकार है। मांझे की जानलेवा घटनाएं सिर्फ वसंत या किसी विशेष दिनों पर ही नहीं घटती, बल्कि चौबीसों घंटे और 12 महीने होती हैं। 2016 में एनजीटी ने भी समूचे भारत में बैन का आदेश दिया था, जो धरातल पर कारगर साबित नहीं हुए।



डॉ.रमेश ठाकुर
वरिष्ठ पत्रकार

भारत में चाइनीज मांझे का इस्तेमाल अब चोरी-छिपे अन्य कार्यों में भी होने लगा है। पुलिस रिपोर्ट में इस तरह की बातें सिद्ध भी हुई हैं कि लोगों के मर्डर में क्रिमिनलों ने चाइनीज मांझे का प्रयोग किया। गला रेतने में ये धागा तलवार की धार से भी तेज होता है। वहीं, मछुआरों द्वारा मछली पकड़ने से लेकर किसानों का खेतों में आवारा पशुओं से फसलों के बचाव में भी मांझे का इस्तेमाल बेधड़क होने लगा है, जबकि ये मांझा सभी राज्यों में पूर्ण प्रतिबंध है, बावजूद इसके कहीं भी आसानी से उपलब्ध हो जाता है। साल 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई थी। मौखिक रूप से प्रदेशों को बचाव हेतु आदेशित भी किया था, लेकिन शीर्ष अदालत के आदेश को किसी ने गंभीरता से नहीं लिया। मध्य प्रदेश और इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यहां तक कह दिया है कि अगर कोई नाबालिग बच्चा मांझे से घायल हुआ, तो उसके अभिभावक जिम्मेदार होंगे। ये खूनी मांझा पर्यावरण को भी खासा नुकसान पहुंचाता है। पंतगबाजी के दौरान जो मांझा पेड़ों में फंस जाता है वह कई महीनों तक फंसा रहता है, उसमें बेजुबान पक्षी फंसकर मरते रहते हैं।

इंडियन वाइल्ड लाइफ की रिपोर्ट बताती है कि साल 2017-2025 के बीच गुजरात में 17000 हजार पक्षी मांझे में फंसकर हताहत हुए, जिनमें 1500 से अधिक पक्षियों की मौत हुई। वहीं, बेंगलुरु में पिछले साल सबसे ज्यादा पक्षी मरे, जिनमें 790 पक्षियों को रेस्क्यू करके बचाया भी गया। वाइल्ड लाइफ रिपोर्ट पूरे भारत में सालाना 5 लाख बेजुबान पक्षियों को इस अदृश्य मांझे में फंसकर घायल होने तस्दीक करती है। मांझे से उपजी हृदय विदारक घटनाओं के सिलसिले को कैसे रोका जाए, इसको लेकर केंद्रीय स्तर पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता अब महसूस होने लगी है। केंद्रीय स्तर पर इस मसल को कानूनी जद में लाना ही होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## न्यूज ब्रीफ

### गांजा के साथ दो दबोचे

**राजापुर।** एसआई शैलेंद्र कुमार सिंह ने जय कुमार पुत्र जीवन लाल कुशवाहा निवासी ग्राम तरौल थाना करछना (प्रयागराज) और योगेंद्र सिंह पुत्र महेंद्र प्रताप निवासी ग्राम खटगियां थाना धूरपुर (प्रयागराज) को 10 किलोग्राम सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया ।बाइक को सीज किया गया। पुलिस टीम में आरक्षी शाकिर अली, शुभम मिश्रा, चंदन विश्वकर्मा, लवकुश यादव और पवन राजपूत शामिल रहे।

### दुर्घटना में युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

**मऊ (चित्रकूट)।** मऊ थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, हादसा ग्राम पंचायत छिवलहा से कुछ दूरी पर शुक्रवार की देर रात करीब साढ़े 10 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात वाहन ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक भाग गया। सूचना मिलते ही मऊ थाना प्रभारी श्रीप्रकाश यादव पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की पहचान कराने के लिए आसपास के लोगों और ग्राम प्रधान को बुलाया गया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है।

### एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

**मऊ (चित्रकूट)।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को इनके निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान राजस्व से जुड़े मामलों के साथ-साथ गांवों में नल की समस्या, चक रोड विवाद, विद्युत आपूर्ति, सड़क और मारपीट से संबंधित कई शिकायतें आईं। तहसीलदार राम सुधार, नायब तहसीलदार पारुल सिंह, लेखपाल, कानूनगो, पुलिस विभाग के अधिकारी, बीडीओ आदि मौजूद रहे।

### एडीएम ने लगाई जिम्मेदारों को फटकार

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव ने रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत इटवा डुड़ैला और टिकरिया जमुनिहाई गांव का मुआयना किया। ग्रामीणों ने बताया कि 15 दिन में दो दिन जलापूर्ति की जाती है। इस पर अपर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर एवं उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण के सहायक अभियंता को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि 15 दिवस में बचे काम पूरा कर नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

### गैर इरादतन हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

**राजापुर।** पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके नाम संतोष कुमार, रामज्ञानी पुत्र ललवा निषाद और सुमित्रा पत्नी स्व. वीरेंद्र निवासी ग्राम रगौली हैं। इस संबंध में शीलू निषाद पुत्र स्व. वीरेंद्र निषाद निवासी रेवाडी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### कोषागार घोटाले में वांछित दो और दबोचे

**चित्रकूट।** एसआईटी टीम के विवेचक राकेश मौर्य ने कोषागार घोटाले में वांछित दो आरोपियों हिमांशू सिंह व प्रियांशू सिंह पुत्रगण ओमप्रकाश सिंह निवासीगण लालता रोड खंडेहा को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसआई विवेक कुमार सिंह, चंद्रकांत शुक्ला, मुख्य आरक्षी साकिर हुसैन, आरक्षी कुलदीप द्विवेदी शामिल रहे।

### हमला करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के एसआई अंशुल कुमार ने धारदार हथियार से हमला करने के आरोपी को पकड़ा। इस संबंध में सिद्धपुर निवासी सुंदरलाल प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 31 मार्च की रात खेत में मनोज पटेल पुत्र रामलाल ने सिर पर हंसिया मार दिया। आरोपी की पत्नी व पुत्र ने लात घूंसों से मारा जिससे मुंह व शरीर में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी मनोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

### चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर चित्रकूट।** कोतवाली पुलिस टीम ने चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग अरविंद कुमार सिंह ने नाना जी देशमुख श्रद्धा केंद्र बंदरपुर में हुई चोरी के दो आरोपियों को पकड़ा। इनके नाम पवन वर्मा और देवेंद्र निषाद बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार, इस संबंध में रामनारायण यादव निवासी बंदरकोल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# आंधी-बारिश से फसलें हुईं बर्बाद

## गेहूं और चना की फसल को हुआ भारी नुकसान, बर्बादी की कगार पर पहुंचे किसान, खेतों में भरा पानी

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** प्रकृति ने एक बार फिर किसानों को गहरा जख्म दिया। शुक्रवार और शनिवार को रुक रुककर और कभी तेज कभी सामान्य बारिश ने जिले भर में तबाही मचा दी। तेज आंधी और बारिश ने खेतों में खड़ी और खलिहानों में रखी गेहूं की फसल को बर्बाद कर दिया। सबसे ज्यादा नुकसान गेहूं की फसल को हुआ है। जिन किसानों ने चने की बुआई देर से की थी, उन्हें भी भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

शुक्रवार के बाद शनिवार तड़के हुई तेज बारिश ने किसानों को संभलने का मौका तक नहीं दिया। चार महीने की दिन-रात मेहनत से तैयार की गई फसल कुछ ही घंटों में भीग गई। जिले में करीब 40 प्रतिशत किसान गेहूं की कटाई-मड़ाई कर चुके थे और अनाज घर पहुंचाने की जुगत पर लगे हुए थे। बाकी किसान कटाई की तैयारी में ही थे कि बारिश ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। खेतों और खलिहानों में पड़ी गेहूं की लाक पानी में भीग गई, जिससे दानों के काला पड़ने और गुणवत्ता खराब होने की आशंका बढ़ गई है। मऊ क्षेत्र सहित तिरहार, बरगढ़, रामनगर, राजापुर, सरधुआ और पहाड़ी इलाकों के किसान इस आपदा से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।



खेत में भीगी पड़ी गेहूं की लॉक। अमृत विचार

### आंकड़ों में खेती की स्थिति

- जनपद में कुल 2,16,000 किसान हैं, जिनमें 1,27,736 (71.44%) सीमांत किसान हैं। छोटे किसानों की संख्या 29,620 (16.57%) है, जबकि लगभग 75 हजार किसान बंटाई पर खेती करते हैं। जिले का कुल कृषि योग्य क्षेत्र 3,38,897 हेक्टेयर है, जिसमें से 1,56,532 हेक्टेयर में खेती होती है। केवल 25,797 हेक्टेयर क्षेत्र में एक साल में एक से अधिक फसलें ली जाती हैं, जबकि कुल सिंचित क्षेत्र 86,041 हेक्टेयर है।

## दर्द की कहानी किसानों की जुबानी

### अचानक बदल गया मौसम : अंकित



खपटिहा गांव के किसान अंकित बताते हैं कि तेज आंधी और बारिश के कारण फसल को बचाने का मौका तक नहीं मिला। उनकी 10 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह भीग गई।

### कतराई से पहले भीगी फसल : पप्पू



बरहा कोटरा निवासी किसान पप्पू का कहना है कि उन्होंने कटाई के लिए मजदूर तक लगा दिए थे, लेकिन बारिश ने उनकी तैयार फसल को पानी में डुबो दिया।

### गेहूं के बोझ उड़ गए : अभिनव



मऊ के अभिनव द्विवेदी बताते हैं कि तेज आंधी में गेहूं के बोझ उड़ गए और जो बचा, वह बारिश में भीग गया। अब भीगे बोझ अगर समय रहते नहीं सूखे तो अनाज के काला होने की संभावना रहेगी।

### अभी बहुत ज्यादा नुकसान नहीं : एसडीएम



मऊ एसडीएम राम ऋषि रमन ने बताया कि उन्होंने क्षेत्र का दौरा किया है। अभी कई जगहों पर फसल खड़ी हैं जिन्हें कम नुकसान हुआ है। गेहूं की लाक जरूर भीगी है लेकिन अभी बहुत अधिक नुकसान नहीं हुआ है। स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

### मौसम विभाग ने पहले ही दे दी थी चेतावनी थी

दीनदयाल शोध संस्थान के कृषि विज्ञान केंद्र, गनीवा (चित्रकूट) ने लखनऊ मौसम विभाग से मिली जानकारी के आधार पर पहले ही ओलावृष्टि, मेघगर्जन, आकाशीय बिजली और तेज हवाओं की आशंका जताई थी। तेज बारिश ने नुकसान को और बढ़ा दिया।



उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते अनुज हनुमत। अमृत विचार

### समाजसेवी ने सौंपा समस्याओं का ज्ञापन

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** संपूर्ण समाधान दिवस पर युवा समाजसेवी अनुज हनुमत ने पाठा क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण विषयों को लेकर उप जिलाधिकारी (न्यायिक) पूजा गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। इसमें आदिवासी बहुल चूल्ही गांव तक संपर्क मार्ग का जल्द से जल्द निर्माण, मानिकपुर से ऊंचाडीह होते हुए चमरौंहा, मऊ गुरदरी के रास्ते डभौरा को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग को स्टेट हाइवे घोषित किए जाने, बेमौसम बारिश से किसानों को हुए नुकसान का फौरन स्थलीय मुआयना कर यथासंभव सहायता राशि प्रदान किए जाने की मांगें हैं।

### कार्यालय नगर पंचायत सरीला- हमीरपुर

पत्रांकः– 24 / न0पं0स0 / म्यू0सू0 / 2025–26 दिनांकः– 01/04/2026

**सूचना प्रकाशन**

**(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)**

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है निम्नांकित आवेदक /आवेदको द्वारा इस नगर पंचायत के गृहकर अभिलेखो में नवीन कर निर्धारण /नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित नियमानुसार अंकित है। उपरोक्त के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यलय में प्रस्तुत कर सकता है। बादम्याद अन्यथा कि स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जायेगी जिसका उत्तरदायित्व नगर पंचायत सरीला का नही होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मन्नू पत्नी श्री पुष्पेन्द्र निवासी सरीला मुहाल मांझखोर वार्ड 09 हालमुकाम गोपाल प्लाजा के पास मु0 हटवारा वार्ड नं0 01 तह0 सरीला जिला हमीरपुर | श्री रामेश्वर पुत्र श्री मस्ता उर्फ मस्तराम मु0 हटवारा वार्ड नं0 01 निवासी सरीला तह0 सरीला जिला हमीरपुर | मुहाल हटवारा | वार्ड नं0 01 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत सरीला – हमीरपुर**

### कार्यालय नगर पंचायत सरीला- हमीरपुर

पत्रांकः– 74 / न0पं0स0 / म्यू0सू0 / 2025–26 दिनांकः– 01/04/2026

**सूचना प्रकाशन**

**(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)**

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है निम्नांकित आवेदक /आवेदको द्वारा इस नगर पंचायत के गृहकर अभिलेखो में नवीन कर निर्धारण /नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित नियमानुसार अंकित है। उपरोक्त के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यलय में प्रस्तुत कर सकता है। बादम्याद अन्यथा कि स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जायेगी जिसका उत्तरदायित्व नगर पंचायत सरीला का नही होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मन्नू पत्नी श्री पुष्पेन्द्र निवासी सरीला मुहाल मांझखोर वार्ड 09 हालमुकाम गोपाल प्लाजा के पास मु0 हटवारा वार्ड नं0 01 तह0 सरीला जिला हमीरपुर | श्रीमती जहीरन पत्नी श्री मुहम्मद व वहीद अली व जाहिद खॉन पुत्रगण श्री मुहम्मद निवासी मुहाल हटवारा कस्बा सरीला तहसील सरीला जिला हमीरपुर | मुहाल हटवारा | वार्ड नं0 01 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत सरीला – हमीरपुर**

### कार्यालय नगर पंचायत सरीला- हमीरपुर

पत्रांकः– 75 / न0पं0स0 / म्यू0सू0 / 2025–26 दिनांकः– 01/04/2026

**सूचना प्रकाशन**

**(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)**

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है निम्नांकित आवेदक /आवेदको द्वारा इस नगर पंचायत के गृहकर अभिलेखो में नवीन कर निर्धारण /नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित नियमानुसार अंकित है। उपरोक्त के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यलय में प्रस्तुत कर सकता है। बादम्याद अन्यथा कि स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जायेगी जिसका उत्तरदायित्व नगर पंचायत सरीला का नही होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मन्नू पत्नी श्री पुष्पेन्द्र निवासी सरीला मुहाल मांझखोर वार्ड 09 हालमुकाम गोपाल प्लाजा के पास मु0 हटवारा वार्ड नं0 04 तह0 सरीला जिला हमीरपुर | श्री जमुनादास पुत्र श्री नारायन निवासी मुहाल हटवारा कस्बा सरीला तहसील सरीला जिला हमीरपुर | मुहाल हटवारा | वार्ड नं0 04 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत सरीला – हमीरपुर**

# नासिक से घर आ रही पत्नी गुम, आई फिरौती की काल

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** जनपद के मऊ थाना क्षेत्र से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जिसमें पत्नी को घर बुलाने की कोशिश करते-करते पति खुद अपहरण और फिरौती के जाल में फंस गया। मामला ऐसा है कि पढ़ते-पढ़ते पहले चौंकाता है, फिर उलझाता है और अंत में कई सवाल छोड़ जाता है।

मऊ थाना क्षेत्र निवासी मंगल प्रसाद ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी 55 वर्षीय पत्नी, जो महाराष्ट्र के नासिक में रहती थी। छह मार्च 2026 को उसने पत्नी के पास 32 हजार रुपये भेजे। इसके बाद वह घर के लिए रवाना हुई थी। यहां पर परिजनों को उम्मीद थी कि वह सकुशल घर पहुंच जाएंगी लेकिन रास्ते में ही उसका मोबाइल बंद हो गया और उससे संपर्क टूट गया। पत्नी के अचानक लापता होने से परेशान पति खुद नासिक पहुंच गया लेकिन वहां पर उसकी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसी बीच 21 मार्च को अचानक एक वीडियो काल आई, जिसने पूरे मामले को नया मोड़ दे दिया। काल करने वाले ने महिला के अपहरण की बात कहते हुए 30 हजार रुपये की फिरौती मांगी। पति का कहना है कि आरोपियों ने धमकी दी कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो उसकी पत्नी को जान से मार दिया जाएगा। इससे वह सन्न रह गया।



मंगल प्रसाद।

- परेशान पति ने लगाई मऊ थाने में गुहार

मामले से घबराया पति अंततः न्याय की आस में थाने पहुंचा और कार्रवाई की मांग की। मंगल प्रसाद ने अपने प्रार्थना पत्र में कुछ लोगों पर मारपीट और उत्पीड़न के भी गंभीर आरोप लगाए हैं। मऊ थाना प्रभारी श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि महिला नासिक से मऊ के लिए निकली थी लेकिन घर नहीं पहुंची। इस संबंध में महाराष्ट्र के नासिक में गुमशुदगी की रिपोर्ट पहले ही दर्ज है। अब परिजनों की तहरीर पर स्थानीय स्तर पर भी जांच की जा रही है।

### जांच जारी, कई सवाल बाकी

फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। यह साफ नहीं हो पाया है कि मामला वास्तव में अपहरण का है या इसके पीछे कोई और वजह है। पूरे घटनाक्रम ने इलाके में चर्चा का माहौल बना दिया है।

# बारिश से किसानों में चिंता का माहौल

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** बरगढ़ गांव से आसपास सटे इलाकों में दो दिन की जमकर बारिश से किसानों में चिंता का माहौल है। अपनी कई महीनों की खेतों में की गई तपस्या भंग होती नजर आ रही है।

बरगढ़ में किसानों की फसल या तो खेत में पकी खड़ी है या फिर कटी खेत खलिहान में पड़ी फसल है। ऐसा में बदले मौसम के बीच हुई बारिश से किसान चिंता में हैं। शुक्रवार अपराह्न साढ़े 11 बजे से एक घंटे तेज बारिश हुई। वहीं शनिवार को भी तेज बारिश ने किसानों को चिंता में डाल दिया।

**यही मौसम बना रहा तो होगी दिक्कत : सूबेदारः** किसान सूबेदार सिंह ने बताया कि आज की बारिश से अनुमानित नुकसान 15 से 20 प्रतिशत हुआ है। अगर मौसम इसी तरह दो तीन दिन बना रहा तो ये नुकसान 65 से 70 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। सारे दाने अंकुरित हो जाएंगे क्योंकि फसल खेत में पड़ी है।

**बारिश से अनाज में नहीं रहेगी चमक : अजयः** समाजसेवी अजय त्रिपाठी ने बताया कि बारिश अगर अगले दिन या रात में न हो तो धूप में फसल सुखवाकर अनाज निकाला जा सकता है। पर अनाज में चमक नहीं रहेगी, हल्का कालापन आ जाएगा। अगर बारिश दो तीन दिन लगातार बनी रही तो पूरी तरह से फसल नष्ट हो सकती है।

### समय से अच्छी लगती हर बात : रूपक

युवा किसान रूपक द्विवेदी ने कहा कि जरूरत से पहले और जरूरत से ज्यादा कोई भी चीज हो तो परेशानी का कारण बनना तय है। पानी समय से गिर जाता है तो नष्ट फसल में जान आ जाती है। मगर यही पानी तैयार फसल को नष्ट कर देता है। आज की बारिश सबके लिए चिंता का विषय है।

### किसानों का हुआ काफी नुकसान : शोभनाथ

ग्राम प्रधान कोलमजरा शोभनाथ प्रजापति ने बताया कि आज की बारिश से किसानों का काफी नुकसान हुआ होगा। खेती लगभग 80 प्रतिशत खेत या खलिहान में पड़ी होगी। तीन-चार दिन अगर बारिश न हुई होती तो 70 प्रतिशत किसानों की फसल घर पहुंच जाती।

# सरकारी सामान चोरी का आरोप

संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिले की एक ग्राम पंचायत में सरकारी संपत्ति और सफाई उपकरणों की चोरी का मामला सामने आया है। इस संबंध में राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन द्वारा जिला प्रशासन को पत्र सौंपकर जांच की मांग की गई है। आरोप है कि ग्राम पंचायत हन्ना बिनैका में बीते दिनों पंचायत के अंतर्गत रखे गए सफाई उपकरण और अन्य सरकारी सामग्री संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। संगठन के जिलाध्यक्ष दीपक कुमार तिवारी ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत के जिम्मेदार पदों पर कार्यरत लोगों की लापरवाही अथवा मिलीभगत से यह घटना हुई है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत में उपलब्ध सामग्री जैसे कूड़ेदान, तसला, बेलचा, पाइप समेत अन्य आवश्यक उपकरण चोरी हो गए हैं, जिससे स्वच्छता कार्य प्रभावित हो रहा है। संगठन ने यह भी कहा कि इस घटना से ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं और सरकारी संपत्ति की सुरक्षा पर भी चिंता बढ़ गई है। संगठन ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही पंचायत में आवश्यक संसाधनों की पुनः व्यवस्था कराने की भी अपील की गई है।

### निजी स्कूलों पर उत्पीड़न का आरोप

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर निजी स्कूलों द्वारा कापी किताब और यूनीफार्म के नाम पर अभिभावकों का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि स्कूल प्रबंधन कुछ चिह्नित दुकानों से ही किताबें आदि लेने का दबाव बनाते हैं। अनुज का कहना है कि जिले के कुछ नामचीन प्राइवेट स्कूलों द्वारा माता-पिता का उत्पीड़न किया जा रहा है। स्कूल स्टाफ द्वारा चिह्नित दुकानों से सामग्री लेने के लिए दबाव बनाया जाता है। पहले से ही तय कर लिया जाता है कि निश्चित कंपनी की किताबें और अन्य सामग्री उसी दुकान पर मिलेंगी।

**आयोजन** | जिले में हुई स्कूल चलो अभियान की शुरुआत, बच्चों को माला पहनाकर व टीका लगाकर कराया गया प्रवेश

# आंगनबाड़ी, प्राथमिक विद्यालय में बढ़ा लोगों का भरोसा : डीएम

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों व प्राथमिक विद्यालयों में लोगों का भरोसा बढ़ा है। 2025 में 1,18,000 बच्चे पढ़ते थे तो इस बार महज चार दिन में ही पांच हजार बच्चों का नामांकन हो चुका है।

जिले में शनिवार को स्कूल चलो अभियान की शुरुआत हुई। इस दौरान वाराणसी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों के साथ सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना की और सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। डीएम ने कहा कि जिले में एक लाख पच्चीस हजार बच्चों का लक्ष्य रखा गया है। यहां 1262 विद्यालय हैं, जिसमें 5500 शिक्षक हैं। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि अभिभावकों के साथ मीटिंग करते रहें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, जिलाध्यक्ष कोऑपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल आदि जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। बाद में जिलाधिकारी ने प्रत्येक तहसील के लिए स्कूल चलो अभियान के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रत्येक ग्राम पंचायत में जाकर स्कूल चलो अभियान का प्रचार प्रसार करेगी।

**शिक्षक-शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानितः** इस अवसर पर अध्यापक-अध्यापिकाओं को सम्मानित किया गया।

इनमें आराधना सिंह, रामकृष्ण मौर्य, मंजू देवी, शैलेंद्र कुमार, बलराम सिंह हरिनारायण सिंह, अशोक द्विवेदी, आलोक गर्ग, गउदिन पटेल, अशोक कुमार सिंह, कमलेश कुमार कंचन, प्रमोद कुमार, रोहिणी मिश्रा, भगत सिंह, कल्याण सिंह, ओम प्रकाश सिंह शामिल हैं।

**शिक्षा शेरनी का दूध, जो पियेगा दहाड़ेगा : एसपीः** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पढ़ाई लिखाई की आवश्यकता बताई। कहा कि शिक्षा शेरनी का दूध है जो पिएगा, वहीं दहाड़ेगा। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता के सुधार के संबंध में कहा कि जब एक ही स्कूल में माई के बेटे और दाई के बेटे का नामांकन हो तभी सुधार हो पाएगा।



नवप्रवेशी बच्चे का माल्यार्पण करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह और जनप्रतिनिधि। अमृत विचार



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार**
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बबलू पुत्र मुन्नन खां, निवासी सलारगंज (बहराइच) की बीमा पॉलिसी संख्या 214592607 में जन्मतिथि 18.07.1982 दर्ज है, जबकि आधार कार्ड में जन्मतिथि 01.01.1975 तथा पॉलिसी बांड में पिता का नाम अल्ताफ खां अंकित है। उक्त सभी विवरण एक ही व्यक्ति से संबंधित हैं।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र अली अलसफर की आपराधिक व झगड़ालू प्रवृत्ति होने, मेरी सम्पत्ति को हड़पने, बरबाद करने की साजिश करने एवं मुझे मारने का षड्यंत्र करने के कारण मैंने अपने पुत्र अली अलसफर को दिनांक 15.12.2025 को अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और घर से निकाल दिया है। मेरी सम्पत्ति एवं मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से उसका कोई वास्ता व सरोकार नहीं रह गया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी असामाजिक, आपराधिक कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **मो0 रफी पुत्र मजीद निवासी- ग्राम- मोहल्ला- रहिमापुर, मजरे- इन्हौना, थाना- इन्हौना, जिला- अमेठी।**

**सूचना**

मै मो0 इलियास खान पुत्र अब्दुल वहीद खान, मोहल्ला केवलहार मलिहाबाद, जिला लखनऊ, उ0प्र0, मैने अपने पुत्र मो0 अब्बास खान का व्यवहार व चाल चलन ठीक न होने के कारण व उसके गलत आचरण से मैं अत्याधिक शारीरिक व मानसिक पीड़ित रहता हूँ जिसके कारण मैं अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से उक्त को बेदखल करता है। अब उपरोक्त से मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा, समस्त क्रिया कलापों एवं आचरण के प्रति वह स्वयं जिम्मेदार होगा ।

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड नम्बर 9454 6164 0323 में मेरा नाम सीमा देवी लिखा गया है जो कि पूर्व का उप नाम था वास्तविक एंव शैक्षणिक अभिलेखों में मेरा नाम अंशिका पत्नी भूपेन्द्र कुमार जन्म तिथि 08.05.2007 है ।निवासी गोपालपुर पुरवा तरौहा तहसील कर्वी जिला चित्रकूट है। सीमा देवी नाम गलत है। **अंशिका पत्नी भूपेन्द्र कुमार निवासी गोपालपुर पुरवा तरौहा तहसील कर्वी जिला चित्रकूट (उ0प्र0)**

**सूचना**

मेरे हाई स्कूल के प्रमाणपत्र में त्रुटिवश मेरा नाम भावाना सिंघल (BHAVANA SINGHAL) अंकित हो गया है। जबकि मेरे पैन कार्ड व आधार कार्ड सं0-314195216861 में मेरा सही नाम भावना अग्रवाल(BHAWNA AGARWAL) दर्ज है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम भावना अग्रवाल (BHAWNA AGARWAL) के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O-अंशुल अग्रवाल पता-एम-1018, सेक्टर- एम, आशियाना एल.डी.ए.कालोनी, लखनऊ -226012 (उ0प्र0)

**कैग ने जम्मू-कश्मीर में बजटीय उल्लंघनों को चिह्नित किया**

**जम्मू।** कैग ने जम्मू और कश्मीर में वित्तीय प्रबंधन के उल्लंघनों को उजागर किया है वित वर्ष 2023-24 के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा 34,000 करोड़ रुपये से अधिक की बचत राशि को निर्धारित बजटीय मानदंडों का उल्लंघन करते हुए वापस नहीं किया गया।

अमृत विचार
कानपुर, रविवार, 5 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### खाद्य स्टार्टअप के लिए मैसूर में इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को मैसूर स्थित केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सीएफटीआरआई) में बिराक-बायोनेस्ट इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नवाचार और उपभोक्ता मांग के बीच बेहतर तालमेल होना आवश्यक है। एक बयान के अनुसार, इस नई सुविधा का उद्देश्य खाद्य स्टार्टअप को बढ़ावा देना, उन्नत अनुसंधान में सहायता करना और खाद्य जैव प्रसंस्करण तथा जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नियामक सुविधा का विस्तार करना है। इससे वैज्ञानिक विचारों को बाजार के लिए तैयार समाधानों में बदलने में मदद मिलेगी।

### रेलवे पार्सल से माल भेजेंगे कश्मीर के फल उत्पादक

**जम्मू।** कश्मीर के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और उसके फल उद्योग व पार्सल व्यापार को राष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने के लिए उत्तरी रेलवे के जम्मू डिवीजन ने घाटी से रेल द्वारा पार्सल परिवहन बढ़ाने के उद्देश्य से हितधारकों की बैठक आयोजित की। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बैठक शुक्रवार को श्रीनगर में हुई। इसका उद्देश्य कश्मीर क्षेत्र से पार्सल यातायात बढ़ाने के लिए एक स्पष्ट योजना तैयार करना था। अधिकारियों के अनुसार, इस बैठक का उद्देश्य कश्मीर क्षेत्र से पार्सल परिवहन बढ़ाने के लिए सड़क मार्ग के बजाय रेल को भरोसेमंद, समयबद्ध और किफायती विकल्प के रूप में स्थापित करना था।

### पीएनजी के लिए आवेदन करने वालों को ही मिलेगी वाणिज्यिक एलपीजी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति के नियमों को कड़ा कर दिया है। इसके तहत उन क्षेत्रों में व्यवसायों के लिए पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन लेना या उसके लिए आवेदन करना अनिवार्य कर दिया गया है, जहां पीएनजी नेटवर्क उपलब्ध है। खाद्य, आपूर्ति और उपभोक्ता मामले के विभाग ने दो अप्रैल को जारी आदेश में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों के वितरण पर अपनी हालिया नीति के एक प्रमुख खंड में संशोधन किया है। संशोधित नियमों के तहत, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ता एलपीजी आपूर्ति तभी पा सकेंगे, जब वे संबंधित तेल विपणन कंपनी (ओएमसी) के साथ पंजीकृत हों और उन्होंने पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन किया हो (जहां नेटवर्क मौजूद है)। आदेश के अनुसार, जिन क्षेत्रों में अभी तक पीएनजी बुनियादी ढांचा तैयार नहीं है, वहां उपभोक्ताओं को पीएनजी उपलब्ध होने पर उसे अपनाने के अपने इरादे को व्यक्त करते हुए एक आवेदन जमा करना होगा।

# ईंधन पर्याप्त : 46 हजार टन एलपीजी लेकर होर्मुज के पार आया ग्रीन सानवी

## सरकार ने कहा- घबराहट में न खरीदें, 2 अप्रैल को पहुंचे जहाज सीबर्ड से उतारी जा रही 44 हजार टन एलपीजी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने शनिवार को नागरिकों से पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील की। सरकार ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से जुड़े व्यवधानों के बावजूद ईंधन की आपूर्ति पर्याप्त है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि देश में पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं। लोगों को केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने और ऊर्जा की बचत करने की सलाह दी गई है।




● पेट्रोलियम मंत्रालय ने लोगों से कहा-एलपीजी और पीएनजी हमारी प्राथमिकता, केवल आधिकारिक सूचनाओं पर करें भरोसा

सरकार ने घरेलू एलपीजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) को प्राथमिकता दी है। जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोकको सख्ती बढ़ाई गई है। अब तक 3,700 से अधिक छापेमारी की गई है, एलपीजी वितरकों को लगभग 1,000 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं और अब तक 27 डीलरों को निलंबित किया जा चुका है।

वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को पहले के स्तर के लगभग 70 प्रतिशत तक सीमित किया गया है, जबकि केरोसिन (मिट्टी का तेल) और कोयले जैसे वैकल्पिक ईंधनों का उपयोग बढ़ाया जा रहा है ताकि दबाव कम किया जा सके। प्राकृतिक गैस के मामले में घरों और परिवहन क्षेत्र को पूरी आपूर्ति दी जा रही है, उद्योग और उर्वरक क्षेत्रों के लिए आपूर्ति धीरे-धीरे बढ़ाई जा रही है।

मंत्रालय ने बताया कि बढ़ती वैश्विक कीमतों से राहत देने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है और निर्यात पर शुल्क लगाया है।

इसी बीच लगभग आधे दिन की खाना पकाने की गैस की आपूर्ति ले जा रहा एक भारतीय एलपीजी टैंकर युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार कर चुका है, जबकि ईरान का एक अन्य जहाज मंगलौर बंदरगाह पर पहुंच गया है। सरकार ने शनिवार को पश्चिम एशिया की स्थिति पर जानकारी देते हुए कहा कि ''ग्रीन सानवी'' नामक एलपीजी जहाज 46,650 टन रसोई गैस और 25 नाविकों के साथ सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है। ग्रीन सानवी इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को पार करने वाला सातवां भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर है। ग्रीन सानवी के गुजरने के बाद भी 17 भारतीय ध्वज वाले जहाज अभी जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में फंसे हुए हैं।

### रोजाना 15.2 लाख सिलेंडर दे रही एचपीसीएल

**मुंबई, एजेंसी।** सरकारी क्षेत्र की पेट्रोलियम उत्पाद वितरक कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि (एचपीसीएल) ने शनिवार को अपने ग्राहकों को आश्वस्त किया है कि पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बावजूद घरेलू एलपीजी की उसकी आपूर्ति सामान्य और पर्याप्त रूप से जारी है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि एलपीजी वितरण का काम इस समय सर्वोच्च प्राथमिकता है। कंपनी निर्बाध रूप से घरों तक प्रतिदिन 15,20,000 से अधिक सिलेंडरों की आपूर्ति कर रही है उसका जो सामान्य वितरण है। एचपीसीएल अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, वेब पोर्टल और टोल-फ्री नंबर (1800-2333-555) के माध्यम से ग्राहकों की समस्याओं के समाधान में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।

### डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाने से बचें

सरकार ने एक बयान जारी कर कहा है कि उपभोक्ता मौजूदा परिस्थितियों के बीच एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाने से बचें और गैस बुकिंग के लिए डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल करें। सरकार ने नागरिकों को स्पष्ट सलाह दी है कि जब तक बहुत जरूरी न हो, एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाने से बचें और गैस बुकिंग के लिए केवल डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें। वर्तमान में इंडस्ट्री के स्तर पर 94% एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन हो रही है। मांग को नियंत्रित करने के लिए, शहरी क्षेत्रों में बुकिंग का अंतराल 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 45 दिन तक कर दिया गया है। डिस्ट्रीब्यूटर स्तर पर गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी को फरवरी 2026 के 53% से बढ़ाकर 86% कर दिया गया है।

# पश्चिम एशिया संकट लंबा चला तो भारत का निर्यात प्रभावित होगा: अग्रवाल

**हैदराबाद, एजेंसी**

केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि यदि पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष जारी रहा, तो इसका असर भारत के अन्य देशों को होने वाले निर्यात पर भी पड़ेगा। 'चिंतन शिविर-फार्मा निर्यात वृद्धि' के अवसर पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में अग्रवाल ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण पिछले महीने आयात और निर्यात दोनों पर प्रभाव पड़ा, क्योंकि ऊर्जा आयात बाजार का एक प्रमुख हिस्सा है।

अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि पश्चिम एशिया भी एक महत्वपूर्ण बाजार है। हमारे निर्यात का लगभग 12-13 प्रतिशत हिस्सा इसी क्षेत्र में जाता है। इसलिए, इस पर सीधा असर पड़ेगा। अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो संभवतः दुनिया के अन्य हिस्सों में होने वाले हमारे निर्यात भी प्रभावित होंगे क्योंकि कुछ मूल्य श्रृंखलाएं फिर से सामान्य स्थिति में आ जाएंगी। हम इससे अवगत हैं।



● 'चिंतन शिविर-फार्मा निर्यात वृद्धि में बोले केंद्रीय वाणिज्य सचिव

एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि इस संकट का प्रभाव आने वाले कुछ हफ्तों में स्पष्ट हो सकेगा। सरकार की कोशिश है कि आपूर्ति श्रृंखला पर कम से कम असर पड़े, हालांकि आयात और निर्यात दोनों में कुछ कमी आ सकती है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए उद्योग को आत्मनिर्भर बनना होगा।

### दवा निर्यात फरवरी तक 28 अरब डॉलर के पार

**हैदराबाद, एजेंसी।** भारत का दवा निर्यात पिछले वित्त वर्ष के फरवरी तक सालाना आधार पर पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ 28 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा। भारतीय दवा निर्यात संवर्धन परिषद के महानिदेशक के राजा भानु ने कहा कि वर्तमान में लगभग 60 अरब डॉलर वाले इस क्षेत्र के 2030 तक बढ़कर 130 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। उन्होंने 'चिंतन शिविर : औषधि निर्यात में वृद्धि'' के उद्घाटन सत्र में कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद दवा निर्यात ने अपनी वृद्धि की गति बनाए रखी है। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल से फरवरी अवधि के दौरान निर्यात 28 .29 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 5 .6 प्रतिशत अधिक है।

# ईरान संग भुगतान की समस्या नहीं, कच्चे तेल की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित: सरकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि ईरान से कच्चे तेल के आयात के लिए भुगतान संबंधी कोई समस्या नहीं है और रिफाइनरियां उस देश के साथ ही दुनिया भर के विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं से तेल हासिल कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में उन खबरों को खारिज किया, जिनमें दावा किया गया था कि ईरानी कच्चा तेल ले जा रहा एक तेल टैंकर अपने पहले से संकेतित गंतव्य भारत के बजाय चीन की ओर मुड़ गया है।

मंत्रालय ने कहा कि ये दावे उद्योग के उस सामान्य अभ्यास की अनदेखी करते हैं, जहां परिचालन लचीलेपन के आधार पर यात्रा के दौरान कार्गो अपना गंतव्य बदल सकते हैं। मंत्रालय ने इन दावों को तथ्यात्मक रूप से गलत बताया कि भुगतान बाधाओं के कारण कार्गो को गुजरात के वाडिनार के बजाय चीन की ओर मोड़ा गया था। मंत्रालय ने कह कि ईरानी कच्चे तेल के आयात के लिए भुगतान की कोई बाधा नहीं है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारत 40 से अधिक देशों से कच्चे तेल का आयात करता है, और कंपनियों के पास विभिन्न स्रोतों और भौगोलिक क्षेत्रों से तेल प्राप्त करने का पूर्ण लचीलापन है।

● प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने खारिज किया ईरानी तेल ले जा रहे टैंकर के चीन की ओर मुड़ने का दावा

# स्वदेशी इस्पात से मिली है युद्धपोत आईएनएस तारागिरी को मज़बूती

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी क्षेत्र की स्टील उत्पादक महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारतीय नौसेना को सौंपे गये नये युद्धक पोत आईएनएस तारागिरी के लिए देश में ही विशेष प्रकार का इस्पात विकसित कर उसकी आपूर्ति की। नीलगिरी-श्रेणी (प्रोजेक्ट 17 ए) के चौथे स्टील्थ फ्रिगेट, इस युद्धपोत को शुक्रवार को नौसेना में शामिल किया गया। सेल की शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार उसने मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड को इस युद्ध पोत के निर्माण के लिए लगभग 4,000 टन विशेष ग्रेड के स्टील प्लेट की आपूर्ति की जो इस पोत की जरूरतों के लिए पूरी थी। इस विशेष इस्पात का उत्पादन सेल के बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्थित एकीकृत इस्पात संयंत्रों में किया गया है।

# एमएसएमई के लिए कर्ज की कमी 2030 तक 55 लाख करोड़ रहने का अनुमान

## विश्लेषण फर्म बी2के एनालिटिक्स ने जारी की ताजा रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई क्षेत्र की इकाइयां) का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान 33 प्रतिशत से बढ़ कर 40 प्रतिशत तक पहुंच सकता है लेकिन इस क्षेत्र के लिए संगठित क्षेत्र से मिलने वाला वित्त पोषण इसकी कुल आवश्यकता से 33 प्रतिशत कम रहने का अनुमान है।



विश्लेषण फर्म बी2के एनालिटिक्स की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि इस क्षेत्र को 2030 तक 162.92 लाख करोड़ रुपये के वित्त पोषण की जरूरत होगी और इस अवधि में इस क्षेत्र को औपचारिक स्रोतों से कर्ज 78.02 लाख करोड़ रुपये तक उपलब्ध हो सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार इसमें 56.98 लाख करोड़ रुपये का कर्ज प्राथमिकता क्षेत्र की ऋण सुविधाओं के तहत 18.57 लाख करोड़ रुपये अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से और 2.46 लाख करोड़ रुपये गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से मिलने का अनुमान है। इसके अतिरिक्त ये इकाइयां 5 कर्ज की व्यवस्था अनौपचारिक स्रोतों से कर सकती है तथा कर्ज की लगभग 30 प्रतिशत व्यवस्था प्रवर्तक अपनी खुद की पूंजी से करेंगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके बावजूद 2030 तक एमएसएमई के लिए कर्ज की कमी 55.18 लाख करोड़ रुपये के विशाल स्तर तक रहने का अनुमान है। बी2के एलालिटिक्स के सीईओ रिताबन बसु के अनुसार कि हमारे अनुमान एमएसएमई के योगदान के विस्तार के मजबूत दीर्घकालिक वृद्धि रुझानों को दर्शाते हैं। इस क्षेत्र के विस्तार के साथ इकाइयों को औपाचारिक स्रोतों से कर्ज सुविधाओं में भी वृद्धि होने की उम्मीद है।

# चौथी तिमाही में जमा से अधिक रही बैंकों की ऋण वृद्धि

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** एलआईसी के नियंत्रण वाले आईडीबीआइ बैंक का मार्च 2026 को समाप्त चौथी तिमाही में ऋण 16 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2.53 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा गया। एक साल पहले यह आंकड़ा 2.18 लाख करोड़ रुपये था। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी कुल जमा राशि 12 प्रतिशत बढ़कर 3.46 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 3.1 लाख करोड़ रुपये थी। इसी तरह, देश के दूसरे सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक के ऋण में मार्च तिमाही में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 29.6 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एचडीएफसी बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि 31 मार्च, 2025 के अंत तक उसका कुल अग्रिम 26.43 लाख करोड़ रुपये था।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# एलडीएफ सरकार की विदाई की उल्टी गिनती शुरू: मोदी

**तिरुवल्ला (केरल), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार की विदाई की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और केरल में भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता में आयेगा। मोदी ने पथनमथिट्टा जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राजग की रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एलडीएफ सरकार की विदाई करने के लिए काफी उत्साह दिखाया है।

राज्य विधानसभा की 140 सीट के लिए नौ अप्रैल को चुनाव होगा। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर भाजपा राज्य की सत्ता में आती है, तो वह केरल में विकास सुनिश्चित करेगी, जैसा कि उसने गोवा और पूर्वोत्तर के सात राज्यों में से छह में किया है, जहां वह सत्ता में है और वहां ईसाई आबादी काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि केरल में अपार संभावनाएं हैं, फिर भी विकास की दौड़ में यह अन्य राज्यों से पीछे है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केरल के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे की स्थिति खराब है, क्योंकि एलडीएफ और यूडीएफ ने इस पर ध्यान नहीं दिया। कहा कि जब केरल में भाजपा की 'डबल इंजन' वाली सरकार सत्ता में आएगी, तो सभी बाधाएं दूर हो जाएंगी और यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे देश में, अगर किसी समूह को राजग की नीतियों से सबसे ज्यादा फायदा होता है, तो वे मेरी माताएं, बहनें, बेटियां हैं। मोदी ने केरल से रोजगार के लिए युवाओं के पलायन का भी जिक्र किया और कहा कि यह राज्य की सबसे बड़ी समस्या है।



जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी का अभिनन्दन करते स्थानीय नेता।

# असम : उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.25 करोड़

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम में विधानसभा चुनावों भाग लेने वाले उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.25 करोड़ रुपये है। यह औसत पांच वर्ष पहले हुए विधानसभा चुनावों में भाग लेने वाले प्रत्याशियों की औसत संपत्ति से 54 प्रतिशत अधिक है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और असम इलेक्शन वॉच ने शनिवार को अपनी रिपोर्टों में कहा कि 2021 के असम विधानसभा चुनावों में प्रति उम्मीदवार औसत संपत्ति 2.10 करोड़ रुपये थी। उन्होंने इस बार चुनाव लड़ रहे सभी 722 उम्मीदवारों के स्व-घोषित शपथ पत्रों का विश्लेषण किया। पिछले चुनावों में 941 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। इस बार उम्मीदवारों की कुल संपत्ति 2,352 करोड़ रुपये है। इनमें से 39% करोड़पति हैं जबकि पांच साल पहले यह 28 % था।

# असली अपराधी बच निकले, निर्दोषों को परेशान कर रही एनआईए : ममता

**मालदा (बंगाल), एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि मालदा जिले के मोथाबाड़ी में न्यायिक अधिकारियों के घेराव और हिंसा के असली आरोपी फरार हो गए जबकि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) निर्दोष स्थानीय लोगों को पकड़कर परेशान कर रहा है।

वह मालदा के मानिकचक में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे एसआईआर के बाद 'विचाराधीन' मामलों की जांच कर रहे न्यायिक अधिकारियों के पास जाने के बजाय मतदाता सूची में नामों को दोबारा शामिल कराने के लिए न्यायाधिकरणों में आवेदन करें। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के संदर्भ में कहा कि दो सांप्रदायिक दलों ने न्यायिक अधिकारियों का घेराव किया और भाग निकले। अब एनआईए स्थानीय युवाओं को परेशान कर रही है।



● बोलीं-मतदाता सूची में नाम शामिल कराने को न्यायाधिकरणों में करें आवेदन

जांच के नाम पर करीब 50 निर्दोष लोगों को उठा लिया गया है। जब बनर्जी ने सभा में मौजूद लोगों से पूछा कि किन-किन के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, तो बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ उठाए, जिसे देखकर उन्होंने आश्चर्य जताया। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने मंच पर मौजूद पार्टी के स्थानीय नेताओं से कहा कि हमें राजनीतिक रैलियां और सभाएं करने की जरूरत नहीं है।

मेरी प्राथमिकता इन लोगों की मदद करना है, ताकि वे न्यायाधिकरणों में आवेदन देकर अपने नाम फिर से जुड़वा सकें।

# तमिलनाडु : एफसीआरए विधेयक दमनकारी, विदेश नीति विफल - स्टालिन

**नागरकोइल (तमिलनाडु), एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शनिवार को केंद्र द्वारा प्रस्तावित एफसीआरए संशोधन विधेयक 2026 को दमनकारी करार दिया। आरोप लगाया कि इसके जरिये अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से ईसाई सेवा संगठनों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने इस विधेयक को वापस लेने की मांग की। विधानसभा चुनाव के लिए यहां एक रैली को संबोधित करते हुए एम के स्टालिन ने मछुआरों के लिए सहायता राशि बढ़ाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व वाली द्रविड़ शैली की सरकार मछुआरों की सच्ची मित्र और करीबी सहयोगी है। स्टालिन ने आरोप लगाया कि विदेश नीति की बागडोर अपने हाथों में रखने वाली भाजपा विदेश नीति में भी नाकाम रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी स्थिति पैदा कर दी है कि भारत का अपने छोटे पड़ोसी देशों पर भी कोई प्रभाव नहीं रह गया है। दावा किया कि यह खेदजनक है कि भाजपा सरकार तमिलनाडु के मछुआरों को भारतीय मछुआरे नहीं मानती और इसका परिणाम श्रीलंका की नौसेना द्वारा हमारे मछुआरों पर लगातार किए गए हमले हैं।

● बोले-मछुआरे कर रहे श्रीलंका के हमलों का सामना

## केरल में एलडीएफ और प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर बरसे राहुल गांधी

**अलप्पुझा, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला किया तथा उन पर अहंकार, राजनीतिक सुविधा एवं चुनिंदा चुप्पी साधने का आरोप लगाया। श्री गांधी ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री ने केरल के मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन या उनके परिवार को कभी सार्वजनिक रूप से निशाना क्यों नहीं बनाया जबकि वह लगातार उन पर और कांग्रेस पर हमले करते रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह चुप्पी भाजपा और एलडीएफ के कुछ वर्गों के बीच एक गुप्त समझौते का संकेत देती है। उन्होंने दावा किया कि एलडीएफ ने अपना वैचारिक स्वरूप खो दिया है और अब इसे सच्चा वामपंथी आंदोलन नहीं कहा जा सकता। अब इस मोर्चे में दो प्रकार के नेता हैं, एक वे जो आरएसएस और भाजपा के साथ गठबंधन करने के लिए तैयार हैं और दूसरे वे जो अब भी वामपंथी विचारधारा में विश्वास रखते हैं लेकिन पार्टी के भीतर हाशिए पर चले गए हैं।

## कांग्रेस ने वायनाड पुनर्वास धनराशि का हिसाब सार्वजनिक किया

**कन्नूर (केरल), एजेंसी।** केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) प्रमुख सनी जोसेफ ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस को वायनाड पुनर्वास के लिए खोले गए खाते में लगभग 5 .38 करोड़ रुपये प्राप्त हुए और उसने इन धनराशि का उपयोग भूस्खलन पीड़ितों के लिए घर बनाने के मकसद से जमीन खरीदने में किया है। जोसेफ ने कहा कि उनके और विपक्ष के नेता वी . डी . सतीशन द्वारा संयुक्त रूप से संचालित खाते में जितनी धनराशि प्राप्त हुई उसके अलावा युवा कांग्रेस ने भी पुनर्वास प्रयासों के लिए लगभग 1 .05 करोड़ रुपये एकत्र किए। केपीसीसी प्रमुख ने यहां प्रेसवार्ता में कह कि इकट्ठा की गई राशि का इस्तेमाल वायनाड में दो चरणों में जमीन खरीदने के लिए किया गया, ताकि जुलाई 2024 के भूस्खलन में अपनी संपति खोने वालों के लिए घर बनाए जा सकें। इस भूस्खलन की घटना में 200 से अधिक लोगों की जान चली गई थी।

## त्रिभाषा फॉर्मूला हिंदी थोपने का तंत्र

**चेन्नई, एजेंसी।** स्टालिन ने सीबीएसई द्वारा हाल में जारी की गयी पाठ्यक्रम रूपरेखा का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि तथाकथित तीन-भाषा फॉर्मूला वास्तव में गैर-हिंदी भाषी क्षेत्रों में हिंदी के विस्तार का एक गुप्त तंत्र है। यह पाठ्यक्रम रूपरेखा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप है। यह शैक्षणिक सुधार नहीं है, बल्कि भाषा थोपने की एक सोची समझी कोशिश है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### रूस से जुड़े जहाजों की जब्ती का ब्रिटेन का प्रयास अस्वीकार्य

**मास्को।** रूस ने कहा है कि रूस से जुड़े जहाजों को जब्त करने का ब्रिटेन का कोई भी प्रयास अस्वीकार्य है। ब्रिटेन में रूस के राजदूत आंद्रेई केलिन ने रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से यह बात कही। उन्होंने कहा, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का ब्रिटिश जलक्षेत्र में हमारे देश से जुड़े नागरिक जहाजों को जब्त करने का घोषित इरादा रूस के प्रति एक और गहरा शत्रुतापूर्ण कदम है... हम हमारे देश से जुड़े जहाजों को जब्त करने के ब्रिटिश पक्ष के किसी भी प्रयास को अस्वीकार्य और अक्षम्य मानते हैं।" उल्लेखनीय है कि ब्रिटिश सरकार ने मार्च में घोषणा की थी कि ब्रिटेन के सैन्य कर्मी अपने जलक्षेत्र से गुजरने वाले प्रतिबंधित जहाजों जब्त कर लेंगे। ब्रिटेन प्रतिबंधित जहाजों के लिए इंग्लिश चैनल सहित ब्रिटिश जलक्षेत्र को बंद करके और भी अधिक प्रतिबंध लगाएगा।

### रूस में नहीं हैं ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के रूस दौरे की कथित खबरें सही नहीं हैं और उनकी चोटें उनके काम में बाधा नहीं डाल रही हैं। एक राजनयिक स्रोत से शनिवार को यह जानकारी मिली। मार्च में कुवैत के समाचार पत्र अल-जरीदा ने सूत्रों के हवाले से खबर दी थी कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता हमले में घायल होने के बाद इलाज के लिए आपातकालीन स्थिति में रूस ले जाया गया था। सूत्रों ने बताया, नए सर्वोच्च नेता कुछ घंटों के लिए भी रूस में नहीं रहे हैं। उनको आई चोटें गंभीर नहीं हैं और वे कामकाज में कोई बाधा नहीं डाल रही हैं। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल ने तेहरान सहित ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे काफी नुकसान हुआ था और नागरिक हताहत हुए थे।

### ईरान संघर्ष के पीछे लंदन की नीतियां भी जिम्मेदार : केलिन

**मॉस्को।** ब्रिटेन में रूस के राजदूत एंड्रे केलिन ने कहा है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इज़रायल की आक्रामक कार्रवाई के पीछे आंशिक रूप से लंदन की नीतियां जिम्मेदार हैं। केलिन ने रूस की समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से बातचीत में कहा कि दरअसल, ईरान और पूरे क्षेत्र में हुई दुखद घटनाएं कई मायनों में लंदन की नीतियों का परिणाम हैं, जिसने वॉशिंगटन में ईरान-विरोधी हॉक्स का साथ दिया और संयुक्त कार्य योजना के पतन में योगदान दिया।

# रिनी संपत वाशिंगटन मेयर बनने की दौड़ में शामिल

**वाशिंगटन, एजेंसी**

● **मेयर के चुनाव में भाग लेने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार**

तमिलनाडु में जन्मीं रिनी संपत वाशिंगटन डीसी के मेयर पद के चुनाव में हिस्सा लेने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार बन गई हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी की 31 वर्षीय सरकारी अनुबंधक का चुनाव अभियान बुनियादी चीजों को ठीक करो के विषय और एक नए डीसी के वादे पर आधारित है।


संपत ने अपनी चुनावी वेबसाइट पर कहा कि मैं कोई नेता नहीं हूं। मेरा किसी विशेष हित समूह से कोई संबंध नहीं है। अब समय आ गया है कि कोई बाहर का व्यक्ति हमारे शहर की बुनियादी सेवाओं को सुधारने पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करे। तमिलनाडु के थेनी में जन्मीं संपत सात साल की उम्र में अमेरिका आ गईं और एक दशक से अधिक समय से वाशिंगटन डीसी में रह रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि हमारे पास जीत की एक वास्तविक राह है। महज चार हफ्तों में मैं वाशिंगटन डीसी के इतिहास में मेयर पद के लिए चुनाव लड़ने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार बन चुकी हूं। यही वह उपलब्धि है जो एक सीमित संसाधनों वाला, जन-समर्थित अभियान हासिल कर सकता है।

## आधी सदी के बाद चांद के द्वार इंसान

ब्रह्मांड की असीम गहराइयों को मापने की मानवीय जिज्ञासा ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने आर्टेमिस-2 मिशन के जरिए चार जांबाज अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की ओर रवाना कर दिया है। यह मिशन न केवल विज्ञान और तकनीक की विजय है, बल्कि यह उस 50 साल लंबे इंतजार का अंत भी है जो 1972 के अपोलो 17 मिशन के बाद शुरू हुआ था। इस बार का सफर सिर्फ चांद को छूने का नहीं, बल्कि वहां स्थायी रूप से बसने और भविष्य में मंगल ग्रह तक पहुंचने की नींव रखने का है। फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से विशालकाय स्पेस लॉन्च सिस्टम रॉकेट के जरिए ओरियन कैप्सूल में सवार होकर चार अंतरिक्ष यात्री रीड वाइजमैन, विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और जेरेमी हैंसन करीब 10 दिनों की यात्रा पर निकले हैं। ये चांद के सबसे करीब से उसकी परिक्रमा कर पृथ्वी पर लौटेंगे।

# मिशन आर्टेमिस-2



### मिशन के मुख्य लक्ष्य

● प्रणालियों का सत्यापन : गहरे अंतरिक्ष में ओरियन अंतरिक्ष यान के लाइफ सपोर्ट, संचार और नेविगेशन सिस्टम की जांच करना।

● भविष्य की लैंडिंग की तैयारी : यह मिशन आर्टेमिस-3 और उसके बाद के मिशनों के लिए रास्ता साफ करेगा, जिसमें इंसान वास्तव में चांद की सतह पर कदम रखेगा।

● गहरे अंतरिक्ष का अनुभव : पृथ्वी की निचली कक्षा से बाहर निकलकर लंबी दूरी की यात्रा के दौरान विकिरण और सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण के मानवीय स्वास्थ्य पर प्रभावों का अध्ययन।

### चांद की कक्षा में क्या करेंगे यात्री

● शुरुआती परीक्षण : पृथ्वी की कक्षा में पहले 24 घंटों के दौरान वे यान के टॉयलेट, पानी की व्यवस्था और हवा की शुद्धता की जांच करेंगे।

● चंद्रमा की परिक्रमा : यान चांद के दूर वाले हिस्से के ऊपर से गुजरेगा, जिसे पृथ्वी से कभी नहीं देखा जा सकता। यात्री वहां की हाई-रेज़ोल्यूशन तस्वीरें लेंगे और आंखों देखा विवरण साझा करेंगे।

● वैज्ञानिक प्रयोग : चालक दल ऑर्गन-ऑन-ए-चिप जैसे उपकरणों का उपयोग करके यह देखेंगे कि अंतरिक्ष का वातावरण मानव ऊतकों को कैसे प्रभावित करता है।

### मिशन का खर्च

● आर्टेमिस-2 का खर्च : अनुमान है कि इस एकल मिशन की लॉन्चिंग लागत 4.1 बिलियन डॉलर (करीब 34,000 करोड़ रुपये) से अधिक है। पूरे आर्टेमिस प्रोग्राम का बजट 2025 तक 93 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। ● तुलना : भारत के तीनों चंद्रयान मिशनों का कुल खर्च लगभग 2,000 करोड़ रुपये रहा है। नासा का एक आर्टेमिस-2 मिशन भारत के पूरे चंद्रयान कार्यक्रम से लगभग 17 गुना महंगा है।

### चांद की परिक्रमा

● यह चालक दल इस बार चंद्रमा की सतह पर नहीं उतरेगा, लेकिन वे चांद के सबसे करीब (लगभग 7,600 किमी की दूरी) से उसकी परिक्रमा करेंगे। यह मिशन साबित करेगा कि क्या हमारे आधुनिक लाइफ-सपोर्ट सिस्टम गहरे अंतरिक्ष की विकट परिस्थितियों में इंसानों को सुरक्षित रख सकते हैं।

### भारत और चंद्रमा

● भारत के चंद्र मिशनों ने पूरी दुनिया में अपनी धाक जमाई है। विशेष रूप से चंद्रयान-3 की सफलता ने भारत को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला पहला देश बना दिया।

● अंतरिक्ष में भारतीय : भारत के राकेश शर्मा 1984 में अंतरिक्ष (सोवियत संघ के मिशन के तहत) जाने वाले पहले भारतीय थे, लेकिन वे चंद्रमा पर नहीं गए थे।

● भविष्य की योजना : भारत का गगनयान मिशन अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में भेजने की तैयारी कर रहा है, इसरो का लक्ष्य 2040 तक किसी भारतीय को चंद्रमा पर उतारने का है।

# भारत वैश्विक संकट के बीच में मजबूती से उभरा और इसका डटकर मुकाबला किया

## छत्तीसगढ़ में आईआईएम के दीक्षांत समारोह में पश्चिम एशिया संकट पर बोले विदेश मंत्री

**रायपुर, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष की ओर इशारा करते हुए शनिवार को कहा कि वैश्विक सकंट के बीच भारत मजबूती से उभरा है और हालात का डटकर मुकाबला किया है। जयशंकर ने यहां स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के 15वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने घरेलू और बाहरी दोनों तरह की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है।

अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर फरवरी में हमले शुरू किए जाने से उत्पन्न पश्चिम एशिया संकट ने वैश्विक ईंधन आपूर्ति को प्रभावित किया है तथा हाइड्रोकार्बन की कमी पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण की व्यापकता के चलते संघर्ष का असर दूर-दराज के समाजों पर भी गहराई से पड़ा है। जयशंकर ने कहा कि अब हम दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि हाल ही में आए कई वैश्विक झटकों ने हमारी सहनशक्ति की परीक्षा ली है, और भारत उनसे मजबूती से उबरकर बाहर निकला है। हमने घरेलू और बाहरी, दोनों तरह की चुनौतियों का काफी हद तक सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने कहा कि ज्यादा समावेशी विकास, प्रतिनिधि राजनीति और निर्णायक नेतृत्व ने एक नई नींव रखी है।

विदेश मंत्री ने कहा कि अधिक समावेशी विकास, प्रतिनिधि राजनीति और निर्णायक नेतृत्व ने एक नई नींव रखी है, जिससे हम सभी अब ऊंची उम्मीदें रख सकते हैं। हमने न सिर्फ डिजिटल क्रांति को पूरे उत्साह के साथ अपनाया है, बल्कि असल में इसे अपने जीवन में एक मकसद के साथ लागू भी किया है। यहां तक कि कई विकसित समाजों ने भी ऐसा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि मैंने जिन वैश्विक रुझानों का जिक्र किया है, उनकी रोशनी में राष्ट्रीय क्षमताओं का निर्माण करना अब और भी ज्यादा जरूरी हो गया है। बड़े देशों के लिए तो यह बात खास तौर पर सच है। आप देखेंगे कि विकसित दुनिया में भी, वैश्वीकरण के पुराने मंत्रों की जगह अब आत्मनिर्भरता के प्रति एक नई जागरूकता ने ले ली है।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत में हमारे लिए, यह भावना आत्मनिर्भर भारत के रूप में व्यक्त होती है। इसका महत्व तब साफ नजर आता है जब बात भोजन, स्वास्थ्य या ऊर्जा सुरक्षा की हो, या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा की। हमें यह कोशिश करनी चाहिए कि हम ज्यादा से ज्यादा क्षमताएं अपने नियंत्रण में सुरक्षित कर सकें। जयशंकर ने कहा कि जाहिर है, कुछ क्षेत्र दूसरों के मुकाबले ज्यादा मुश्किल होंगे। ऐसे मामलों में, इसका हल भरोसेमंद या विश्वसनीय साझेदारियों तथा विविध स्रोतों से आपूर्ति में निहित है। लेकिन आखिरकार मजबूत राष्ट्रीय क्षमताओं का निर्माण करने की कोई अनदेखी नहीं कर सकता। जोखिम कम करने और असल में अपनी स्थिति को मजबूत बनाने का यह सबसे असरदार तरीका है।



### खुद को सुरक्षित रखने की चुनौती

जयशंकर ने कहा कि ऐसे में, दुनिया के सामने एक ऐसे माहौल में खुद को सुरक्षित रखने की चुनौती खड़ी हो गई है जो लगातार अस्थिर और अप्रत्याशित होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव के चलते अब जोखिमों से बचाव, जोखिम कम करने और विविधता लाने की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है, चाहे वह कोई व्यावसायिक फैसला हो या फिर विदेश नीति से जुड़ा कोई निर्णय। घरेलू प्राथमिकताओं की ओर रुख करते हुए, जयशंकर ने राष्ट्र-निर्माण में व्यापार और उद्यम की भूमिका पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जाहिर है, राष्ट्र-निर्माण एक बेहद जटिल कार्य है जिसके कई आयाम हैं।

### दुनिया में मौजूदा उथल-पुथल कई मायनों में संरचनात्मक

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि वैश्विक व्यवस्था बदल रही है, जिसमें देशों की सापेक्ष शक्ति और प्रभाव में स्पष्ट बदलाव देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में मौजूदा उथल-पुथल कई मायनों में संरचनात्मक है। विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया आज एक ऐसे माहौल में खुद को सुरक्षित रखने की चुनौती का सामना कर रही है, जो लगातार अस्थिर और अप्रत्याशित होती जा रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया में इस समय जो उथल-पुथल मची है, वह कई मायनों में ढांचागत भी है। वैश्विक व्यवस्था हमारी आंखों के सामने ही बदल रही है, जिसमें देशों की सापेक्ष शक्ति और प्रभाव में स्पष्ट बदलाव देखे जा सकते हैं। कुछ समाजों की राजनीति के लिए इन बदलावों को स्वीकार कर पाना मुश्किल हो रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, सैन्य क्षमताओं, कनेक्टिविटी और संसाधनों के क्षेत्र में हो रहे नए विकासों ने, लगातार बढ़ते प्रतिस्पर्धी माहौल में, जोखिम उठाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। आज हर चीज का लाभ उठाया जा रहा है और अगर उसे सीधे तौर पर हथियार नहीं बनाया जा रहा है, तो भी उसका इस्तेमाल एक हथियार की तरह ही किया जा रहा है।

# मलप्पुरम में शशि थरूर के सुरक्षाकर्मी और चालक पर हमला

**मलप्पुरम (केरल), एजेंसी**



● **पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया, शशि थरूर सुरक्षित**

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के सुरक्षाकर्मी और वाहन चालक पर वंडूर में पांच लोगों के समूह ने कथित तौर पर हमला किया, जिसके बाद एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। वंडूर पुलिस के अनुसार, मामला दर्ज कर लिया गया है और एक व्यक्ति हिरासत में है।

पुलिस ने बताया कि थरूर के सुरक्षाकर्मी रतीश केपी. की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, यह घटना शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे वंडूर के तिरुवाली के पास चेल्लीथोडे में हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना उस वक्त हुई जब चेल्लीथोडे पुल पर जाम था और थरूर कांग्रेस नेता ए. पी. अनिलकुमार के चुनावी अभियान कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। प्राथमिकी के मुताबिक, दो वाहनों में सवार आरोपियों ने सांसद के वाहन को रोक दिया। जब सुरक्षाकर्मी ने उन्हें हटाने का प्रयास किया तो उस पर और चालक पर कथित तौर पर हमला किया गया। पुलिस ने बताया कि सड़क संकरी थी और सुरक्षाकर्मी ने सांसद के काफिले के मार्ग को सुगम बनाने के लिए आगे चल रहे वाहन को केवल गति बढ़ाने के लिए कहा था।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार देर रात एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया और शेष आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस बीच, थरूर ने एक्स पर पोस्ट किया कि इस घटना में उन्हें कोई चोट नहीं आई। थरूर ने कहा कि बीती रात को उनके सुरक्षाकर्मी पर हुए हमले की अप्रिय घटना के बाद उन्हें कई संदेश और फोन कॉल आए जिसमें उनकी सलामती के बारे में पूछा गया था। उन्होंने कहा कि उनके प्रति चिंता प्रकट करने वाले शुभचिंतकों के वह दिल से बहुत आभारी है।

## दक्षिणी कैलिफोर्निया में भीषण वनाग्नि, लोगों को घर खाली करने के आदेश

● **2.34 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र में फैल चुकी है आग, कारणों की जांच**

**कैलिफोर्निया।** दक्षिणी कैलिफोर्निया में तेज हवाओं के बीच भीषण होती जा रही वनाग्नि के मद्देनजर लोगों को घर खाली करने के आदेश और चेतावनियां जारी की गई हैं। आग शुक्रवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे भड़की और अपराह्न ढाई बजे तक 2.34 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैल चुकी थी। रिवरसाइड काउंटी के मोरेनो वैली के पूर्व में लगी इस आग के कारणों की जांच जारी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कितने घरों को खाली कराने के आदेश दिए गए हैं या चेतावनियां जारी की गई हैं। कैलिफोर्निया अग्निशमन विभाग की जन सूचना अधिकारी मैगी क्लाइन डे ला रोजा ने कहा, वहां बहुत तेज हवा चल रही है। कैलिफोर्निया अग्निशमन विभाग के अनुसार, यह आग मोरेनो वैली शहर के पास स्थित एक मनोरंजन क्षेत्र में फैल रही है। मोरेनो वैली की आबादी लगभग दो लाख है। यह शहर लॉस एंजिलिस से करीब 103 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने सैन बर्नार्डिनो और रिवरसाइड काउंटी की घाटियों के लिए शनिवार दोपहर तक तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है।

## एप्स्टीन यौन अपराध : पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा

**करीब 75 महिलाओं के लिए 7.25 करोड़ डॉलर की मंजूरी**

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** जेफ्री एप्स्टीन द्वारा 2008 से यौन शोषण का शिकार हुईं करीब 75 महिलाओं को 7.25 करोड़ डॉलर के उस मुआवजा कोष से सहायता जारी की सकती है, जिसे बैंक ऑफ अमेरिका ने पीड़ितों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकीलों के साथ समझौते के तहत स्थापित किया है। यूएस डिस्ट्रिक्ट जज जेड एस राकोफ ने बृहस्पतिवार को इस समझौते को प्रारंभिक मंजूरी दे दी और अंतिम मंजूरी के लिए 27 अगस्त को सुनवाई तय की है। उन्होंने वकीलों को यह भी निर्देश दिया कि वे शुक्रवार तक उन प्रकाशनों की विस्तृत सूची पेश करें, जिनके जरिए एप्स्टीन के पीड़ितों को इस मुआवजा कोष की जानकारी दी जा सके। न्यायाधीश ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी पीड़िता सहायता से वंचित न रह जाए। एप्स्टीन द्वारा यौन शोषण का शिकार हुई महिलाओं के वकीलों ने बैंक के खिलाफ मुकदमा दायर करते हुए आरोप लगाया कि जून 2008 से लेकर जुलाई 2019 की शुरुआत में यौन अपराधों के आरोपों में एप्स्टीन की गिरफ्तारी तक, बैंक ने उससे जुड़े संदिग्ध वित्तीय लेन-देन पर ध्यान नहीं दिया, जबकि वह लगातार लड़कियों और महिलाओं का शोषण कर रहा था। एप्स्टीन की अगस्त 2019 में मैनहैटन की एक संघीय जेल में मौत हो गई थी, जिसे आत्महत्या करार दिया गया था। बृहस्पतिवार को हुई सुनवाई के दौरान वकील डेविड बोइस ने कहा कि पीड़ितों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकीलों का अनुमान है कि 60 से 75 महिलाएं दावे पेश करेंगी, जिनके आधार पर वे इस समझौता कोष से मुआवजा पाने की पात्र होंगी।


## सीडीएस चौहान ने सीमा पर लिया सैन्य तैयारियों का जायजा

**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को श्रीनगर में चिनार कोर के अंतर्गत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों का दौरा किया और सैन्य तैयारियों का जायजा लिया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने उत्तर कश्मीर में नियंत्रण रेखा के साथ सुरक्षा परिदृश्य और परिचालन स्थिति की समीक्षा की तथा उत्कृष्ट परिचालन तैयारी, सैद्धांतिक सामंजस्य और दृढ़ पेशेवर क्षमता की सराहना की। बारामूला में उन्हें भविष्य में सेनाओं की प्रौद्योगिकी समावेशन पर जानकारी दी गई। चिनार कोर के अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध का स्वरूप बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जिसके कारण क्षेत्र-केंद्रित दृष्टिकोण से बहु-क्षेत्रीय अभियानों की ओर बदलाव आवश्यक है, जो एक सुदृढ़ और एकीकृत संरचना पर आधारित हो। उन्होंने संयुक्तता के महत्व पर बल देते हुए कहा कि भूमि, वायु, समुद्री, साइबर, अंतरिक्ष और अन्य संबंधित क्षेत्रों में निर्बाध एकीकरण निर्णायक परिणाम प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है। उन्होंने भविष्योन्मुख युद्ध के लिए त्वरित संयुक्त प्रशिक्षण, सिद्धांतों का सामंजस्य तथा परस्पर क्रियाशील कमान और नियंत्रण संरचनाओं के विकास का आह्वान किया, ताकि सभी क्षेत्रों में समन्वित परिणाम हासिल किए जा सकें। जनरल चौहान ने उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए एक सुनियोजित रोडमैप की आवश्यकता पर बल दिया-जो प्रौद्योगिकी अनुकूलन, सुदृढ़ता और एकीकृत प्रयासों के माध्यम से सामूहिक तैयारी को बढ़ावा दे।


## पेशावर में अभिनेता राज कपूर की हवेली का एक हिस्सा ढहा


**पेशावर।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता राज कपूर की हवेली का एक हिस्सा पेशावर में कथित तौर पर हाल ही में हुई भारी बारिश और उसके बाद शुक्रवार रात आए भूकंप के कारण ढह गया। अधिकारियों एवं स्थानीय निवासियों ने इसकी जानकारी दी। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थित सदी पुरानी कपूर हवेली को पाकिस्तान सरकार ने वर्ष 2016 में राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया था। खैबर पख्तूनख्वा हेरिटेज काउंसिल के सचिव शकील वहीदुल्लाह ने बताया कि भूकंप के झटकों के बाद हवेली की दीवार का एक हिस्सा ढह गया, जिससे शेष ढांचे की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीदुल्लाह ने पुरातत्व विभाग और प्रांतीय सरकार से ऐतिहासिक इमारत के संरक्षण और पुनर्स्थापन के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील की और चेतावनी दी कि लापरवाही जारी रही तो क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को अपूरणीय क्षति हो सकती है। हवेली पेशावर शहर के प्रसिद्ध किस्सा ख्वानी बाजार के मध्य स्थित है।


## कैसा रहेगा आपका आज का दिन



मेष — आज मेहनत का फल मिलेगा। दोपहर बाद व्यापार में लाभ के योग हैं। वैवाहिक संबंधों में स्पष्टता आवश्यक है।


तुला — आज चंद्र प्रभाव शुभ है। जीवन में आकर्षण और आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। किसी भी काम में जल्दबाजी से बचें।


वृष — आज धन की गति सुधरेगी। परिजनों से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। नक्षत्र परिवर्तन निर्णय-शक्ति बढ़ाएगा।


वृश्चिक — आज आध्यात्मिकता की ओर झुकाव रहेगा। विशाखा से ऊर्जा और साहस मिलेगा। पुराने अटके हुए कार्य पूर्ण होंगे।


मिथुन — आज का दिन संचार, मीडिया, मार्केटिंग कार्य के लिए अनुकूल रहेगा। मन-मस्तिष्क में नए विचार जन्म लेंगे।


धनु — आज के दिन भाग्य सहयोगी रहेगा। कारोबार संबंधी यात्राएं शुभ रहेंगी। आर्थिक लाभ और मित्रों का भरपूर साथ मिलेगा।


कर्क — आज व्यापार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। भावनाओं पर नियंत्रण रखें। निवेश पर विचार करें। परिवार से सहयोग मिलेगा।


मकर — आज करियर में उन्नति के योग हैं। वरिष्ठजनों का समर्थन मिलेगा। व्यापार में कार्यभार के साथ लाभ भी बढ़ेगा।


सिंह — आज आपकी कार्यक्षेत्र में नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। सामाजिक मान बढ़ेगा। अनावश्यक खर्च बढ़ सकता है।



कुंभ — आज के दिन शिक्षा, रणनीति और प्रतियोगिता आपके पक्ष में रहेगी। रचनात्मकता उच्च रहेगी। कार्यक्षेत्र में वर्कलोड बढ़ेगा।


कन्या — आज व्यापार में लाभ के प्रबल योग हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। जीवन हेतु लिए गए निर्णय प्रभावी रहेंगे।


मीन — आज का दिन नया कार्य शुरू करने के लिए उत्तम है। शारीरिक ऊर्जा बढ़ी हुई रहेगी। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 5 अप्रैल, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया 11.59 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा 6 अप्रैल 00.08 तक तत्पश्चात अनुराधा।

### सुडोकू - 109 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 | 3 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 6 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 5 | 4 | 7 | 6 | 9 | 8 | 2 |
| 6 | 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 3 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 | 8 |

### सुडोकू -110

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 3 | | 4 | | 6 |
| | | | | 9 | | | 1 | |
| | | 5 | | | 8 | | | |
| 7 | | 8 | | 6 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 2 | 9 | | |
| 2 | | | | 4 | 5 | | | 8 |
| | | | 3 | | | 5 | | |
| | 1 | | | 7 | | | | |
| 6 | | 9 | | 5 | | | 2 | |

## ममता बनर्जी के हेलीकॉप्टर के पास दिखा ड्रोन, सीएम ने दिए जांच के आदेश

**मालदा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हेलीकॉप्टर के पास शनिवार दोपहर मालदा के मालतीपुर में एक ड्रोन देखे जाने से सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा हो गई, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने तत्काल जांच के आदेश दिए। यह घटना उस समय हुई जब मुख्यमंत्री मालतीपुर में अपनी जनसभा को संबोधित करने के बाद हेलीकॉप्टर में सवार होने जा रही थीं। यह दिन में उनकी दूसरी रैली थी।

इससे पहले उन्होंने माणिकचक में सभा को संबोधित किया था और इसके बाद उन्हें गाजोल में तीसरी रैली के लिए रवाना होना था। जैसे ही वह हेलीपैड के पास पहुंचीं, हेलीकॉप्टर के सामने एक ड्रोन उड़ता हुआ दिखाई दिया। ड्रोन को देखते ही मुख्यमंत्री रुक गईं और माइक लेकर पुलिस को इस मामले पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए।

**राष्ट्र सेवा** | 15 दिन के भीतर 62 हजार से अधिक कार्यक्रम, 32 लाख से ज्यादा स्वयंसेवकों ने की भागीदारी

# राष्ट्रीय चेतना जगाने में आरएसएस ने दिखाई अद्भुत क्षमता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ी साप्ताहिक पत्रिका ऑर्गनाइजर ने अपने नवीनतम संपादकीय में कहा है कि कुछ वर्गों द्वारा पहचान आधारित विभाजनों के जरिए समाज में खाई पैदा करने के प्रयासों के बावजूद संघ ने भारत की राष्ट्रीय चेतना को जागृत और विस्तारित करने की अद्भुत क्षमता दिखाई है।

यह प्रक्रिया विजयादशमी उत्सव से शुरू हुई, जिसके तहत अक्टूबर 2025 से सक्रिय स्वयंसेवकों को व्यापक रूप से एकजुट किया गया। 15 दिनों में 62,000 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 32 लाख से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इसके अलावा, 22,000 स्थानों पर पथ संचलन आयोजित हुए, जिनमें 25 लाख से अधिक स्वयंसेवक शामिल हुए। पत्रिका ने कहा कि पहले चरण में जागृत लोगों के एक महत्वपूर्ण समूह को संगठित किया गया, जो अभियान को दूसरे चरण तक ले जा सके। इसमें कहा गया है कि संघ के गृह संपर्क अभियान के जरिए अब तक 10 करोड़ से अधिक परिवारों तक पहुंच बनाई गई है, जो 46 में से 37 प्रांतों को कवर करता है। संपादकीय में कहा गया कि इस अभियान के माध्यम से सक्रिय स्वयंसेवकों और संघ के कार्यों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने वाले लोगों तक पहुंच बनाई गई।

इस प्रक्रिया ने राष्ट्र की सुप्त शक्ति को जागृत किया और स्वयंसेवकों को समाज के आम सवालों चाहे वे समर्थक हों या आलोचक, को समझने का अवसर मिला। बताया गया कि देशभर में आयोजित हिंदू सम्मेलनों में जाति, पंथ, धर्म या राजनीतिक संबद्धता से परे तीन करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया।

### सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने का संकल्प

संघ की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च इकाई अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस) की बैठक हरियाणा के समालखा में हुई, जिसमें 2025-26 के कार्यों की समीक्षा और भविष्य की रणनीति तय की गई। पंद्रह मार्च को समाप्त हुई इस तीन दिवसीय बैठक में संगठनात्मक विस्तार, राष्ट्रीय हित में सकारात्मक ताकतों की भागीदारी बढ़ाने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। बैठक में संघ प्रमुख मोहन भागवत, महासचिव दत्तात्रेय होसबाले सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। इसके अलावा संघ से जुड़े 32 संगठनों के शीर्ष पदाधिकारियों ने भी इसमें भाग लिया, जिनमें सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी शामिल है।



हमने ड्रेसिंग रूम में ये निर्णय लिया है कि चाहे कुछ भी हो जाए हम एक ब्रांड वाली क्रिकेट खेलेंगे जो एक-दूसरे को प्रभावित करने वाली होगी, न कि बाहर के लोगों को। इससे जब हम मैच खेलते हैं तो हमें भी एक तरह से काफी कुछ साफ पता रहता है।
–श्रेयस अय्यर, पंजाब किंग्स के कप्तान


# स्टेडियम

कानपुर, रविवार, 5 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

1 सनराइजर्स हैदराबाद बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स
**समय** - दोपहर 3:30 बजे

2 चेन्नई सुपर किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
**समय** - शाम 7:30 बजे

# गेंदबाजों के कमाल और रिजवी की पारी से दिल्ली ने मुंबई को हराया

## आईपीएल-2026 : कैपिटल्स ने छह विकेट से परास्त कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की



नई दिल्ली, एजेंसी

मुकेश कुमार और कप्तान अक्षर पटेल की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद समीर रिजवी (90) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी से दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को यहां मुंबई इंडियंस को 11 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस को छह विकेट पर 162 रन पर रोकने के बाद दिल्ली ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर 164 रन बनाकर हासिल कर लिया।

पिछले मैच में लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ 47 गेंदों में नाबाद 70 रन की पारी खेलने वाले रिजवी जब क्रीज पर आए, तब दिल्ली का स्कोर दो विकेट पर सात रन था। उन्होंने 51 गेंदों में सात चौकों और सात छक्कों की मदद से 90 रन की पारी खेलने के अलावा पाथुम निसांका (44) के साथ तीसरे विकेट के लिए 49 गेंदों में 66 रन और चौथे विकेट के लिए डेविड मिलर (नाबाद 21) के साथ 39 गेंदों में 78 रन की साझेदारी कर दिल्ली को जीत दिलाई। मुंबई के लिए दीपक चाहर, मिचेल सैंटनर और कोर्बिन बोश ने एक-एक विकेट लिए। नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या के अस्वस्थ होने के कारण टीम का नेतृत्व कर रहे सूर्यकुमार ने 36 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 51 रन बनाए।

**मुंबई इंडियंस**

**162/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| रयान रिकेल्टन का अक्षर बो मुकेश | 09 |
| रोहित शर्मा का राणा बो अक्षर | 35 |
| तिलक वर्मा का एवं बो मुकेश | 00 |
| सूर्यकुमार यादव पगबाधा एनगिडी | 51 |
| शरफेन रदरफोर्ड का मुकेश बो निगम | 05 |
| नमन धीर का स्टब्स बो नटराजन | 28 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 18 |
| कोर्बिन बोश नाबाद | 11 |
| अतिरिक्त : 05 | |

गेंदबाजी : मुकेश 3-0-26-2, एनगिडी 4-0-34-1, अक्षर 4-0-22-1, निगम 3-0-24-1, कुलदीप 3-0-31-0, टी नटराजन 3-0-24-1

**दिल्ली कैपिटल्स**

**164/4** (18.1 ओवर)

| | |
|---|---|
| केएल राहुल का रिकेल्टन बो चाहर | 01 |
| पथुम निसंका का मार्कंडेय बो सैंटनर | 44 |
| नीतिश राणा रन आउट | 00 |
| समीर रिज्वी का तिलक बो बोश | 90 |
| डेविड मिलर नाबाद | 21 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 03 |
| अतिरिक्त : 05 | |

गेंदबाजी : चाहर 3-0-20-1, बुमराह 4-0-21-0, सैंटनर 3-0-22-1, शारदुल 3-0-41-0, मार्कंडेय 2-0-20-0, बोश 3.1-0-39-1

उन्होंने रोहित शर्मा (35) के साथ तीसरे विकेट के लिए 53 और नमन धीर (28) के साथ पांचवें विकेट के लिए 37 रन की अहम साझेदारी की। रोहित ने 26 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया, तो वहीं नमन ने 21 गेंदों की पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। दिल्ली के लिए मुकेश कुमार ने तीन ओवर में 26 रन देकर दो विकेट लिए। उन्हें अक्षर (22 रन पर एक विकेट), लुंगी एनगिडी (34 रन पर एक विकेट), विपराज निगम (24 रन पर एक विकेट) और टी. नटराजन (24 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला।

लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही। केएल राहुल (एक) पहले ओवर में ही दीपक चाहर की लेग स्टंप से बाहर जाती गेंद को ग्लांस करने की कोशिश में विकेटकीपर रिकेल्टन को कैच दे बैठे, तो वहीं अगले ओवर में नीतिश राणा खाता खोले बगैर जसप्रीत बुमराह के सीधे थ्रो पर रन आउट हो गए। चाहर इस बीच अपनी ही गेंद पर निसांका के करारे प्रहार को लपकने में नाकाम रहे और श्रीलंका के इस बल्लेबाज ने जीवनदान का जश्न अगले ओवर में सैंटनर के खिलाफ दो चौकों के साथ मनाया। वहीं, पिछले मैच में मैच जिताऊ पारी खेलने वाले समीर रिजवी ने शार्दुल ठाकुर के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर दबाव कम करने की कोशिश की। दिल्ली ने पावरप्ले में दो विकेट पर 42 रन बनाए, जबकि आठवें ओवर की दूसरी गेंद पर टीम का अर्धशतक पूरा हुआ। बोश की गेंद पर नमन ने निसंका का मुश्किल कैच टपका दिया और रिजवी ने अगली गेंद पर शानदार छक्का जड़कर मुंबई के जख्मों पर नमक छिड़का। उन्होंने अगले ओवर में सैंटनर का स्वागत चौके से किया, लेकिन न्यूजीलैंड के इस अनुभवी गेंदबाज ने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए निसांका की पारी पर विराम लगा दिया। रिजवी ने बोश के खिलाफ लगातार दो चौके जड़े। उन्होंने ओवर की आखिरी दो गेंदों पर दो छक्के जड़कर मुंबई के गेंदबाजों द्वारा कायम दबाव को खत्म किया।

**अंक तालिका**


| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली कैपिटल्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.170 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 0.637 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 4. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 5. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.469 |
| 6. | मुंबई इंडियंस | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.206 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.509 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -1.397 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.964 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -2.562 |

**ऑरेंज कैप**



समीर रिजवी
दिल्ली 160 रन
रोहित शर्मा
मुंबई 113 रन
कूपर कॉनली
पंजाब 108 रन

**पर्पल कैप**



विजयकुमार वैशक
पंजाब 5 विकेट
टी नटराजन
दिल्ली 4 विकेट
लुंगी एन्गिडी
दिल्ली 4 विकेट

# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बीसीसीआई से संपर्क साधा

● बीसीबी अध्यक्ष बुलबुल का जल्द समाप्त हो सकता कार्यकाल

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सितंबर में भारत के सफेद गेंद के दौरे को बचाने और दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से संपर्क किया है। दोनों देशों के बीच रिश्ता तब तनावपूर्ण हो गया था जब बीसीबी ने भारत में हुए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से हटने का फैसला किया था।

ऐसा माना जा रहा है कि बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल का कार्यकाल जल्द ही समाप्त हो सकता है और एक अंतरिम बोर्ड बीसीसीआई के साथ बातचीत शुरू कर सकता है। माना जाता है कि खेल मंत्रालय के सलाहकार और भारत-विरोधी कट्टरपंथी आसिफ नजरुल बीसीबी को चलाते हैं जिन्होंने ही सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए टीम को भारत नहीं भेजने का फैसला किया था। यह फैसला तब लिया गया जब बीसीसीआई ने मुस्तफिजुर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने की अनुमति नहीं दी थी।

बीसीबी ने अनुरोध किया था कि उनके मैच श्रीलंका में स्थानांतरित कर दिए जाएं, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को इस तर्क में कोई दम नहीं लगा और उसने भारत में टीम के लिए किसी भी सुरक्षा खतरे की बात को खारिज कर दिया था।

**हाईलाइट**

### आईपीएल में कौशल से ज्यादा आत्मविश्वास अहम : चाहर

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मिली करारी शिकस्त के बाद युवा बल्लेबाज समीर रिजवी की तारीफ करते हुए कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सफलता के लिए कौशल से ज्यादा आत्मविश्वास की जरूरत होती है। रिजवी की 51 गेंद में 90 रन की विस्फोटक पारी की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने 163 रन के लक्ष्य को 18.1 ओवर में हासिल कर लिया। चाहर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैच में बाद में बल्लेबाजी के लिए परिस्थितियां थोड़ी आसान हो गई थीं। चाहर ने कहा कि आईपीएल जैसे बड़े मंच पर आत्मविश्वास ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है।

### पायल ने शीतल को हराकर उलटफेर करते हुए स्वर्ण जीता



युवा तीरंदाज पायल नाग अपनी बहन बरशा के साथ। एजेंसी

**बैंकॉक।** दोनों हाथ और दोनों पैर गंवा चुकी युवा तीरंदाज पायल नाग ने यहां विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज में बड़ा उलटफेर करते हुए हमवतन और दुनिया की नंबर एक तीरंदाज शीतल देवी को हराकर स्वर्ण पदक जीता और भारत के शानदार प्रदर्शन की अगुआई की जिसमें देश ने कुल सात स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। 18 साल की उभरती हुई तीरंदाज पायल ने कंपाउंड महिला वर्ग के फाइनल में 139-136 से जीत हासिल की। भारत के लिए अभियान यादगार रहा जिसमें देश ने पांच रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल 16 पदक जीते। पायल की यह एक साल से थोड़े ज्यादा समय में शीतल पर दूसरी जीत थी। इससे पहले उन्होंने जनवरी 2025 में जयपुर में हुए पैरा राष्ट्रीय खेलों में भी शीतल को हराया था। दुबई 2025 एशियाई युवा पैरा खेलों में पदार्पण करने के बाद पायल अपने दूसरे ही अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही थीं।

# राजस्थान ने गुजरात को दिया 211 रनों का लक्ष्य

● जुरेल और जायसवाल ने खेलीं अर्धशतकीय पारियां

अहमदाबाद, एजेंसी

ध्रुव जुरेल के 42 गेंद में 75 रन और यशस्वी जायसवाल के अर्धशतक की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के मैच में छह विकेट पर 210 रन बनाये। जायसवाल ने 36 गेंद में 55 रन बनाये जबकि सूर्यवंशी ने 18 गेंद में 31 रन की पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिये सिर्फ 6.2 ओवर में 70 रन बना डाले।

जुरेल ने तीसरे नंबर पर उम्दा बल्लेबाजी करते हुए 150 से ऊपर की स्ट्राइक रेट के बावजूद बेहतरीन क्रिकेट शॉट्स खेले। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और पांच छक्के लगाए। गुजरात टाइटंस के लिये अपना दूसरा आईपीएल मैच खेल रहे अशोक शर्मा ने चार ओवर में 37 रन देकर एक विकेट लिया। उन्होंने लगातार 145 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी की और 154.2 किमी प्रति घंटा की गति से भी गेंद डाली। जुरेल ने राशिद खान को डीप मिडविकेट के ऊपर से शानदार छक्का जड़ा। मांसपेशी में ऐंठन के कारण शुभमन गिल नहीं खेल रहे हैं जिनकी जगह राशिद गुजरात टाइटंस की कप्तानी कर रहे थे। इससे पहले रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और उनके सलामी बल्लेबाजों ने निराश नहीं किया। सूर्यवंशी और जायसवाल पिछले सत्र से ही आईपीएल में पारी की शुरूआत साथ कर रहे हैं लेकिन आईपीएल के इतिहास में 500 से अधिक रन की साझेदारी करने वाली 113 जोड़ियों में से इन दोनों की रन बनाने की गति 12.04 प्रति ओवर है। ये सूची में ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा (12.57) और सुनील नारायण और फिल साल्ट (12.46) से ही पीछे हैं। गुजरात के तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज, कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा और अशोक को पिच से अतिरिक्त उछाल और रफ्तार मिली जिससे पावरप्ले में शॉट लगाना आसान हो गया क्योंकि बल्लेबाजों ने उसी गति का इस्तेमाल किया। सूर्यवंशी को राशिद ने आउट किया जिसके बाद जुरेल और जायसवाल ने दूसरे विकेट के लिये 56 रन जोड़े।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते राजस्थान रॉयल्स के ध्रुव जुरेल। एजेंसी

**राजस्थान रॉयल्स**

**210/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो रबाडा | 55 |
| वैभव सूर्यवंशी का फिलिप्स बो राशिद | 31 |
| ध्रुव जुरेल का बटलर बो सिराज | 75 |
| रियान पराग का कुशाग्र बो प्रसिद्ध | 08 |
| शिमरोन हेटमायेर का सिराज बो शर्मा | 18 |
| डोनोवन फरेरा का फिलिप्स बो रबाडा | 01 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 07 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 01 |
| अतिरिक्त : 14 रन | |

**गेंदबाजी :** सिराज 4-0-48-1, रबाडा 4-0-42-2, शर्मा 4-0-37-1, प्रसिद्ध 4-0-43-1, राशिद 4-0-39-1

# सनराइजर्स के खिलाफ एलएसजी के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम

हैदराबाद, एजेंसी

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ यहां होने वाले मैच में अगर जीत दर्ज करनी है, तो उसके बल्लेबाजों को अहम भूमिका निभानी पड़ेगी। सनराइजर्स की टीम ने अपने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 65 रन से हराया था जिससे वह अपने घरेलू मैदान पर सत्र के पहले मैच में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी।

उप्पल के स्टेडियम में दोपहर के खेल में बल्लेबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है जिससे कि एलएसजी के लिए यह मैच अधिक चुनौतीपूर्ण बन गया है। सनराइजर्स को यहां की परिस्थितियां पसंद हैं और इसलिए वह मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। संजीव गोयनका के स्वामित्व वाली एलएसजी की टीम पिछले कुछ वर्षों से खराब प्रदर्शन कर रही है।



अभ्यास सत्र के दौरान साथियों को टिप्स देते सनराइजर्स के कप्तान ईशान किशन।

**टीम**

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ईशान किशन (कप्तान), ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, अनिकेत वर्मा, आर. स्मरण, हेनरिक क्लासेन, नितीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, कामिंदु मेंडिस, हर्षल पटेल, ब्रायडन कार्स, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा, जीशान अंसारी, लियाम लिविंगस्टोन, शिवम मावी, सलिल अरोड़ा, शिवांग कुमार, ओंकार टारमाले, क्रेन्स फुलेट्रा, प्रफुल्ल हिंगे, अमित कुमार, साकिब हुसैन, जैक एडवड्‌र्स और पैट कमिंस।

**लखनऊ सुपर जायंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, एडेन मार्करम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज़ अहमद, आकाश महाराज सिंह, अवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, अर्जुन सचिन तेंदुलकर, मयंक प्रभु यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिक नोर्किया, जोश इंग्लिस, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी, मोहसिन खान, सिद्धार्थ, मुकुल।

# आरसीबी की निगाह दूसरी जीत पर

● सीएसके को गेंदबाजी में करना होगा सुधार

● संजू सैमसन की फॉर्म भी चेन्नई के लिए चिंता का विषय

बेंगलुरु, एजेंसी

अपने पहले मैच में शानदार जीत हासिल करने के बाद पर्याप्त आराम पाने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम रविवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में लगातार दूसरी जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। सीएसके के लिए संजू सैमसन की फॉर्म और गेंदबाजी विभाग का कमजोर होना चिंता का विषय है।

आरसीबी की टीम 28 मार्च को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज करने के बाद अच्छी तरह से आराम कर चुकी है और वह तरोताजा होकर मैदान पर उतरेगी। मानसिक और शारीरिक ताजगी के अलावा आरसीबी अब अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में कहीं बेहतर टीम नजर आ रही है। आरसीबी के पास विराट कोहली की अगुवाई में शीर्ष क्रम में दमदार बल्लेबाज हैं। कोहली ने अपने बेजोड़ कौशल के दम पर पावर हिटिंग के इस जमाने में खुद को प्रासंगिक बनाए रखा है। देवदत्त पडिक्कल ने अपने भीतर के असली बल्लेबाज को जगा दिया है जो सनराइजर्स के खिलाफ उनकी 26 गेंद पर खेली गई 61 रन की तूफानी पारी में स्पष्ट नजर आया। रजत पाटीदार टीम की कप्तानी करने और आरसीबी के मध्य क्रम को मजबूती देने की दोहरी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। आरसीबी में अपनी गेंदबाजी में बहुत ज्यादा सुधार किया है। उसने कुछ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शामिल करके इसे सुधार का प्रयास किया है।

**टीम**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, विराट कोहली, वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, कनिष्क चौहान, विहान मल्होत्रा, विक्की, देसवाल।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, एमएस धोनी, मुकेश चौधरी, रामकृष्ण घोष, संजू सैमसन, शिवम दुबे, श्रेयस गोपाल, खलील अहमद, आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, सरफराज खान, अमन खान।

# गेंदबाजी सीएसके के लिए सबसे बड़ी परेशानी : गावस्कर

**चेन्नई।** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के लिए सबसे बड़ी चिंता उसकी गेंदबाजी है और उन्हें अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए इस विभाग पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

सीएसके को मौजूदा सत्र के अपने पहले दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा, जिसमें शुक्रवार को पंजाब किंग्स के हाथों पांच विकेट से मिली हार भी शामिल है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा हमने अब तक जो देखा है उससे लगता है कि टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों में सीएसके के लिए सबसे बड़ी चिंता उसकी गेंदबाजी होगी। इसका मतलब है कि उन्हें अपने गेंदबाजों को मौका देने के लिए लगातार 225-230 के आसपास रन बनाने होंगे।

**आया बदलाव**

सीएसके के मुख्य कोच फ्लेमिंग ने कहा– टी20 में शुरुआत से ही आक्रामक हो गया खेल

# औचित्यहीन हो गई फिनिशर की भूमिका

चेन्नई, एजेंसी



चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि वर्तमान समय में टी20 क्रिकेट में पारंपरिक फिनिशर की भूमिका बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई है, क्योंकि मैच की शुरुआत से ही पूरी तरह से आक्रामक खेल खेला जा रहा है।

सीएसके ने अपनी टीम में काफी फेरबदल किया है। उसकी बल्लेबाजी इकाई में शीर्ष क्रम के विशेषज्ञ बल्लेबाजों का दबदबा है, जिससे मध्य और निचले क्रम में विशेष रूप से फिनिशर की भूमिका की कमी महसूस हो रही है। फ्लेमिंग ने पंजाब किंग्स के हाथों सीएसके की पांच विकेट से हार के बाद पत्रकारों से कहा मुझे नहीं लगता कि अब फिनिशर जैसी कोई चीज रह गई है। पहली गेंद से ही हर कोई ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहा है। अब ऐसा नहीं है कि 16वें ओवर तक रन गति कुछ धीमी रखकर फिर तेजी से रन बनाए जाएं। पहली गेंद से ही प्रत्येक बल्लेबाज आक्रामक अंदाज में खेल रहा है।

उन्होंने कहा इसलिए पारी की शुरुआत से ही 10, 11, 12 का रन रेट अपेक्षित है। आपको 40 रन तक पहुंचने के लिए अधिक आक्रामक दृष्टिकोण अपनाना होगा। इसलिए आपके पास ऐसे बल्लेबाज होने चाहिए जो शुरू से लेकर आखिर तक आक्रामक खेल खेलें और निश्चित रूप से हमारे पास वही टीम है। फ्लेमिंग ने कहा डेवाल्ड ब्रेविस चोट के कारण बाहर हैं और सर्वश्रेष्ठ फिनिशरों में से एक महेंद्र सिंह धोनी चोटिल हैं। इसलिए हमारे पास कुछ ताकत तो है। हमें उम्मीद है कि ब्रेविस की वापसी के बाद बीच के ओवरों में उनका दबदबा रहेगा। मैं अपनी टीम के खेल के तरीके से संतुष्ट हूं। भारत को टी20 विश्व कप में चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले बल्लेबाज संजू सैमसन पहले दो मैचों में संघर्ष करते नजर आए हैं। फ्लेमिंग ने हालांकि उनका समर्थन किया। उन्होंने कहा वह अच्छा अभ्यास कर रहा है और जब वह लय में आ जाता है तो अक्सर मैच विजेता खिलाड़ी साबित होता है।

### इम्पैक्ट प्लेयर नियम ने बढ़ाई बल्लेबाजी की गति

फ्लेमिंग ने बल्ले और गेंद के बीच बेहतर संतुलन बनाए रखने की भी अपील की और कहा कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम ने खेल को बल्लेबाजी के पक्ष में झुका दिया है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि इस प्रतियोगिता में विशेष रूप से इम्पैक्ट प्लेयर नियम की बहुत बड़ी भूमिका है। मुझे नहीं पता कि यह कब तक रहेगा, लेकिन यह निश्चित रूप से क्रिकेट की गति को प्रभावित करता है। इससे खेल कुछ हद तक बल्लेबाजों के पक्ष में झुक गया है। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की 11 गेंदों पर खेली गई 39 रन की पारी ने 210 रन की लक्ष्य का पीछा कर रही पंजाब किंग्स को अच्छी शुरुआत दिलाई।